# हरिभूमि

जबलपुर
गुरुवार, 22 मई 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com













## खबर संक्षेप

### सूटकेस में महिला का शव मिलने से सनसनी

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु में बुधवार को एक सूटकेस में महिला के शव मिलने से सनसनी मच गई।



आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या की गई है। यह सूटकेस पुराने चंदपुरा पुल के पास मिला। पुलिस को शक है कि चलती ट्रेन से सूटकेस फेका गया है। पुलिस अधिकारी ने इस मामले पर कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि महिला की हत्या कहीं और की गई थी और शव को सूटकेस में भरकर चलती ट्रेन से फेंक दिया गया था। शव के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला है जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है।

### वैन पलटी, 3 महिलाओं की मौत, 7 हुए घायल

**कटनी।** तेज रफ्तार ईको वैन पलटने से हुए हादसे में मां-बेटी समेत 3 महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। दो ने मौके पर जबकि एक महिला ने अस्पताल में दम तोड़ा। हादसे में ड्राइवर समेत 7 लोग घायल हैं। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में खमतरा गांव के पास विलायतकला-स्लीमनाबाद मार्ग की है। खमतरा गांव के रहने वाले लोग बुधवार दोपहर करीब तीन बजे ढीमरखेड़ा से चौक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में शिवानी बर्मन, फूलबाई बर्मन और रानी बर्मन की मौत हो गई।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित 60 प्रतिभागियों को किया सम्मानित

# एक चाय वाला आज पीएम, गाय वाला आपके सामने बोल रहा है, यह भारत के लोकतंत्र की ही 'खूबसूरती'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुभाष चंद्र बोस ने आईसीएस 23 साल की उम्र में पास कर प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया था। एक चाय वाला आज पीएम है, एक गाय वाला आपके सामने बोल रहा है। यह भारत के लोकतंत्र की ही खूबसूरती है।

आप सब आगे बढ़ें लेकिन अपनी अतीत का न भूलें, अपनी जड़ों से जुड़े रहें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में कही। डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा बुधवार को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण मध्यप्रदेश के 60 प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह तथा भारतीय ज्ञान परंपरा पुस्तक की प्रति भेंट कर सम्मानित किया। कुल 60 प्रतिभागियों में से 15 युवतियां हैं। इस अवसर पर सीएम ने ई-ज्ञान सेतु का शुभारंभ किया। इसके जरिए यूट्यूब व अन्य प्लेटफार्म पर बच्चों को स्टडी मटेरियल ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें ऑनलाइन कोर्स, वीडियो ट्यूटोरियल और अन्य सामग्री शामिल हैं। ई-ज्ञान सेतु पर मेडिकल से लेकर इंजीनियरिंग व बिजनेस से जुड़े स्टडी मटेरियल उपलब्ध होंगे। इसके लिए भोपाल व इंदौर समेत प्रदेश के 10 जिलों में डिजिटल स्टूडियो तैयार किए गए हैं।

*इस अवसर पर सीएम ने ई-ज्ञान सेतु का शुभारंभ किया। इसके जरिए यूट्यूब व अन्य प्लेटफार्म पर बच्चों को स्टडी मटेरियल ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें ऑनलाइन कोर्स, वीडियो ट्यूटोरियल और अन्य सामग्री शामिल हैं*

- कुल 60 प्रतिभागियों में से 15 युवतियां
- ई-ज्ञान सेतु के लिए भोपाल व इंदौर समेत प्रदेश के 10 जिलों में डिजिटल स्टूडियो तैयार किए गए



सीएम ने कहा कि मुझे बताया गया कि इस बार बच्चों की संख्या इतनी बढ़ गई कि मंच छोटा पड़ गया। मेरी तो कामना है कि प्रदेश से इतने प्रतिभागी हों कि मंच के आगे की जगह भी कम पड़ जाए

आगे बढ़ें लेकिन अपनी अतीत का न भूलें अपनी जड़ों से जुड़े रहें

### नेताजी ने तोड़ा अंग्रेजों का घमंड व टॉप आने पर नौकरी को मारी लात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेजों के भारत में जब पाकिस्तान, बंगलादेश, भूटान समेत अन्य देश एक होते थे, उस समय आईसीएस होती थी। उस एग्जाम में अंग्रेजों को घमंड था कि हम बहुत महान हैं। हमारे खून में विशेष गुण हैं। वो भूल गए थे कि यह सत्ता सुख, राज्य और अधिकार, इससे आगे भी और कुछ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतवासियों की योग्यता को सिद्ध करने के लिए ही उन्होंने आईसीएस की परीक्षा दी और उसमें सफलता प्राप्त कर अंग्रेजों का घमंड तोड़ा। उन्होंने एग्जाम के रिजल्ट में टॉप सूची में आने के बाद उस नौकरी को लात मार दी थी।

#### अधिकांश सरकारी स्कूलों-कॉलेज से निकलने वाले बच्चे, यह हमारे लिए गर्व की बात



*मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपीएससी में आज तक के सारे रिकॉर्ड टूटे हैं। मुझे बताया गया कि इस बार बच्चों की संख्या इतनी बढ़ गई कि मंच छोटा पड़ गया। मेरी तो कामना है कि प्रदेश से इतने प्रतिभागी हो कि मंच के आगे की जगह भी कम पड़ जाए। अधिकांश सरकारी कॉलेज और सरकारी स्कूल से निकलने वाले बच्चे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। सरकारी स्कूल, सरकारी कॉलेज, अभावों की उस पराकाष्ठा के बीच से निकले हैं।*

#### देश की धड़कनों में मध्यप्रदेश की आहट होनी चाहिए

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का दिल है, और देश की धड़कनों में मध्यप्रदेश की आहट होनी चाहिए। यह प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा, योग्यता और दक्षता से ही संभव है। प्रदेश के यह युवा, देश की अलग-अलग सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और पूरा देश हमारे प्रदेश के प्रभाव का अनुभव करेगा। डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य और लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की न्यायप्रियता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता के उद्धरण देते हुए अभ्यर्थियों से अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जनसामान्य के प्रति संवेदनशील, जनकल्याण के लिए सक्रिय और लोकहित के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

### पूर्व विधायक के एटीएम का क्लोन बनाया

# 6.83 लाख उड़ाए, भोपाल में 54 ट्रांजेक्शन हुए, जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल की अरेरा कॉलोनी में रहने वाले भाजपा के पूर्व विधायक रामकिशन चौहान के एटीएम का क्लोन बनाकर खाते से 6.83 लाख रुपए उड़ाने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई। चौहान भोजपुर विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। पंजाब नेशनल बैंक में उनका खाता है। 5 मई को उनके बैंक खाते से 92 रुपए के ट्रांजेक्शन होने का मैसेज आया था। इसके बाद वह बैंक पहुंचे और उन्होंने खाते की डिटेल निकाली। इसमें पता चला कि 2 फरवरी से 1 मई के बीच 54 बार हुए ट्रांजेक्शन के माध्यम से 6 लाख 83 हजार रुपए निकाले गए हैं। तब उन्होंने लिखित शिकायत की।

- एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जा रहे



### बोलीं-यह भारत है, मैं हिंदी ही बोलूंगी

# स्टेट बैंक की महिला ब्रांच मैनेजर का कन्नड़ बोलने से किया इनकार

एजेंसी ⏭ बेंगलुरू

कर्नाटक में एक बार फिर भाषा को लेकर विवाद सामने आया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की महिला ब्रांच मैनेजर ने अपने एक ग्राहक के साथ स्थानीय भाषा कन्नड़ में बात करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों के बीच भाषा को बहस हो गई। उन्होंने कहा कि यह भारत है। मैं हिंदी ही बोलूंगी। कन्नड़ समर्थक समूहों ने एसबीआई से महिला कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने महिला ब्रांच मैनेजर की आलोचना करते हुए कहा कि सभी को स्थानीय भाषा का सम्मान करना चाहिए। राजधानी बंगलूरू के सूर्य नगर में एसबीआई की महिला ब्रांच मैनेजर का स्थानीय कन्नड़ और अंग्रेजी में बात करने से इनकार करना और नागरिकों के प्रति उपेक्षा दिखाना, बहुत निंदनीय है।

- सिद्धारमैया बोले- स्थानीय भाषा का हो सम्मान



### यू-ट्यूबर ज्योति से पूछताछ के लिए उज्जैन पुलिस हिसार पहुंची

**उज्जैन।** उज्जैन एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी टीम यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ करने हिसार पहुंच गई है। ज्योति पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध होने और पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है। 2024 में ज्योति उज्जैन-इंदौर भी आई थी। उसके उज्जैन आने को लेकर एसआईटी के पांच पुलिस अधिकारी बुधवार को पूछताछ करने हिसार पहुंचे हैं।भारत पाकिस्तान के बढ़ते तनाव के बाद जांच एजेंसियों के निशाने पर अब वे लोग है जो भारत में रहकर पाकिस्तान की मदद कर रहे थे। जांच एजेंसियों ने यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की लग्जरी लाइफस्टाइल, पाकिस्तान की यात्रा और फंडिंग को लेकर भी जांच शुरू कर उससे पूछताछ कर रही है। इधर ज्योति के सन 2024 में उज्जैन आने की बात सामने आई। ज्योति उज्जैन आने के वीडियो यु ट्यूब पर शेयर किये थे। इसको लेकर अब उज्जैन पुलिस भी इस बात का पता लगाने में लगी है कि ज्योति यहां आई थी तो उसका मकसद क्या था। बुधवार को पांच सदस्य टीम हिसार पहुंच चुकी है। अब जल्द ही टीम ज्योति से उज्जैन आने के मकसद का पता लगाएगी। एडिशनल एसपी नितेश भार्गव ने बताया कि एसआईटी में दो महिला पुलिसकर्मी सहित पांच सदस्य हिसार पहुंच चुके हैं। वे जल्द ही ज्योति मल्होत्रा से पूछताछ करेंगे।

पांच सदस्यीय टीम में महिला पुलिसकर्मी भी






**हादसा** बुधवार दोपहर 3.30 बजे भोपाल से रीवा जा रही थी वंदे भारत एक्सप्रेस

हादसे के बाद एक घंटे 29 मिनट खड़ी रही गाड़ी

# पलटने से बची वंदे भारत, ट्रेन पर गिरी पुल से लोहे की रॉड, सी-3 और सी-7 कोच की खिड़कियां टूटीं

### कुछ समय के लिए पूरे रेलखंड पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल से रीवा जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस बुधवार शाम ओबेदुल्लागंज स्टेशन के पास पलटते-पलटते बाल-बाल बच गई।

यह घटना ओबेदुल्लागंज स्टेशन के पास उस समय हुई, जब एक निमार्णाधीन पुल से भारी लोहे की रॉड चलती ट्रेन पर गिर गई। लोहे की राड सीधे ट्रेन से टकराई, जिससे कोच सी-3 और सी-7 की खिड़कियां टूट गई।



टेक्निकल टीम ने चेक कर किया रवाना

#### यात्रियों में मची दहशत

*अचानक ब्रेक लगने से सफर कर यात्री दहशत में आकर डर गए। हालांकि, किसी को किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। ट्रेन की खिडकयों के कांच जरूर टूट गए हैं। ये भी बताया जा रहा है कि ब्रिज की निर्माण सामग्री पर ढंका तिरपाल तेज हवा और आंधी से उडकर ओएचई लाइन पर लिपट गया। लोहे की रॉड गिरने से ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक वायर) भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे कुछ समय के लिए पूरे रेलखंड पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।*

### मिसरोद और रानी कमलापति से पहुंची राहत व तकनीकी टीम


*सूचना मिलते ही रेलवे की राहत व तकनीकी टीम मिसरोद और रानी कमलापति स्टेशन से मौके पर पहुंची। टीम ने लोहे की रॉड को हटाया और ओएचई लाइन की मरम्मत शुरू की। रेलवे इंजीनियरों ने निमार्णाधीन पुल की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की। घटना के कारण रेल मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। वंदे भारत एक्सप्रेस की मरम्मत के बाद उसे गंतव्य के लिए रवाना किया गया। अन्य ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू की गई।*

**भारतीय रेलवे ने 1300 से अधिक स्टेशनों के कायाकल्प की शुरुआत की**

### मप्र के छह रेलवे स्टेशनों का पीएम वर्चुअल शुभारंभ करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत करेंगे। इसमें मध्य प्रदेश के छह स्टेशन- कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शाजापुर, सिवनी और ओरछा शामिल हैं। भारतीय रेलवे ने 1300 से अधिक स्टेशनों के कायाकल्प की शुरुआत की है। इनमें से 103 स्टेशन अभी बनकर तैयार हुए हैं। उनमें मध्य प्रदेश के छह स्टेशनों- कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शाजापुर, सिवनी और ओरछा का 86 करोड़ से अधिक की लागत से विकास किया गया है। इन स्टेशनों में सौंदर्य, सुविधा और संस्कृति तीनों का समन्वय है। इन स्टेशनों पर भव्य प्रवेश द्वार, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





राजभवन के सामने का दृश्यः दोपहर साढ़े 3 बजे

### भोपाल, छिंदवाड़ा सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में आंधी बारिश से पारा थमा

# तपिश के बीच हुआ 'लवली मौसम'

### खजुराहो में सर्वाधिक पारा 46 और नौगांव में 45.2 डिग्री रहा

## चार जिलों में मटर से बड़े आकार के ओले गिरे

## खजुराहो- नौगांव में लू, दो दिन बाद और बढ़ेगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को राजधानी सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। चार जिलों में मटर से बड़े आकार के ओले गिरे। शाम तक आधे प्रदेश में आंधी बारिश तो शेष जिलों में गर्मी- उमस परेशान करती रही। इस बीच खजुराहो और नौगांव में लू चली। खजुराहो में सर्वाधिक पारा 46 और नौगांव में 45.2 डिग्री रहा है। गुरुवार को आधा दर्जन से अधिक जिलों में लू का असर रहेगा। बुधवार को अधिकांश जिलों के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं रहा। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को भी एक तिहाई से अधिक में मौसम बदला रहेगा।

**आज आठ जिलों में चलेगी लू**

### कई जगह टीन शेड उड़े, बिजली रही गुल

रायसेन में 50 किलोमीटर की रफ्तार से चली आंधी के चलते कई दुकानों और घरों के टीन शेड उड़ने की खबर है। यहां 50 से अधिक बिजली के खंभों को भी नुकसान बताया गया है। इधर, भोपाल में दोपहर करीब 2.30 से 5 बजे के बीच 50 किमी तक रफ्तार की हवाओं में कुछ पेड़ों की टहनियां बिजली लाइनों पर गिरने से कुछ क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बाधित रही है।



### आज यहां बदला रहेगा मौसम

बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, अनुपपुर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा जिलों में आंधी के साथ बारिश होगी। कुछ जगह ओले भी गिरेंगे।

### यहां चलेगी लू, बढ़ेगा पारा

गुरुवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में लू का असर रहेगा। यहां तेज धूप के असर से पारा बढ़ेगा। दोपहर बाद मौसम में बदलाव संभव है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### सबसे बड़ा प्रहार

### नारायणपुर और बीजापुर इलाके में नक्सलियों पर सुरक्षा बलों के जवान प्रलय बनकर टूटे

# 'अंत' की ओर 'लाल आतंक'

## 27 नक्सली ढेर, डेढ़ करोड़ का इनामी खूंखार नक्सली बसव भी मारा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर (छग)

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में अब तक 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद होने की खबर है। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है।


माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। करीब 27 नक्सलियों के मारे जाने खबर सामने आ रही है, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है।

### गृहमंत्री शाह ने बताई ऐतिहासिक उपलब्धि

इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

1. नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों की डीआरजी की संयुक्त टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया
2. पिछले एक साल में सुरक्षा बलों ने 400 से ज्यादा नक्सलियों को मौत के घाट उतारा
3. कई नक्सलियों के शव और भारी संख्या में हथियार बरामद मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है
4. मुठभेड़ में एक जवान का बलिदान और एक जवान घायल, बाकी सभी जवान हैं सकुशल

### यह पहली बार जब इतना कुख्यात नक्सली मारा गया



शीर्ष नक्सली नेता-सीपीआई-माओवादी महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू के मारे जाने पर अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में पहली बार महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।





### सफल ऑपरेशन पर गर्व : साय

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर लगातार कामयाबी मिल रही है। इस सफल ऑपरेशन के लिए उन्होंने जवानों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस साहस पर हमें गर्व है।

### विस अध्यक्ष रमन सिंह ने जांबाज जवानों को दी बधाई

नारायणपुर में चल रहे ऑपरेशन में मारे गए 27 नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मैं इस बड़े ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं। इस ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी के घायल होने के अलावा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मैं केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और विजय शर्मा को भी बधाई देता हूं।



### कौन है डेढ़ करोड़ का इनामी बसव राजू

## इंजीनियरिंग की डिग्री गुरिल्ला युद्ध में महारथ



नक्सली राजू कई नक्सली हमलों को अंजाम दे चुका था। इनमें पुलिसकर्मियों और नागरिकों की हत्या, खनन कंपनियों से उगाही और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाना शामिल है। सबसे बड़ा हमला सुकमा और दंतेवाड़ा नक्सली हमला था। 2010 के दंतेवाड़ा हमले में 75 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। इसमें उसका ही हाथ था।

**2018** में बसव राजू को नक्सल संगठन की कमान सौंपी गई थी। बसवा राजू का असली नाम नंबाला केशव राव है। उसे गगन्ना, प्रकाश और बीआर के नाम से भी जाना जाता है। उसके पिता का नाम वासुदेव राव है और वह काफी उम्रदराज है। उसकी उम्र करीब 75 साल के आसपास बताई जा रही है। उसने बीटेक की पढ़ाई की थी वह आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम का रहने वाला था। वसवा राजू खूंखार नक्सली था। वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का सीनियर कैडर था और दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी का चीफ था। राजू छत्तीसगढ़, ओडिशा से लेकर आंध्र प्रदेश की सीमाओं पर सक्रिय था।

### खबर संक्षेप

#### पीएम मोदी आज राजस्थान के दौरे पर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आप राजस्थान का दौरा करेंगे। वे बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद सुबह करीब 11:00 बजे प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

#### दो बसें भिड़ीं, चालक गंभीर, 23 घायल



**कटनी।** सिलौंडी कछार गांव मोड़ के पास बुधवार को दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा बरिया मोड़ के पास हुआ। टक्कर में दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। एक बस सिलौंडी से जा रही थी, जबकि दूसरी कटनी की ओर से आ रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

#### इनामी बदमाश मोहर और महेंद्र गिरफ्तार



**गुना।** जिले में सक्रिय मोस्ट वांटेड अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। हत्या, बलवा, लूट, डकैती और अन्य गंभीर अपराधों में वांछित चल रहे 30,000 के इनामी बदमाश मोहर सिंह पारधी और 5,000 के इनामी आरोपी महेंद्र पारधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा।

तनेजा को 2024 में मिले 1,160 करोड़

### सीएफओ तनेजा ने उठाई सबसे 'भारी भरकम' सैलरी




■ वैभव तनेजा टेस्ला के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के कार्यकारी अधिकारी वैभव तनेजा, जो टेस्ला के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) हैं को साल 2024 में कुल 139.5 मिलियन डॉलर यानी लगभग 1,160 करोड़ की भारी-भरकम सैलरी मिली। यह किसी भी सीएफओ के लिए अब तक की सबसे अधिक सैलरी मानी जा रही है जो सुंदर पिचाई और सत्या नडेला से भी अधिक है।

फिल्म मेकिंग में नई क्रांति

### गूगल ने लॉन्च किया नया एआई वीडियो टूल



■ हॉलीवुड ने एआई टूल्स से बना डाली दो फिल्में

**नई दिल्ली।** गूगल ने अपनी वार्षिक डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में एक नया और शक्तिशाली एआई वीडियो जेनरेटर फ्लो लॉन्च किया है। इसे खासतौर पर फिल्म निर्माण और क्रिएटिव वीडियो प्रोडक्शन के लिए तैयार किया गया है। यह मॉडल्स वीओ, इमेजिन और जेमिनी को एक मंच पर लाकर क्रिएटर्स को बिना भारी भरकम टीम और टूल्स के सिनेमा-स्तर के सीन तैयार करने है।

कृषि मेले की तैयारी के लिए जरूरी थी मौजूदगी

### कलेक्टर से इंजीनियर बोले मैं नशे में हूं नहीं आ सकता



■ जल्द हो सकता है प्रकरण दर्ज जवाब मांगा

**नरसिंहपुर।** जिले में पदस्थ कुछ उच्च अधिकारी अब प्रशासनिक अनुशासन को दरकिनार कर मनमानी पर उतर आए हैं। जिला प्रशासन के आदेशों को नजरअंदाज कर, ड्यूटी समय में शराब पीना और अधिकारियों के निर्देशों को खुलेआम ठुकराना अब आम होता जा रहा है। इसी लापरवाही का ताजा उदाहरण लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अरनव गुहा का सामने आया है, जिन्होंने कलेक्टर के बुलावे पर कृषि मेले की तैयारियों की बैठक में शामिल होने से यह कहकर इनकार कर दिया कि वे शराब के नशे में हैं।

### ऑपरेशन सिंदूरः दो डेलिगेशन विदेश रवाना

## 17 सांसद 9 देशों को बताएंगे पहलगाम हमले में पाक समर्थित आतंकी संगठन शामिल था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व वाला डेलिगेशन दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुआ। ये दल जापान, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर का दौरा करेगा।

ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा जा रहा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय (डेलिगेशन) में बंटे हैं।

**पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देशों में भेजा जा रहा**



#### ये भी जाएंगे

- बैजयंत पांडा सहित 8 सदस्य
  सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, अलजीरिया
- रविशंकर प्रसाद सहित 8 सदस्य
  यूके, फ्रांस,जर्मनी, ईयू, इटली, डेनमार्क।

### मध्यप्रदेश हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## अब वेटरनरी डॉक्टर भी 65 वर्ष की उम्र में रिटायर होंगे

**अब तक एलोपैथी व आयुष चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि एलोपैथी व आयुष चिकित्सकों की तरह वेटरनरी डॉक्टरों को भी 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति दी जाए। कोर्ट ने सरकार को इस संबंध में आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ कोर्ट ने उस गजट नोटिफिकेशन के पूर्व में किए गए संशोधन को असंवैधानिक



घोषित कर दिया, जिसमें केवल एलोपैथी व आयुष चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष की थी।

याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी डॉ. केदार सिंह तोमर व अन्य जिलों में कार्यरत वेटरनरी सर्जनों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केसी घिल्डियाल व सुयश मोहन गुरु ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि एलोपैथी व आयुष डॉक्टरों की तरह वेटनरी चिकित्सकों की सेवाएं एक समान हैं, इसलिए सरकार इस तरह का भेदभाव नहीं कर सकती। याचिकाकर्ताओं ने 1983 से 1988 के बीच वेटरनरी सेवा ज्वॉइन की है। एलोपैथी व आयुष डॉक्टर मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत हैं, जबकि याचिकाकर्ता पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत कार्यरत हैं।

### केंद्र सरकार की सुप्रीम कोर्ट में दलील : मुस्लिम पक्ष द्वारा अपनी दलीलें पेश करने के एक दिन बाद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें पेश की

# वक्फ इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं, सिर्फ दान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं, बल्कि सिर्फ एक दान की प्रक्रिया है। जैसे ईसाई धर्म में चैरिटी, हिंदू धर्म में दान और सिख धर्म में सेवा की परंपरा होती है, वैसे ही वक्फ है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि वक्फ बोर्ड सिर्फ धर्मनिरपेक्ष कामकाज करते हैं, जबकि मंदिर पूरी तरह धार्मिक संस्था होते हैं और उनका प्रबंधन मुस्लिम व्यक्ति भी संभाल सकता है। मुस्लिम पक्ष द्वारा अपनी दलीलें पेश करने के एक दिन बाद अपनी दलीलें पेश करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वक्फ-बाय-यूज़र (यानी लंबे समय तक धार्मिक उपयोग के आधार पर किसी ज़मीन को वक्फ घोषित करना) का प्रावधान अब नए कानून में हटा दिया गया है।

**किसी को भी सरकारी ज़मीन पर स्थायी अधिकार नहीं मिल सकता। सरकार ऐसी ज़मीन को पुनः प्राप्त कर सकती है, चाहे वह वक्फ घोषित कर दी गई हो**




**सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि हमें 96 लाख सुझाव मिले संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 36 बैठकें हुईं**

#### कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की राय का दावा नहीं कर सकते

केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि अगर कोई संपत्ति सरकारी हो और उसे वक्फ-बाय-यूज़र के तहत घोषित किया गया हो, तो सरकार उसे वापस लेने का कानूनी अधिकार रखती है। यह कोई मौलिक अधिकार नहीं है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 1923 से चली आ रही वक्फ से जुड़ी समस्याएं अब नए कानून से हल की गई हैं। लिहाजा, अब हर पक्ष की बात सुनी गई है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि हमें 96 लाख सुझाव मिले। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 36 बैठकें हुईं। कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की राय का दावा नहीं कर सकते।

#### केंद्र ने सुनवाई 3 मुद्दों पर सीमित रखने की मांग की है

- वक्फ-बाय-यूज़र सिद्धांत
- वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति
- सरकारी ज़मीन को वक्फ घोषित करने की प्रक्रिया

#### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

***अंतरिम राहत के लिए आपको एक बहुत मजबूत और स्पष्ट मामला बनाना होगा***

*सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि संसद से पारित किसी भी कानून को संवैधानिक माना जाता है, जब तक कि उसके खिलाफ कोई बहुत ही स्पष्ट और गंभीर मामला पेश न किया जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस कर रहे सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल जब अपनी दलीलें शुरू कीं, तो सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि हर कानून के पक्ष में संवैधानिकता की धारणा होती है।*

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में
## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन


जिसमें शामिल हैं
## मध्य प्रदेश के 6 अमृत स्टेशन


शाजापुर


नर्मदापुरम


कटनी साउथ


श्रीधाम


सिवनी


ओरछा

**लाभ**

- सिटी सेंटर के रूप में विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री
## नरेन्द्र मोदी
के कर कमलों द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई छ. पटेल**
राज्यपाल, मध्य प्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें  www.indianrailways.gov.in  हमें फॉलो करें /RailMinIndia

## चिंतन

# सरकार के प्रयास रंग लाए दम तोड़ रहा नक्सलवाद

पिछले छह दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब खत्म होने के कगार पर है। इन छह दशकों के दौरान नक्सलवाद ने न केवल देश को आर्थिक नुकसान पहुंचाया बल्कि समानांतर सरकारें भी चलाई। नक्सलवाद प्रभावित जिलों में उनकी हुकूमत चलती थी। वहां केंद्र व राज्य सरकार का कोई असर नहीं दिखता था। नक्सलियों का फरमान ही अंतिम आदेश होता था जिसे लोग मानने को मजबूर थे। एक समय था जब देश के 38 जिले पूरी तरह से नक्सलवाद के शिकंजे में थे। अब जिलों की संख्या घटकर 6 हो गई है। वर्ष 2004 से 2014 तक देश में नक्सलवाद से जुड़ी 16,463 हिंसक घटनाएं हुई थीं। लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसमें 53 प्रतिशत कमी आई है। वर्ष 2004 से 2014 तक विभिन्न नक्सली हमलों और नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 1851 सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। लेकिन पिछले 10 सालों में सुरक्षाबलों के हताहत होने की संख्या 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई है। वहीं 2004 से 14 के बीच नक्सली हमलों में 4,766 नागरिकों की मौत हुई थी। 2014 से 2024 के बीच यह आंकड़ा 70 प्रतिशत घटकर 1495 रह गया है। अब तो परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। कई बड़े-बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। वर्ष 2025 में अब तक 148 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। बुधवार को ही छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हो गया है। महज एक सप्ताह पहले ही ऑपरेशन कर्रेगुट्टा के तहत छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल थे। संदेश साफ है कि अब सरकार किसी भी सूरत में नक्सलवाद को सहन करने को तैयार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण एक तरफ जहां नक्सलियों पर दबाव बढ़ा है वहीं उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास की योजनाएं प्रारंभ होने से उन्हें मिलने वाला जन समर्थन समाप्त हो गया है। इससे आने वाले समय में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति व्याप्त होगी, जो सरकार व आमजन की एक बड़ी जीत होगी। बस जरूरत इस बात की है कि नक्सलियों पर कसा गया शिकंजा कमजोर न होने पाए और विकास का पहिया तेज रफ्तार से चलता रहे।



## अटल पेंशन योजना

सतीश सिंह

# सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का दायरा बढ़ा

अटल पेंशन योजना के 10 साल पूरे हो गए हैं। इस योजना का आगाज 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। यह योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को वृद्धावस्था में आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की पहल है। इसके तहत 60 साल की उम्र पूरा होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन दी जाती है। बीते 10 सालों में इस योजना के नाम कई उपलब्धियां रही हैं। समग्र रूप से कह सकते हैं कि अटल पेंशन योजना ने असंगठित क्षेत्र के करोड़ों लोगों को बुढ़ापे में आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, महिलाओं के सशक्तिकरण में भी यह योजना महती भूमिका निभा रही है।

आठ मई 2025 को अटल पेंशन योजना के 10 साल पूरे हो गए। इस योजना का आगाज 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। यह योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को वृद्धावस्था में आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की पहल है। इसके तहत 60 साल की उम्र पूरा होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन दी जाती है। बीते 10 सालों में इस योजना के नाम कई उपलब्धियां रही हैं। अटल पेंशन योजना के लिए 18 से 40 साल उम्र के सभी भारतीय, जो आयकर के दायरे में नहीं आते, पात्र हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति का बचत खाता, आधार कार्ड और एक्टिव मोबाइल नंबर होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति 1,000 रुपये या 2,000 रुपये या 3,000 रुपये या 4,000 रुपये या 5,000 रुपये के पेंशन का विकल्प चुन सकता है। इस योजना के तहत योगदान की गई राशि आयकर की धारा 80 सीसीडी के तहत कर छूट के योग्य है।

अटल पेंशन योजना के तहत 60 साल उम्र पूरी होने पर हर महीने 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की पेंशन राशि चुने गए विकल्प के अनुसार दी जाती है। 18 साल से 40 साल तक का व्यक्ति इस योजना हेतु अपना नामांकन करवा सकता है। पेंशन का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को कम से कम 20 साल तक निवेश करना होगा या 60 वर्ष की उम्र पूरी होने तक निवेश करना होगा। अगर इस योजना का विकल्प चुनने वाले की उम्र 40 वर्ष है तो वह 60 वर्ष की उम्र यानी 20 साल तक निर्धारित राशि की किस्त जमा करेगा। वहीं,अगर उसकी आयु 18 वर्ष है तो वह 42 साल तक पेंशन पाने के लिए निर्धारित राशि की किस्त जमा करेगा। इस योजना के अंतर्गत आपके निवेश की राशि इस बात पर निर्भर करती है कि आप 60 साल की उम्र पूरी होने के बाद कितनी राशि पेंशन के रूप में प्राप्त करना चाहते हैं। 1 हजार रुपये से 5 हजार तक प्रतिमाह पेंशन पाने के लिए 18 साल के इच्छुक व्यक्ति को 42 साल तक 210 रुपये प्रतिमाह पेंशन फंड में जमा करना होगा। वहीं, यदि कोई व्यक्ति 40 साल की उम्र में इस योजना का विकल्प चुनता है तो उसे 291 रुपये से लेकर 1,454 रुपये तक प्रतिमाह पेंशन फंड में राशि निवेश करनी होगी। पेंशन फंड में जमा मासिक किस्त के अनुरूप इच्छुक व्यक्ति को 60 साल की उम्र पूरी होने पर 1,000 रुपये से 5,000 रुपये तक की पेंशन प्रति माह मिलेगी। अगर 18 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 42 रुपये जमा करेगा तो उसे 60 साल के बाद हर महीने 1,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 84 रुपये जमा करेगा तो 2,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 126 रुपये जमा करेगा तो 3,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 168 रुपये जमा करेगा तो 4,000 रुपये पेंशन मिलेगी और अगर 210 रुपये जमा करेगा तो 5,000 रुपये पेंशन मिलेगी। अगर 40 साल का कोई व्यक्ति हर महीने 291 रुपये जमा करेगा तो उसे 60 साल के बाद हर महीने 1,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 582 रुपये जमा करेगा तो उसे 2,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 873 रुपये जमा करेगा तो 3,000 रुपये पेंशन मिलेगी, अगर 1,164 रुपये जमा करेगा तो 4,000 रुपये पेंशन मिलेगी, और अगर 1,454 रुपये जमा करेगा तो 5,000 रुपये पेंशन मिलेगी। बता दें कि 19 वर्ष से 39 वर्ष उम्र वाले लोगों के लिए पेंशन राशि के अनुरूप जमा की जाने वाली राशि अलग-



अलग होगी और इसकी जानकारी ऑनलाइन या बैंक जाकर प्राप्त की जा सकती है। अटल पेंशन योजना के तहत मासिक के अलावा निवेशक त्रैमासिक या छमाही आधार पर भी निवेश कर सकते हैं। बैंक में खाते से ऑटो-डेबिट की रजामंदी देने के बाद चयनित राशि खाते से स्वतः डेबिट होकर पेंशन खाते में जमा हो जाएगी। अगर पेंशन का विकल्प चुनने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके जीवनसाथी को पेंशन का भुगतान किया जाएगा और अगर पेंशनर और जीवनसाथी दोनों की मृत्यु हो जाती है तो 60 साल की आयु तक जमा की गई पेंशन राशि नॉमिनी को वापस कर दी जाएगी। वहीं, अगर 60 साल से पहले पेंशन ग्राहक की मृत्यु होती है तो उसका जीवनसाथी अटल पेंशन योजना खाते में योगदान जारी रख सकता है। ग्राहक का पति या पत्नी वही पेंशन राशि प्राप्त करने का हकदार होगा जो ग्राहक को निर्धारित समय के बाद मिलनी थी। हालांकि, वह अटल पेंशन योजना खाते में जमा की गई पूरी राशि की निकासी भी कर सकता है।


अटल पेंशन योजना का खाता खोलना अब बेहद ही आसान हो गया है। अगर आप भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक हैं और आपने इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा ले रखी है तो आपको अटल पेंशन योजना खाते को खुलवाने के लिए बैंक के किसी शाखा में जाने की जरूरत नहीं है। अटल पेंशन योजना के लिए बचत खाता होना जरूरी है, मासिक किस्त जमा करने की तारीख पहली किस्त जमा करने की तारीख के आधार पर निर्धारित होती है। अटल पेंशन योजना में नॉमिनी रखना भी जरूरी है, कोई भी व्यक्ति अटल पेंशन योजना का सिर्फ एक खाता खोल सकता है, अगर मासिक किस्त के लिए खाते में पैसे नहीं हैं तो निवेशक को जुर्माना देना होता है। मई 2015 से अप्रैल 2025 तक, 7.65 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने इस योजना के लिए अपना नामांकन करवाया है। सरकार द्वारा समर्थित इस पेंशन योजना का उद्देश्य भारत के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराना है। सिर्फ वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इस योजना से 1.17 करोड़ नये ग्राहक जुड़े, जबकि उसके पिछले 2 सालों में इस योजना से 1 करोड़ से अधिक लोग जुड़े थे। ये आंकड़े बताते हैं कि लोगों का भरोसा इस योजना पर बढ़ा है और देश में सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का दायरा भी बढ़ा है। इस योजना के तहत 44,780 करोड़ रुपयेकी राशि जमा की गई है और उसपर 9.11% का आकर्षक वार्षिक प्रतिफल मिला है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इस योजना से जुड़े लोगों में महिलाओं की भागीदारी लगभग 55% रही,जो महिलाओं में बढ़ती जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। उत्तरप्रदेश ने मामले में उम्दा कार्य किया है। यहाँ से इस योजना से 1.25 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। इतना ही नहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तरप्रदेश में निर्धारित लक्ष्य से अधिक 104.22% लोग इस योजना से जुड़े। हालांकि, कुछ राज्यों जैसे, पंजाब में 20.4% लोगों ने इस योजना में योगदान करना बंद कर दिया है, जिसका कारण उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति रही थी। समग्र रूप से कह सकते हैं कि अटल पेंशन योजना ने असंगठित क्षेत्र के करोड़ों लोगों को बुढ़ापे में आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही, महिलाओं के सशक्तिकरण में भी यह योजना महती भूमिका निभा रही है। इसके समक्ष परिचालन से जुड़ी हुई कुछ चुनौतियां जरूर बरकरार हैं,लेकिन बुढ़ापे में मिलने वाली आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा,सरकारी समर्थन और अन्य लाभों की वजह से ग्रामीण, कस्बाई और शहरी इलाकों के असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के बीच इस योजना की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।

(लेखक एसबीआई गांधीनगर में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## कृषि

रवि शंकर



# बेहतर मानसून से किसानों को मिल सकेगी राहत

मौसम विभाग ने 2025 के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक और राहत प्रदान करने वाली भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के मुताबिक बीते छह सालों की तुलना में इस साल का मानसून भारत में समय से पहले दस्तक दे सकता है। दरअसल, आईएमडी ने 27 मई को केरल में मानसून के प्रवेश करने की संभावना जताई है। इसका अर्थ है कि इस बार औसत से लगभग 105 फीसदी वर्षा होने का अनुमान है। यह शुभ समाचार कृषि प्रधान क्षेत्रों के लिए एक नई आशा की किरण लेकर आया है, जहां खेती मुख्य रूप से वर्षा पर ही निर्भर करती है। अगर मौसम विभाग की भविष्यवाणी यदि सही होती है तो ये देश की अर्थव्यवस्था से लेकर खेती-किसानी के लिए रामबाण हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर बारिश से किसानों को बुवाई का सही समय मिलेगा, जिससे फसल उत्पादन में सुधार हो सकता है। इससे ग्रामीण मांग में भी सुधार आएगा जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद करेगी। साथ ही, जलाशयों, नहरों और भूजल स्त्रोतों को रिचार्ज करने में यह बारिश अहम भूमिका निभाएगी। मालूम हो, भारत में हर साल करोड़ों किसान मानसून की पहली फुहार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। अच्छी बारिश का असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे कुछ खास खाद्य पदार्थो के दाम घट सकते हैं। चावल, बाजरा, रागी, अरहर, मूंगफली, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि खरीफ फसलें हैं और इनका उत्पादन अधिकतर अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। इनकी बुवाई जून-जुलाई से शुरू होती है। ऐसे में मानसून के दौरान अच्छी बारिश खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ा सकती है, जिससे महंगाई पर कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सकता। महंगाई घटेगी तो पूरी इकोनॉमी को इसका फायदा मिलेगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है। एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 14 है। वहीं, मानसून में होने वाली बारिश देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी जरूरी है। मालूम हो, कि खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। इससे पूरी आर्थिक एक्टिविटी गड़बड़ा जाती है। मानसूनी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ होता है। साथ ही रबी सीजन यानी सर्दियों में बोई जाने वाली फसलों के लिए भी मिट्टी को नमी मिल जाती है। जब वर्ष 2025 में एक अच्छा मानसून संभावित है, तब सरकार को, किसानों को मुस्कुराहट देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभप्रद बनाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना चाहिए। यह सत्य है कि पिछले दो दशकों में भारत मौसम विज्ञान विभाग की मानसून संबंधी भविष्यवाणियां पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय हुई हैं। मार्च 2025 में एडवांस एरोसोल लिडर सिस्टम की तैनाती से वर्षा के पूर्वानुमान की सटीकता में और सुधार हुआ है। फिर भी कुछ जिलों में स्थानीय स्तर पर सटीक मौसम पूर्वानुमान और वास्तविक समय पर मौसम की निगरानी प्रणाली की कमी अभी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। किसानों को बुवाई, सिंचाई और फसल कटाई जैसे महत्वपूर्ण कृषि कार्यों की योजना बनाने के लिए सटीक और समय पर मौसम संबंधी जानकारी की आवश्यकता होती है। इस जटिल समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर केंद्रित रणनीतियों में निहित है। इसमें नदी और अन्य तालाबों से गाद को प्रभावी ढंग से हटाना शामिल है, ताकि बारिश के पानी का बहाव अवरुद्ध न हो और वह स्टोर हो सके। सिंचाई के लिए उपयोग की जा रही पुरानी नहरों का आधुनिकीकरण और मौजूदा जलाशयों का विस्तार करना भी आवश्यक है, ताकि हर खेत तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। इसके अतिरिक्त, बाढ़ की पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने और जल-संरक्षण संबंधी बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। निःसंदेह आर्थिक विकास दर को बढ़ाने में अच्छे मानसून की अहम भूमिका है। साफ है, अगर इस साल मानसून समय से पहले आता है, तो यह देश की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए भी बड़ा सकारात्मक संकेत होगा। कृषि क्षेत्र के अलावा परिवहन, ऊर्जा, ग्रामीण विकास, और यहां तक कि शेयर बाजार में आईपीओ जैसे आर्थिक कारकों पर भी इसका असर देखा जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार




संकलित

## दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही

# सुख शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित

## प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत के आंतरिक मामले और बाह्य शक्तियां

सबसे पहले शैतान सेना के बड़े गुलाम पाकिस्तान जैसे नापाक और दुष्ट देश को यह कहना-बताना अनिवार्य हो जाता है कि, 'कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है, चलना संभल-संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो!' जहां तक भारत के अपने आंतरिक मामलों का संबंध है, तो ठीक ही तो है, प्रतिपक्ष में होने के नाते हम भारत सरकार से बहस करेंगे और पूरा हिसाब-किताब भी मांगेंगे, लेकिन जब हमारे देश की सुरक्षा और समृद्धि की बात आएगी, तो हम सभी एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानी नागरिक एकता के अटूट बंधन से बंधे रहे हैं और हमेशा ऐसे ही रहेंगे। बाहरी देशों को प्रतिनिधिमंडल भेजना कूटनीतिक विषय है। बाहरी शक्तियां इस भ्रम में न रहें कि हम हिंदुस्तानी विभाजित हो जाएंगे।

*-कमल ठाकुर, चंद्रपुर*

## ट्रेंड

### सैन्य बलों पर गर्व

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### शेरों की आबादी बढ़ी

गुजरात में शेरों की आबादी बढ़कर 891 हो चुकी है। भारत की शान सामान एशियाई शेरों का एकमात्र प्राकृतिक आवास गुजरात है। यह केंद्र और राज्य सरकार के सन्निष्ठ प्रयासों और स्थानिकों के सराहनीय सहयोग का सुखद परिणाम है।

-भूपेन्द्र पटेल, सीएम, गुजरात



### पिक्चर अभी बाकी है!

ऐसी सॉफ्ट बॉल चलाई है दिल्ली से, कि अगर चले तो सीधा पाकिस्तान जाकर रुके। पूरे विश्व को यह भी बता दीजिए।अभी जो आतंकवादियों के साथ हुआ, वह तो सिर्फ़ एक सॉफ्ट बॉल थी, पिक्चर अभी बाकी है!

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### राज्यपालों का दुरुपयोग

भारत की ताकत इसकी विविधता में निहित है - राज्यों का एक संघ, जिनमें से प्रत्येक की अपनी आवाज़ है। मोदी सरकार उन आवाज़ों को दबाने और निर्वाचित राज्य सरकारों को बाधित करने के लिए राज्यपालों का दुरुपयोग कर रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



## करंट अफेयर

# एआई के साथ गूगल के सर्च इंजन का होगा कायाकल्प

गूगल ने अपने सर्च इंजन के कायाकल्प को गति देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी का एक और चरण शुरू किया है, जो लोगों के सूचना प्राप्त करने के तरीके को बदल रहा है और वेबसाइटों पर इंटरनेट ट्रैफिक के प्रवाह को कम कर रहा है। गूगल के वार्षिक डेवलपर्स सम्मेलन में इस अगले चरण का उल्लेख किया गया जिसमें अमेरिका में एक नया 'एआई मोड' विकल्प जारी करना शामिल है। यह सुविधा गूगल के सर्च इंजन के साथ बातचीत को किसी विशेषज्ञ के साथ बातचीत करने जैसा बनाती है जो लगभग किसी भी विषय पर सवालों के जवाब देने में सक्षम है। कंपनी द्वारा 'लैब्स डिवीजन' के सीमित दर्शकों के साथ परीक्षण शुरू करने के महज ढाई महीने बाद ही अमेरिका में सभी के लिए एआई मोड की पेशकश की जा रही है। गूगल अपने नवीनतम एआई मॉडल 'जेमिनी 2.5' को भी अपने खोज एल्गोरिदम में शामिल कर रहा है और जल्द ही अन्य एआई सुविधाओं का परीक्षण शुरू करेगा, जैसे कि स्वचालित रूप से संगीत समारोहों के लिए टिकट खरीदना और लाइव वीडियो के माध्यम से खोज करने की क्षमता आदि। यह विस्तार एक वर्ष पहले शुरू हुए परिवर्तन पर आधारित है, जिसमें 'एआई ओवरव्यूज' नामक संवादात्मक सारांशों की शुरुआत की गई थी।



## ऑफ बीट

# क्या बिल्लियां दूध पी सकती हैं? पुरानी मान्यता है, हां

बिल्लियों का इंसानों के साथ संबंध का एक लंबा इतिहास है। वे 9,000 साल से भी ज्यादा समय से इंसानों के साथ रह रही हैं। हमारे पूर्वजों को परेशान करने वाले चूहे जब मानव बस्तियों की ओर आए तो उन्होंने बिल्लियों को चूहे पकड़ने में उपयोगी पाया और धीरे-धीरे उन्हें पालतू बना लिया। किसानों ने उन्हें कीट नियंत्रक के रूप में काम पर रखना शुरू कर दिया। इसी संबंध के जरिए बिल्लियों और दूध का पहली बार परिचय हुआ। पालतू जानवरों के भोजन के व्यावसायीकरण से पहले, बिल्लियों को ज्यादातर परिवार में बचे हुए खाने पर पाला जाता था। उनकी पोषण संबंधी जरूरतों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। स्कॉटिश चिकित्सक गॉर्डन स्टेबल्स ने पहली बार बिल्लियों पर 1877 में लिखी अपनी पुस्तक में रेखांकित किया कि बिल्लियों को दो कटोरे की जरूरत होती है एक पानी के लिए और दूसरा दूध के लिए। उन्होंने बिल्लियों के लिए बेहतरीन नाश्ते के रूप में दलिया और दूध का सुझाव दिया था। इसके आधार पर कला, पुस्तकों, फिल्मों और कार्टूनों में दूध-प्रेमी बिल्लियों का चित्रण किया गया। इससे बिल्लियों और दूध की छवि जन भावना में और अधिक गहराई तक बैठ गई। यहां तक कि एक आदर्श रूपक में भी दर्शाया गया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

कहीं खानापूर्ति न रह जाए तालाब की सफाई

# हनुमानताल सौंदर्यीकरण पर मानसून का ग्रहण

हरिभूमि जबलपुर।

मानसून की आहट हो चुकी है। यदि मौसम विभाग के अनुमान सटीक बैठे तो अगले में प्री मानूसन की एक्टिविटी शुरु हो जाएगी। वहीं 5 जून आते आते मानसून असर दिखाने लगेगा। यदि ऐसा हुआ और एक हल्ला भी अच्छा पानी गिरा तो हनुमानताल में पर्याप्त पानी आ जाएगा और फिर सफाई धरी रह जाएगी। लेकिन हनुमानताल तालाब में जारी सफाई अभियान आज भी धीमी गति से चल रहा है। तीन महीने तो टाल मटोल और खानापूर्ति में बीत गये, लेकिन अब जब मानसून सिर पर है तब भी ठेकेदार और अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे। काम जिस गति से चल रहा है, आमजन की चिंता बढ़ा रहा है। जानकार कह रहे हैं की यदि अब दिन रात युध्द स्तर पर हनुमानताल सफाई का काम हुआ, तब जाकर हनुमानताल खाली करना सार्थक हो पाएगा। सिल्ट पूरी तरह निकल पाएगी और तालाब के तल की मिट्टी बारिश में तालाब के पानी को अवशोषित करना शुरु करेगी।

गौरतलब है की करीब 20 साल के बाद हनुमानताल सफाई का मुहर्त निकला और करीब 3 माह पहले विधायक अभिलाष पांडे के सतत प्रयासों से काम शुरु हुआ। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी में प्रयास पूरी तरह सफल होते नहीं दिख रहे हैं।



### सूखने लगेगी बोरिंग

जानकार कहते हैं की हनुमानताल तालाब की वजह से करीब 500 मीटर क्षेत्र का जलस्तर बना रहता है और यहां की बोरिंग में पानी पर्याप्त मात्रा में होता है। कई सालों से सफाई न होने और तालाब के तल में सिल्ट की मोटी परत जमने की वजह से बारिश में तालाब पानी नहीं सोख रहा था, जिससे आसपास की बोरिंग में भी जल स्तर गिर रहा था। यदि अब भी ठीक तरह से सफाई होगी और सिल्ट खोदकर निकाली जाएगी तब ही बारिश का जल जमीन अवशोषित करेगी और आसपास का जलस्तर बढ़ेगा। लेकिन हनुमानताल तालाब में सफाई की गति देखकर यही लग रहा है की जितना खोदा जाना चाहिये, उतना खोदा बिना ही बारिश तालाब को भर देगी। अतिरिक्त पानी अवशेषित होने के बजाए बह जाएगा।

### साजिश, अफवाह या सच

इस सबके बीच सोशल मीडिया में यह भी चर्चा और अफवाह बढ रही है की हनुमानताल तालाब को खेल का मैदान में बदलने की साजिश हो रही है। भक्ति जबलपुर नामक एक इंस्टाग्राम चैनल से यह दावा किया जा रहा है कि हनुमानताल को खेल का मैदान बनाया जा रहा है। हालांकी चैनल ने अपने इस दावे को लेकर कोई आधार या सबूत नहीं दिया है। जिससे दावा पूरी तरह संदिग्ध ही नजर आ रहा है। लेकिन सोशल मीडिया पर जिस तरह से यह दावे एवं चर्चाएं बढ़ रही हैं, उसका देखकर जरूरी हो गया है की कोई जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतनिधि इस खबर का खंडन करे। दरअसल इस इंस्टाग्राम में शहर की सबसे प्रसिध्द प्रतिमा बड़ी महाकाली गढ़ा फाटक के विसर्जन और बड़ी व बूढी खेरमाई के विसर्जन को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। यह इंस्टाग्राम आईडी फेक या राजनीतिक साजिश इस प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक को निश्चित तौर पर इसपर स्थिति स्पष्ट करना चाहिये। क्योंकि हनुमानताल सिर्फ एक तालाब नहीं है, धार्मिक आस्था का भी केन्द्र है।

समयावधि में कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध लगेगा अर्थदण्ड

# सीवर लाइन और रोड री-स्टोरेशन का कार्य 30 मई तक पूरा करें : निगमायुक्त

हरिभूमि, जबलपुर।

नगर निगम द्वारा सीवर लाइन बिछाने तथा रोड़ री-स्टोरेशन के कार्य कराये जा रहे हैं, जिसकी समीक्षा आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अधिकारियों, कंसल्टेंट और ठेकेदारों के साथ बैठक कर की। इस दौरान उन्होंने कार्यो की धीमी गति पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए दो टूक शब्दों में ठेकेदारों को निर्देशित किया कि 30 मई तक लाइन बिछाने तथा री-स्टोरेशन का कार्य पूर्ण करें साथ ही 30 जून तक हाउस कनेक्शन का कार्य भी पूर्ण कर अवगत कराएँ, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति में ठेकेदारों को अर्थदण्ड लगाने की कार्रवाई की जायेगी।



उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 अन्तर्गत प्रस्तावित सीवर कार्यो की डी.पी.आर. जो शासन स्तर पर अनुमोदन हेतु प्रेषित की गई है, उसको संबंधित कंसलटेंट के माध्यम से शीघ्र अतिशीघ्र अनुमोदन सह स्वीकृति करने अधिकारियों को निर्देशित किया। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अमृत 2.0 अंतर्गत जो जल प्रदाय के कार्य प्रगतिरत है, उनकी प्रगति से भी काफ़ी असंतोष व्यक्त करते हुए ठेकेदार को जरूरत अनुसार लेबर एवं मशीनरी बढ़ाकर कार्य की प्रगति बढ़ाने निर्देशित किया।

निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा इस कार्य हेतु जो समयावधि निर्धारित है उसमे किसी भी प्रकार का विलम्ब बर्दाश्त नहीं किया जावेगा। निगमायुक्त श्रीमती यादव द्वारा दोनों ठेकेदारों एवं विभागीय इंजीनियर्स को वर्षाऋतु के पूर्व उक्त कार्य में क्षतिग्रस्त सड़को का रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना एवं आम जानता को आवागमन में परेशानी ना हो। बैठक में अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खम्परिया, अंकुर सिंह नाग, संजय सिंह, विभागीय कंसलटेंट एवं ठेकेदार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 30 जून तक हाउस कनेक्शन कार्य होगा पूर्ण : निगमायुक्त

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा सीवर लाइन बिछाने तथा रोड़ री-स्टोरेशन के कार्य कराये जा रहे हैं, जिसकी समीक्षा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अधिकारियों, कंसल्टेंट और ठेकेदारों के साथ बैठक कर की। इस दौरान उन्होंने कार्यो की धीमी गति पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए दो टूक शब्दों में ठेकेदारों को निर्देशित किया कि 30 मई तक लाइन बिछाने तथा री-स्टोरेशन का कार्य पूर्ण करें साथ ही 30 जून तक हाउस कनेक्शन का कार्य भी पूर्ण कर अवगत कराएं, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति में ठेकेदारों को अर्थदण्ड लगाने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 अन्तर्गत प्रस्तावित सीवर कार्यो की डी.पी.आर. जो शासन स्तर पर अनुमोदन हेतु प्रेषित की गई है, उसको संबंधित कंसलटेंट के माध्यम से शीघ्र अतिशीघ्र अनुमोदन सह स्वीकृति करने अधिकारियों को निर्देशित किया। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने अमृत 2.0 अंतर्गत जो जल प्रदाय के कार्य प्रगतिरत है, उनकी प्रगति से भी काफ़ी असंतोष व्यक्त करते हुए ठेकेदार को जरूरत अनुसार लेबर एवं मशीनरी बढ़ाकर कार्य की प्रगति बढ़ाने निर्देशित किया। निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा इस कार्य हेतु जो समयावधि निर्धारित है उसमे किसी भी प्रकार का विलम्ब बर्दाश्त नहीं किया जावेगा। निगमायुक्त श्रीमती यादव द्वारा दोनों ठेकेदारों एवं विभागीय इंजीनियर्स को वर्षाऋतु के पूर्व उक्त कार्य में क्षतिग्रस्त सड़को का रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना एवं आम जानता को आवागमन में परेशानी ना हो। बैठक में अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री राजेश खम्परिया, अंकुर सिंह नाग, संजय सिंह, विभागीय कंसलटेंट एवं ठेकेदार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महापौर और निगमायुक्त की पहल पर नवीन नल कनेक्शनों की शुरुआत

**जबलपुर।** ई-नगर पालिका 2.0 अंतर्गत नवीन जलशुल्क नल कनेक्शन प्रदाय करने आज समस्त संभागों के सब इंजीनियर को अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर एवं जल विभाग के प्रमुख अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में नगर निगम सीमांतर्गत नवीन नल कनेक्शन दर्ज किए जाने का प्रोसेस एवं आवश्यक सुझाव दिए गए। इसके उपरांत समस्त संभागों के सब इंजीनियर को नवीन आवेदन की प्रक्रिया एवं जांच अपने स्तर से करने के उपरांत नवीन नल कनेक्शन प्रदाय करने के कार्य का शुभारंभ नवीन प्रक्रिया अपनाकर करने अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह एवं अधीक्षण यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव ने निर्देश दिये। प्रशिक्षण के समय भोपाल टीम से सतीश, अभिषेक श्रीवास्तव, आदर्श खरे एवं निगम से सहायक यंत्री गुलाब इनवाती, उपयंत्री अरविंद पटेल, नीलेश साहू, सचेतन सिंह, अंकित सिंह, केदार सिंह, पंकज पटेल, शेखर पटेल आदि उपस्थित रहे।

72 घंटों में रिपोर्ट पेश करने महापौर ने की घोषणा

## बारिश में कहर बरपा सकते है यूनिपोल, होर्डिंग

जबलपुर। आने वालें मानसून के दौरान तेज आंधी के साथ तूफान भी आयेगा, ऐसे में खतरनाक यूनिपोल, होर्डिंग गिरकर कहर बरपा सकते है, जिससे जान माल का बड़ा नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में शहर में टंगे खतरनाक यूनिपोल तथा होर्डिंग को चिन्हित कर उन्हें हटाया जाए। इस मांग पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने घोषणा की, कि पूर्व में गठित समिति को 72 घंटों के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा जाएगा तथा रिपोर्ट के आधार पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने इस सिलसिले में आदेश भी जारी किए। आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, महिला समिति तथा पेंशनर समाज के पदाधिकारियों ने महापौर से चर्चा की। डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि पुणे में कल ही बहुत बड़ा होर्डिंग गिर गया, जिससे भारी नुकसान जनता को उठाना पड़ा है। जबलपुर में भी यूनिपोल से तीन बड़ हादेस हो चुके हैं। नागरिकों के सिर पर मौत मंडरा रही है। इससे उनमें भारी असंतोष तथा चिंता है। चर्चा में रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत तथा राममिलन शर्मा शामिल थे।



पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की

# लोकतंत्र मजबूत बनाने में राजीव गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका

**जबलपुर।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार 21 मई को प्रातः 9:30 बजे राजीव गांधी चौक, नौदरा ब्रिज पर शहर कांग्रेस कमेटी, जबलपुर द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने देश में तकनीकी क्रांति की नींव रखी, पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत को 21वीं सदी के लिए तैयार करने का जो सपना देखा, वह आज भी प्रेरणादायक है।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ 'नाटी' शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "राजीव गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, वह आधुनिक, आत्मनिर्भर और युवाशक्ति से परिपूर्ण था। उन्होंने कंप्यूटर और सूचना क्रांति के ज़रिए भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। आज उनकी पुण्यतिथि पर यह संकल्प लेते हैं कि उनके विचारों और सपनों को साकार करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे।"

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश यादव, सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष सतीश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद अयोध्या तिवारी, गुड्डू नबी, अख्तर अंसारी, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, श्रीमती बलविंदर मान, पंकज



पांडेय, पार्षद भगतराम, अभिषेक यादव, सेवादल महिला अध्यक्ष मीनाक्षी स्वामी, विजय रजक, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार, गुड्डू चौबे, अनुराग गढ़वाल, अरुण पवार, टीकाराम कोष्टा, मुन्ना सेन, विवेक अवस्थी, कैलाश ठाकुर, हुकुम जैन, अखिलेश गुप्ता, उमेश पटेल, विनय नेम, श्रीमती राधा गुप्ता, रीना विश्वकर्मा, अतुल जोसेफ, शिवम यादव, रितेश नोटनानी, अजीत जैन, अखिलेश शर्मा, श्याम सोलंकी, रामबली विश्वकर्मा, प्रशांत चौरसिया एवं राजकुमार सोनी आदि उपस्थित रहे।

### मुस्लिम विकास परिषद मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी

जबलपुर। मप्र मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेशाध्यक्ष एड.मो. माहिर खान के निर्देशानुसार परिषद की जबलपुर ईकाई मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनको पढ़ाई में आगे बढ़ाने में सहयोग करेगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी व पठान समाज के सरदार। पत्रकार हाजी मुईन खान ने बताया कि 12वी तथा 10वी की बोर्ड परीक्षा में ऐसे छात्र-छात्रा जिन्होंने सर्वोच्च अंक हासिल किये हैं, को सम्मानित कर भविष्य हेतु उनका उत्साहवर्धन कर सहयोग करेगी।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जून 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जून से 30 जून तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

आदिवासियों की जमीन हड़पने का मामला, डिमांड पर मिली रिमांड में राजदार गोस्वामी कर रहा खुलासे

# भू-माफिया पत्रकार गंगा पाठक को दी थी चेक से निकाली रकम

हरिभूमि, जबलपुर।

आदिवासियों की जमीन हड़पने के मामले में आरोपी राजेन्द्र पुरी गोस्वामी ने सरेंडर करने के बाद खुलासे करने शुरू कर दिए है। गौरीघाट पुलिस की डिमांड पर मिली दो दिन की रिमांड में आरोपी गोस्वामी ने पूछताछ में बताया कि उसे पत्रकार गंगा पाठक ने चेक दिया था जिसे उसने बैंक से विड्राल कर रकम निकाली और तत्काल बाद ही उसे पाठक को थमा दी थी। उसी रकम के आधार पर आदिवासी जमीन का सौदा हुआ और बतौर एग्रीमेंट रकम नगद में आदिवासियों को दी गई थी। इसके अलावा उसने


आदिवासियों की जमीन हड़पने का मामला, फरार आरोपियों की धरपकड़ तेज
भूमाफिया पत्रकार गंगा पाठक के राजदार गोस्वामी ने किया सरेंडर

कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए है जिनकी तस्दीक कराई जा रही है। गौरतलब है कि ऐंठाखेड़ा के रामपुर नकटिया में तीन आदिवासी परिवारों के जाति प्रमाण पत्र बदलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए थे, आदिवासियों की जमीन बिना प्रशासनिक अनुमति के नहीं बेची जा सकती है। जिसके बाद उन सभी के ओबीसी के जाति प्रमाणपत्र बनवाकर उनकी साढ़े चार एकड़ जमीन अपने नाम रजिस्टर्ड करा ली। यह फर्जीवाड़े में कई लोग शामिल थे।

### पांच हजार का ईनाम था घोषित

गौरतलब हैं कि आरोपी राजेन्द्र पुरी गोस्वामी का नाम भी फरार आरोपियों में था, जिस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। आरोपी गोस्वामी जेल जा चुके ओमप्रकाश त्रिपाठी की तर्ज पर भूमाफिया गंगा पाठक का राजदार माना जाता है। एफआईआर दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। लेकिन पुलिस की धरपकड़ तेज होने के बाद उसने मंगलवार को खुद थाने जाकर सरेंडर कर दिया।

### पूछताछ जारी है

फिलहाल चेक के माध्यम से नगद निकालने की बात सामने आई है। रिमांड में पूछताछ जारी है।
-सुभाषचंद्र बघेल, टीआई गौरीघाट

## राज्य सूचना आयोग को जारी अवमानना नोटिस जारी

# हाईकोर्ट के आदेश व जुर्माना लगाने के बाद भी नहीं दी जानकारी

पूर्व में सरकार के एजेंट के रूप में कार्य करने पर की थी तल्ख टिप्पणी

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश व जुर्माना लगाए जाने के बावजूद सूचना के अधिकार अंतर्गत जानकारी न देने के रवैये पर आश्चर्य जताया। जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने राज्य सूचना आयोग, भोपाल के सचिव राजेश ओगरे व लोक सूचना अधिकारी पी पटेल को अवमानना नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब कर लिया।



अवमानना याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी फिल्म मेकर नीरज निगम की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने 26 मार्च, 2019 को सूचना के अधिकार के अंतर्गत जानकारी चाही थी। लेकिन नियत 30 दिवस के भीतर जानकारी नहीं दी गई। लिहाजा, राज्य सूचना आयोग में अपील प्रस्तुत की गई। राज्य सूचना आयोग ने अपील निरस्त कर दी थी। जिसके विरुद्ध हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राज्य सूचना आयोग के विरुद्ध सरकार के एजेंट के रूप में कार्य करते हुए अपील निरस्त करने की तल्ख टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ता के हक में राहतकारी आदेश पारित किया था। इसके अंतर्गत न केवल सूचना के अधिकार में चाही गई जानकारी प्रदान करने निर्देश दिया गया था बल्कि राज्य सूचना आयोग पर चार हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बाद जुर्माना राशि को भुगतान कर दी गई किंतु अपेक्षित जानकारी प्रदान न करने की हठधर्मिता पूर्ववत रखी गई। इसीलिए अवमानना याचिका दायर की गई है।

## हाईकोर्ट का फैसला | न्यायिक अधिकारी के खिलाफ दुष्कर्म और दहेज की एफआईआर निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पन्ना की जिला अदालत में पदस्थ रहे न्यायिक अधिकारी मनोज सोनी के खिलाफ दुष्कर्म और दहेज की मांग को लेकर दर्ज एफआईआर अनुचित पाकर निरस्त कर दी। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने कहा कि शिकायतकर्ता महिला ने आवेदक के साथ सहमति से संबंध बनाए थे, इसलिए दुष्कर्म का मामला नहीं बनता। चूंकि आवेदक ने शिकायतकर्ता महिला के साथ शादी करने से इनकार कर दिया था, इसलिए दहेज का मामला भी नहीं बनता। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के खिलाफ पन्ना के अजयगढ़ थाने में दर्ज एफआईआर और उसके आधार पर की गई सभी कार्रवाई निरस्त कर दी। पन्ना निवासी मनोज सोनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर, भूपेश तिवारी व समरेश कटारे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में याचिकाकर्ता के परिवार ने शिकायतकर्ता के साथ शादी का प्रस्ताव रखा गया। कुछ दिन बाद याचिकाकर्ता ने बताया कि उसे एक अन्य शादी का प्रस्ताव आया है जिसमें अच्छा दहेज मिल रहा है। याचिकाकर्ता ने 14 फरवरी 2018 को शिकायतकर्ता से मुलाकात कर सगाई की अंगूठी दी। याचिकाकर्ता को जब इस बात का पता चला कि शिकायतकर्ता के खिलाफ एक आपराधिक प्रकरण दर्ज है तो उन्होंने शादी से इनकार कर दिया। इस पर शिकायतकर्ता ने एफआईआर दर्ज कराकर आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता ने कई बार शादी का वादा कर उसके साथ जबरन संबंध बनाए और दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर शादी से इनकार कर दिया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कथित रूप से दहेज की मांग के संबंध में भी विश्वसनीय साक्ष्यों का अभाव है। शिकायतकर्ता ने आवेदक पर अस्पष्ट आरोप लगाकर अनावश्यक रूप से परेशान किया क्योंकि उसने शादी करने से इनकार कर दिया था।



## सनाढ्य कल्याण परिषद मेधावी प्रतिभा सम्मान एवं सनाढ्य संगम पत्रिका लोकार्पित

# मेधावी छात्रों में सम्मान पाकर और बढ़ेगा उत्साह : स्वामी मुकुंददास महाराज

**जबलपुर।** संस्कारधानी में क्रियाशील प्रगतिशील संगठन सनाढ्य कल्याण परिषद ने एक बार फिर समाज की उन प्रतिभाओं को जिन्होंने शिक्षा साहित्य संस्कृति खेल के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट उपलब्धि अर्जित की है ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित किया। उक्त आयोजन दत्त मंदिर परिसर गोल बाजार में संपन्न हुआ। वही हर बार की तरह इस कार्यक्रम में सनाढ्य समाज की वैवाहिक पत्रिका सनाढ्य संगम के नवीन अंक का लोकार्पण भी संपन्न हुआ। महासचिव चंद्रशेखर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सनाढ्य ब्राह्मण समाज के उन प्रतीभा शाली बच्चों का जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त कर अपना अपने परिवार के साथ साथ समाज का भी नाम रोशन किया है ऐसे छात्र कान्हा नगाईच, कार्तिक नगाइच, सार्थक त्रिपाठी, कर्णीका नगाइच, प्रखर नगाइच के साथ साथ युवा भागवत वाचक मानशी प्रिया एवं डॉ नित्या स्वामी को शाल श्रीफल अभिनन्दन पत्र देकर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज, महंत मयंक नाथ महाराज, कार्यक्रम के अध्यक्ष पंडित अशोक बिलथरिया एवं विशिष्ट अतिथि पंडित मुन्नालाल दुबे, पंडित दिलीप दुबे के कर कमलो से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सनाढ्य समाज की वैवाहिक पत्रिका सनाढ्य संगम के नवीन अंक का लोकार्पण भी संपन्न हुआ। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष पंडित अशोक बिल्थरिया , सयोजक पंडित आर पी बिलथरे, महासचिव चंद्रशेखर शर्मा, उपाध्यक्ष पंडित देवेंद्र गोटिया,रमेश दत्त पाण्डेय, पंडित राजेश पाठक प्रवीण, दिवाकर शर्मा, पंडित राजेश व्यास, सहित सनाढ्य कल्याण परिषद के अनेक पदादिकारी, आजीवन सदस्य, महिला प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित सामाजिक व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई आज भी लोगों के हृदय पटल पर स्थापित है : अर्चना चिटनिस



**सिहोरा।** पुण्यश्लोक लोकमाता मां अहिल्याबाई होल्कर एक कुशल शासक से राजमाता और राजमाता से लोकमाता बनकर आज भी लोगों के हृदय पटल पर स्थापित है। आज उनकी 300 वीं जयंती पर हम उनके बिंदू से विराट तक की यात्रा को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चल रहे है। वह अपनी धर्म परायणता,न्यायप्रियता,परोपकार और राष्ट्रनिष्ठा के लिए जानी जाती है। मां अहिल्या नारी नेतृत्व,सेवा और न्याय से सजी शक्ति की अनुपम कहानी है उन्होंने धर्म और संस्कृति का पुनरुत्थान किया।उक्ताशय के विचार उनके जयंती वर्ष पर भाजपा जिला ग्रामीण संगठन द्वारा सिहोरा रुकमणी पैलेस में आयोजित सम्मेलन में पूर्व मंत्री तथा कार्यक्रम की प्रदेश प्रभारी अर्चना चिटनिस ने मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। समारोह का आयोजन भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल की अध्यक्षता एंव विधायक संतोष बरकडे,जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, पूर्व विधायक नंदनी मरावी, दिलीप दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,संभागीय प्रभारी अश्वनी परांजपे,जिला प्रभारी संदीप शुक्ला, मुख्य वक्ता प्रमोद साहू के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, अंजली पांडे, एकता ठाकुर, दिलीप पटेल, शिशिर पांडे, माधव मिश्रा, प्रवीण कुररिया,आदि उपस्थित थे।

# रानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन



**जबलपुर।** पुण्यश्लोक लोकमता देवी अहिल्या बाई जी ऐसी महिला शासक हुई जिन्होंने अपने शासन में राज केंद्रित नहीं अपितु लोक केंद्रित व्यवस्था दी और आज हम उनकी 300 वीं जयंती पर उन्हें नमन करने एकत्र हुए है और उनका पूरा जीवन अपने देश और अपनी प्रजा के लिए समर्पित रहा है, उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हमे सदैव प्रेरणा देता रहेगा, यह बात पूर्व मंत्री भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने भाजपा द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन के अवसर पर संभागीय कार्यालय रानीताल में कही। पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर 10 दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ पूर्व मंत्री श्रीमति अर्चना चिटनिस द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, पूर्व विधायक शरद जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व जिला अध्यक्ष जीएस ठाकुर, प्रदेश पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, कार्यक्रम संभाग प्रभारी एवं महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री अश्वनी परांजपे, पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले, कार्यसमिति सदस्य राममूर्ति मिश्रा, वरिष्ठ नेत्री सुषमा जैन, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, रूपा राव की उपस्थिति में देवी अहिल्या बाई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर लगाई गई प्रदर्शनी में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात कार्यालय के सभागार में महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

## सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण

**जबलपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय की स्वीप शाखा एवं ज्ञान गंगा कॉलेज के ईएलसी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को ज्ञान गंगा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में यूथ सिविल डिफेंस वर्कशाप का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के आयोजन का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा व आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रशिक्षित करना था। कलेक्टर दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में आयोजित किये गये इस प्रशिक्षण का संचालन होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में संस्था के प्राचार्य डॉ आर वी क्षीरसागर एवं जिला स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

# सांगाखेड़ा मे चल रहे शिव महाशक्ति महायज्ञ मे श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**जबलपुर।** आध्यात्मिक चेतना शक्ति सम्पन्न, शम्भू के उदघोषक सनातन संस्कृति पुनरोत्थान मंडल के संथापक सदस्य ग्रहस्त संत वेकुंठ निवासी यज्ञ सम्राट पूज्य मनमोहन मुदगल महाराज श्री जी के पावन सान्निध्य एवं प्रेरणा से यज्ञ श्रँखला का 28 वा महायघ्य 18 मई से शुरू हो चूका हे।पूज्य महाराजश्री के कृपापात्र शिष्य एवं शम्भू दरवार के प्रवक्ता पंडित चंद्रशेखर शर्मा एवं आयोजन समिति से जुड़े पंडित मधुसूदन मुदगल ने जानकारी देते हुए बताया की आध्यात्मिक चेतना शक्ति सम्पन्न सहज सरल आडम्बर से परे शम्भू के उदघोषक, आध्यात्म सनातन संस्कृति पुनरोत्थान मंडल के संथापक सदस्य लाखो दिलो पर राज करने वाले गृहस्थ संत सोहागपुर वाले दादाजी के नाम से पूरे प्रदेश मे जाने जाने वाले समाज के देदीप्यमान नक्षत्र,ग्रहस्त संत वेकुंठ निवासी पूज्य मनमोहन मुदगल जी महाराजश्री की प्रेरणा एवं शुक्षम सान्निध्य मे यज्ञ की अनवरत चली आ रही इसी परिक्रमा मे 18 मई से 28 मई तक श्री शिवशक्ति महायज्ञ का भव्य आयोजन पुण्य सलीला मोक्ष प्रदायिनी माँ नर्मदा जी के पवित्र तट सांगाखेड़ा खुर्द सेमरी हरचंद सोहागपुर मे चल रहा हे। इस दस दिवसीय महायज्ञ मे देवलोक वासी दिवंगत पूज्य गुरुवर पंडित मनमोहन मुदगल जी के 77 वे जन्मोत्सव के अवसर पर सभी भक्त मिलकर इस आयोजन को हर बार की तरह धूमधाम से मनाएंगे।



# अभा गड़रिया महासभा का भव्य आयोजन 28 को

जबलपुर। अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल ने बताया कि पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती समारोह को सम्पूर्ण भारत में प्रदेश एवं केन्द्र सरकार द्वारा बहुत ही उत्साह से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय गड़रिया महासभा एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर मंच भारत, भी राष्ट्र समर्था पुण्यश्लोक लोकमाता की 300वीं जन्मशताब्दी वर्ष पर 28 मई को माँ नर्मदा तट तिलवाराघाट में अवधूत दादागुरु भैयाजी सरकार के सान्निध्य में विविध आयोजन करेगा। कार्यक्रम में लोकमाता की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि पूजन (राकेश सिंह मंत्री लोनिवि एवं धर्मेन्द्र सिंह लोधी संस्कृति मंत्री द्वारा) एवं विशाल शोभायात्रा, भंडारा, दीपोत्सव एवं महाआरती के साथ लोकमाता के जीवन परिचय पर नाट्य रूपांतरण मप्र शासन के संस्कृति विभाग के माध्यम से किया जाएगा।



# युवा संगम में हुआ 685 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

**जबलपुर।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को आयोजित युवा संगम में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा 685 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किये गये युवा संगम का शुभारंभ विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने किया। विधायक डॉ. पाण्डे ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप योजना सहित राज्य शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी युवाओं को दी तथा उनसे इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। उप संचालक रोजगार एम एस मरकाम के अनुसार युवा संगम में में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से लगभग 985 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया था। उन्होंने बताया कि युवा संगम में निजी क्षेत्र की बीस कंपनियों ने भाग लिया।

# कटंगी नगर में मुनिद्वय का हुआ चातुर्मास के बाद मंगल विहार



**जबलपुर।** कटंगी नगर में विगत चातुर्मास एवं कटंगी नगर में पंचकल्याणक महोत्सव के उपरांत आज कटंगी नगर में विराजमान मुनिद्वय विराट सागर महाराज एवं मुनि निस्संग सागर महाराज का मंगल विहार कटंगी नगर से जबलपुर की ओर हुआ, वहीं रात्रि विश्राम ग्राम मुर्रई में एवं कल आहार चर्या बोरिया ग्राम में संपन्न होगी, वहीं विहार के पहले श्री पारसनाथ मंदिर में गुरु चरण वंदना का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों द्वारा अपने वक्तव्यों के माध्यम से गुरु के उपकारों का गुणगान एवं क्षमा याचना की गई और अपने मंगल उपदेशों में समाज की एकता की बात की एवं जिन शासन के सिद्धांतों पर चलने की बात प्रमुखता से कही गई।

## ग्रीष्मकालीन शूटिंग प्रशिक्षण शिविर में कला सीख रहे बच्चे

# निशानेबाजी के लिए लड़कियों ने थामी राइफल

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत शूटिंग (निशानेबाजी) के प्रशिक्षण ने लड़कियों को आकर्षित किया है। शिविर में 10 से 16 वर्ष आयु की पांच लड़कियों के साथ दस लड़के भी ओपन साइट एअर राइफल से निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने जानकारी दी कि जबलपुर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत दूसरी बार शूटिंग का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ने गन फॉर ग्लोरी की स्थानीय शाखा के सहयोग से शूटिंग का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। जबलपुर की चार महिला शूटरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 37 पदक जीतने के बाद यहां की लड़कियों की रूचि निशानेबाजी में बढ़ी है। जबलपुर की अर्जुन अवार्डी रूबिना फ्रांसिस, श्रेया अग्रवाल, महिमा अग्रवाल व गौतमी भनोत ने पिछले कुछ वर्षों में शूटिंग में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसका परिणाम यह है कि केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में पांच लड़कियां बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। प्रशिक्षण शिविर के समन्वयक रितिक तिवारी ने कहा कि पन्द्रह दिन के भीतर ही कुछ लड़कियों में भविष्य की संभावनाएं दिखी हैं। इन्हें भविष्य में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अवसर दिया जाएगा।






**श्री कुंवर लाल ठाकुर-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री कुंवर लाल ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बिन्दा बाई विश्वकर्मा-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री जेठू लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती बिन्दा बाई विश्वकर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती तिजिया बाई पासी-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री राम प्रसाद पासी की धर्मपत्नी श्रीमती तिजिया बाई पासी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमलेश कुमार कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री कमलेश कुमार कोरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता पवार-** मस्जिद मोहल्ला किसली मंडला निवासी श्री अंशुमान पवार की धर्मपत्नी श्रीमती ममता पवार (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता मंझार-** द्वारकानगर झामनदास चौक के पास लालमाटी निवासी श्री वृंदावन मंझार की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता मंझार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रघुनाथ प्रसाद दाहिया-** संजय नगर अधारताल रामकुंड के पास निवासी श्री रघुनाथ प्रसाद दाहिया (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला देवी यादव-** हाथीताल कॉलोनी ओबेराय परिसर निवासी श्री प्यारे लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी यादव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मनोहर लाल बिरहा-** पुरानी बस्ती कजरवारा निवासी श्री मनोहर लाल बिरहा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा नामदेव-** एलआईजी 14, शिवनगर दमोहनाका निवासी श्री कल्याण प्रसाद नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नामदेव (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री पवन बेन-** फूटाताल उर्दू स्कूल के पास निवासी श्री प्रताप बेन के पुत्र श्री पवन बेन (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

**प्रवेश प्रक्रिया जारीः जबलपुर।** भेड़ाघाट रोड बायपास चौक स्थित शासकीय श्रवण बधितार्थ (मूक बधिर) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, में नवीन शिक्षण सत्र में मूक बधिर बालक-बालिकाओं के प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्रायें सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय में संपर्क सकते हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **RASHIDA SHABBIR** VAKIL I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **RASHIDA BANO** W/O SHABBIR HUSAIN RESIDENT OF-59/2, SARAFA, KOTWALI, MOTI LAL NEHRU WARD, JABALPUR (M.P.) 482001.

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/13
दिनांक:- 21/05/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिलीप केशरवानी पिता स्व. खेमचंद केशरवानी ने भवन क्र. 840 वार्ड कस्तूरबा गांधी क्षेत्रफल 466 भूतल 466 आ. प्रथम तल 466 आ. द्वितीय तल 366 शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/बटवारानामा माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 840 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री खेमचंद केशरवानी पिता भोला प्रसाद केशरवानी भवन क्र. 840 पिन नं. 1000607412/41000240 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं. 05
नगर निगम, जबलपुर

**अंकसूची गुमी**

मैं दमोहनाका से सिंधी कैम्प जा रहा था, उस दौरान मेरे पास B.Sc. तृतीय वर्ष की रखी अंकसूची, रोल नंबर 16/41130305800, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की, रास्ते में कहीं गिर गई। काफी खोजबीन के बावजूद वह अंकसूची नहीं मिली। अंकसूची गुम होने तथा डुप्लीकेट अंकसूची बनवाने के लिए मैंने संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। यदि किसी को मेरी अंकसूची मिले तो कृपया नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क करें अमित कुमार खरे रोल नंबर 16/41130305800 पाठ्यक्रमः B.Sc. तृतीय वर्ष, स्थान जबलपुर संपर्क मो. 9301313653

**अमित कुमार खरे**
द्वारा - ज्ञानचंद अहिरवार (अधिवक्ता)
मो. 9301313653

# भोपाल व इंदौर को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने का रास्ता साफ, कैबिनेट से मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल व इंदौर को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार ने वादे के मुताबिक दोनों शहरों के नियोजित विकास के लिए अमलीजामा पहना दिया है। कैबिनेट की बैठक में मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम-2025 को मंजूरी दे दी गई। इसके बाद दोनों शहरों का समुचित व योजनाबद्ध तरीके से विकास हो सकेगा। इस अधिनियम के लागू होने के बाद महानगर योजना समिति व महानगर विकास प्राधिकरण का गठन भी किया जा सकेगा।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वें जयंती वर्ष पर उनके आदर्शों और मूल्यों को समर्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक इंदौर में राजवाड़ा के दरबार हॉल में हुई। कैबिनेट ने 3 हजार 867 करोड़ रुपए की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी। उधर, मेट्रोपॉलिटन सिटी के गठन से इंदौर व आसपास के चार जिले, जबकि भोपाल व आसपास के पांच जिलों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन सिटी ठीक नोयडा (उप्र) व गुरूग्राम (हरियाणा) की तर्ज पर विकसित हो सकेगा। मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम-2025 के लागू होने के बाद प्रदेश में इंदौर-उज्जैन-देवास-धार एवं भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार की ओर से किया जा सकेगा।

## 3 हजार 867 करोड़ रुपए की योजना और निर्माण कार्यों की स्वीकृति

**कैबिनेट ने मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम को दी मंजूरी**



### इस योजना से यह कार्य हो सकेगा

योजना में राशि का प्रयोग प्रदेश के नगरीय निकायों में सेप्टिक टैंक से निकलने वाले स्लज के परिवहन के लिए डी-स्लजिंग वाहन, सीवर लाईन की सफाई के लिए सफाई उपकरणों, ठोस अपशिष्ट के संग्रहण एवं परिवहन के लिए वाहन तथा नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई मित्रों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण एवं पीपीई किट के लिए अनुदान प्रदान कर तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाएगा।

### समिति व प्राधिकरण का यह रहेगा प्रारूप, रोजगार एवं आर्थिक विकास संभव हो सकेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय संविधान में विहित प्रावधानों के अनुसार राज्य सरकार की ओर से मप्र में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों का क्षेत्रीय स्तर पर समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित करने के लिए घोषणा की थी। महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण महानगर क्षेत्र के लिए विकास योजना प्रारूप तैयार कर महानगर योजना समिति से विकास योजना अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा महानगर क्षेत्र की विकास योजना को अनुमोदन प्रदान करने के बाद विकास योजना का क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की ओर से किया जाएगा। महानगर क्षेत्र की विकास योजना में ऐसे क्षेत्र की भौगोलिक जरूरत के अनुसार शैक्षणिक, औद्योगिक, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में विकास हो सकेगा, जिससे रोजगार एवं आर्थिक विकास संभव हो सकेगा।

### अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना की मिली स्वीकृति

कैबिनेट ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रशिक्षण कार्यकम योजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी है। इसमें युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। योजना में जरूरतमंद व्यक्ति बैंक ब्याज में एक हजार रुपए प्रतिवर्ष छूट के साथ पूरे जीवनकाल के लिए अधिकतम 10 हजार रुपए प्रति व्यक्ति ऋण के ब्याज पर छूट प्राप्त कर सकेगा। प्रतिवर्ष इस योजना पर लगभग 100 करोड़ रुपए का व्यय किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन कार्यक्रम के निरंतरता की मिली मंजूरी

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन कार्यक्रम की वित्तीय वर्ष-2028-29 तक निरंतरता की मंजूरी दी है। इसमें आने वाले 4 वित्तीय वर्षों 2025-26, 2026-27, 2027-28 और 2028-29 के लिए राज्यांश राशि 167 करोड़ 74 लाख रुपए और निकाय अंशदान राशि 59 करोड़ 31 लाख कुल राशि 227 करोड़ 5 लाख रुपए का व्यय अनुमानित है। राज्य स्तर पर संचालित नगरीय स्वच्छता की समस्त गतिविधियों को समेकित कर मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता कार्यक्रम का आरम्भ 28 अगस्त 2012 को किया गया था।

## खबर संक्षेप

### वैद्य राजेश कोटेचा बनाए गए आयुष मंत्रालय के सचिव

**भोपाल।** कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने वैद्य राजेश कोटेचा को आयुष मंत्रालय के सचिव पद पर एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया है। वैद्य राजेश कोटेचा का सचिव पद



28 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। नीमा छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरेंद्र सिंह भदौरिया ने वैद्य राजेश कोटेचा को पुनः आयुष मंत्रालय के सचिव बनाने जाने पर बधाई दी। डॉ. सिंह ने बताया कि वैद्य राजेश कोटेजा का समर्पण, नेतृत्व और परंपरागत भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय रहा है। उनके मार्गदर्शन में आयुष पद्धतियों का जन-जन तक विस्तार होगा।

### पीएम मोदी आज करेंगे छग के पांच रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली शुभारंभ

**रायपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी आज वर्चुअली जुड़कर छग के पांच रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। अंबिकापुर में इसे लेकर मुख्य कार्यक्रम होगा, जहां पर सीएम साय मौजूद रहेंगे। ये सभी रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मार्डन बनाये गये हैं। इसी क्रम में 22 मई बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक चालक की मौत

**रायगढ़।** बीती शाम साढ़े 4 बजे के आसपास परमानंद यादव एवं उसकी पत्नी को देवप्रसाद राठिया एवं हरनारायण अलग-अलग मोटर सायकल से रेलवे स्टेशन खरसिया छोड़ने गए थे जहां उनको छोड़कर दोनों अलग-अलग मोटर सायकल में वापस अपने गांव बाडादरहा लौट रहे थे। बाइक को देवप्रसाद राठिया चला रहा था जब वह शाम करीब साढे 7 बजे सियाराम आटो डील के आगे चंद्रा बीज भंडार के पास पहुंचा ही था कि खरसिया की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार को पीछे से जोरदार ठोकर मारकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से बाईक सवार देवप्रसाद राठिया की मौके पर ही मौत हो गई।

## विकसित मध्यप्रदेश @ 2047 दृष्टिपत्र पर हुआ मंथन, सकल घरेलू उत्पाद को 15.03 लाख करोड़ से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ करने का लक्ष्य

# मध्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को एक लाख 60 हजार से बढ़ाकर 22 लाख रुपए करने का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष पर मंगलवार को राजवाड़ा इंदौर में विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र पर कई घंटे तक कैबिनेट में मंथन हुआ। लोकमाता देवी अहिल्याबाई के आदर्शों और मूल्यों अनुरूप विकसित मप्र बनाने के लक्ष्यों और प्रक्रिया पर सदस्यों की विस्तृत चर्चा हुई। वर्ष 2047 तक प्रदेश का समेकित विकास करते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 15.03 लाख करोड़ से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ (2 ट्रिलियन डॉलर) करने का लक्ष्य रखा गया है।

साथ ही प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को एक लाख 60 हजार रुपए से बढ़ाकर 22 लाख रुपए करने का भी लक्ष्य रखा गया है। अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि दृष्टि पत्र में वर्ष 2047 में एक समृद्ध मप्र की परिकल्पना की गई है, जो कि सभी के सामूहिक प्रयासों से संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश की नींव पर निर्मित होगा। वर्ष 2047 का मप्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के अनुसरण से निर्मित होगा। मप्र को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने एवं प्रदेश के समग्र सामाजिक आर्थिक विकास के उद्देश्य से हितधारक परामर्श व जन सहयोग से विकसित मप्र@2047 दृष्टि पत्र को तैयार किया गया है। नीति आयोग से प्रारम्भिक चर्चा की गई।

### खास बातें

- लोकमाता देवी अहिल्याबाई के आदर्शों और मूल्यों अनुरूप विकसित मप्र बनाने के लक्ष्यों और प्रक्रिया पर सदस्यों ने की चर्चा
- उद्योगों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देकर, रोजगार के अवसर सृजित कर किया जाएगा मप्र का विकास



### उच्चाधिकार समिति गठित

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार समिति गठित की गई, जिसके मार्गदर्शन में 8 थीमैटिक ग्रुप्स का गठन किया गया। 8 थीमैटिक ग्रुप्स में उद्योग, कृषि एवं सम्बंधित क्षेत्र तथा वनोत्पाद, सेवाएं, अधोसंरचना एवं नगरीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन एवं नागरिक सेवाएं प्रदाय और वित्तीय नियोजन एवं संवर्धन को शामिल किया गया। प्रत्येक ग्रुप में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता और अन्य हितधारकों के सुझावों का समावेशन सुनिश्चित करते हुए दृष्टि पत्र तैयार किया गया है।

### शत-प्रतिशत साक्षरता , नवकरणीय ऊर्जा को 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य

मप्र @2047 दृष्टिपत्र अनुसार वर्तमान में राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि 43%, सेवाएं 36 और उद्योग 21% योगदान देते हैं। वर्ष@2047 तक उद्योगों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देकर, रोजगार के अवसर सृजित कर अर्थव्यवस्था को संतुलित करते हुए जीडीपी में कृषि का योगदान 24-28%, उद्योग का योगदान 21-25% और सेवाओं का योगदान 49-53 % तक लाने का प्रयास किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रति व्यक्ति औसत आयु को 67.4 वर्ष से बढ़ाकर वर्ष @ 2047 तक 84 वर्ष से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही साक्षरता दर को 75.2% से बढ़ाकर वर्ष@ 2047 तक 100 प्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा।

### उच्च स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन होगा

मंत्रि-परिषद के सदस्यों को बताया गया कि मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र के क्रियान्वयन के लिए उच्च स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया जाएगा। राज्य के सभी विभागों की योजनाओं, लक्ष्यों एवं कार्य बिंदुओं की डिजिटल ट्रैकिंग की जाएगी। साथ ही लाइव डैशबोर्ड भी बनाया जाएगा।

### मध्यप्रदेश@2047 दृष्टि पत्र के निर्माण का कालक्रम

देश के 75 वें स्वतंत्रता दिवस भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का प्रयास किए जाने का आह्वान किया था। इसे साकार करने के लिए विकसित मध्यप्रदेश @2047' दृष्टि पत्र बनाने का निर्णय लिया गया था। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मप्र के योगदान को सुनिश्चित करने, मप्र संकल्प पत्र-2023' के लक्ष्यों की पूर्ति करने एवं राज्य के समग्र विकास को दिशा देने के लिए विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र तैयार किया गया।

### मप्र के 4 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से वर्किंग वूमेन हॉस्टल के निर्माण की मंजूरी

भोपाल मप्र कैबिनेट ने प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर को बढ़ाने, बेहतर वातावरण प्रदान करने और महिलाओं के कामकाजी जीवन को आसान बनाने के लिए प्रदेश के 4 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण की स्वीकृति दी है। विक्रम उद्योगपुरी जिला उज्जैन, पीथमपुर सेक्टर-1 एवं 2 जिला धार, मालनपुर घिरौंगी (भिंड) एवं मंडीदीप (रायसेन) में कामकाजी महिला छात्रावासों के तहत कुल 26 हॉस्टलों और भवनों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक में 222 बेड की क्षमता होगी। कुल 5 हजार 572 बेड क्षमता के हॉस्टलों का निर्माण भारत सरकार के सहयोग से औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के तहत एमपीआईडीसी लि. की ओर से किया जाएगा। भारत सरकार की ओर से स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेटस फॉर कैपिटल इंवेस्टमेंट 2024-25 स्कीम में वर्किंग वूमेन हॉस्टल के निर्माण किया जाना है। वर्किंग वीमेन हॉस्टल्स में आधुनिक सुविधाएं, पर्याप्त पार्किंग, फूड कोर्ट और मनोरंजन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थान उपलब्ध होगा। कामकाजी महिला छात्रावासों में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और नौकरी के अवसरों की उपलब्धता को प्राथमिकता दी जाएगी। रियायती दरों पर भोजन एवं न्यूनतम किराए पर बेड उपलब्ध कराया जाएगा। बुनियादी अधोसंरचनाओं जैसे-पार्किंग, रिक्रिएशनल रूम, पेन्ट्री, डायनिंग एरिया, कॉमन टॉयलेटस, कॉमर्शियल दुकानें आदि सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। कार्यरत महिलाओं के बच्चों की उचित देखभाल के लिए झूला घर का भी प्रावधान किया गया है। इसी तरह महाराजा यशवंत राव चिकित्सालय परिसर इंदौर और श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के उन्नयन के लिए 1095 करोड़ रुपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति मिली। कैबिनेट ने महाराजा यशवंत राव चिकित्सालय परिसर इंदौर और चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के उन्नयन के लिए 1095 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इस अनुसार महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर से संबद्ध महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में 773 करोड़ 7 लाख रुपए से प्रस्तावित नवीन चिकित्सालय भवन, मिनी ऑडिटोरीयम, नर्सिंग हॉस्टल आदि का निर्माण किया जाएगा। रीवा में श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय में ओपीडी ब्लॉक, मेटरनिटी ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज तथा हॉस्टल एवं अन्य कार्य के लिए 321.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

## ग्राम भोयना में एक गोदाम में मिला था नरकंकाल, पुलिस ने किया खुलासा

# सौतेला पिता निकला अंधे कत्ल का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के ग्राम भोयना स्थित बंद पड़े गोदाम के सेप्टिक टैंक में मिले नर कंकाल मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हत्या के बाद सौतेले बेटे का शव सेप्टिक टैंक में डाल दिया था।

बता दे की बीते 17 मई को ग्राम भोयना स्थित बंद पड़े गोदाम के सेप्टिक टैंक में नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कंकाल को टैंक से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा था। साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही थी।वही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भोयना निवासी



राममिलन गोड को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। जिस पर आरोपी ने अपने सौतेले बेटे का हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी राम मिलन का सौतेला बेटा नंदू सोनी भी उसके साथ रहता था। वहीं करीब 6-7 साल पहले खाना की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिस पर तैश में आकर आरोपी सौतेले पिता ने नंदू के गले को पकड़ कर दीवाल में पटक दिया। जिससे नंदू की मौत हो गई। वहीं आरोपी ने मामले को छुपाने के लिए लाश को सीमेंट के पोल से बांधकर पास में बंद पड़े गोदाम के सेप्टिक टैंक में डाल दिया। पुलिस का कहना है की घटना के वक्त आरोपी की पत्नी और बच्चे घर पर नहीं थे। फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक की स्थापना के लिए 2200 करोड़ का प्रावधान किया

# राजबाड़ा में कैबिनेट की बैठक हमारी सांस्कृतिक चेतना का उत्सव, विरासत का सम्मानः विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने इंदौर के राजबाड़ा में संपन्न केबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों को लेकर मीडिया को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम सभी गौरवान्वित हैं कि देवी अहिल्या बाई होल्कर के 300वें जन्म जयंती वर्ष में इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। यह केवल एक बैठक नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना का उत्सव है, हमारी विरासत का सम्मान है। मैं भारतीय जनता पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, उनकी पूरी मंत्रिपरिषद और सरकार का हृदय से आभार जताता हूँ, जिन्होंने यह ऐतिहासिक निर्णय लेकर देवी अहिल्या के प्रति हमारी सामूहिक श्रद्धा और कृतज्ञता को मूर्त रूप दिया है।

### पांच शहरों में मेट्रोपोलिटन काउंसिल विकास की नई परिकल्पना

*शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर शहरों में मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के गठन का निर्णय लेकर शहरी विकास की नई परिकल्पना पर मोहर लगा दी है। महानगर के रूप में ये पांच शहर समूचे प्रदेश के विकास को गति देंगे। शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक की स्थापना के लिए 2200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।*

## भैसमा मोड़ चिकनी पाली की घटना

# भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, कई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के भैसमा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां एक अनियंत्रित इको कार चालक ने पहले बाइक सवार एक परिवार को ठोकर मारी और फिर सड़क किनारे रखे ईंटों के ढेर से जा टकराई। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उरगा थाना अंतर्गत भैसमा मोड़ चिकनी पाली में हुई जबरदस्त सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कार काफी तेज रफ्तार में थी और चालक संभवतः वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके कारण यह हादसा हुआ।घायलों को दूसरे वाहन के जरिए मेडिकल कॉलेज कोरबा भेज दिया गया। घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घायल अस्पताल में इलाज करा रहे दो लोगो की मौत हो गई वही चार लोग घायल है।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि एको कार पर तीन लोग सवार थे जो भैसमा की तरफ से आ रहे थे जिसमे करतला क्षेत्र के साजापानी निवासी दुर्गा प्रसाद,संतोष महंत और निरजन यादव सवार थे वही बाईक पर केरवाद्वारी निवासी रंजीत कुमार,सरोज कुमार और घसनिन बाई सवार थी तीनो बाइक में सवार होकर कोरबा तरफ से भैसमा की तरफ जा रहे थे।

## नक्सलियों को मुंह तोड़ जवाब, डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली ढेर, एक जवान घायल, एक शहीद होने की खबर

# डीआरजी जवानों के साथ मुठभेड़ में 27 नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में डीआरजी के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अबूझमाड़ इलाके में हो रही इस मुठभड़े में अब तक 27 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। कई नक्सलियों के शव और भारी



संख्या में हथियार बरामद होने की खबर है। मुठभेड़ में एक जवान के बलिदान होने और एक जवान घायल होने की भी खबर है। नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों डीआरजी के जवानों से नक्सलियों की मुठभेड़ जारी है। माड़ के इलाके में सुबह से फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि डीआरजी के जवानों ने बड़े नक्सली लीडर्स को घेर लिया है। डीआरजी के जावानों ने नक्सलियों के बड़े कमांडरों को घेर रखा है। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। करीब 27 नक्ललियों के मारे जाने खबर सामने आ रही है, मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है।

### मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद

खबर मिल रही है कि इस मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। माड़ के दुर्गम इलाके में बुधवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी थी। इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

### पीएम एवं गृहमंत्री ने दी बधाई

*सुरक्षाबललों की इस सफलता पर पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों के पराक्रम की सराहना की है। नारायणपुर और बीजापुर इलाके में नक्सलियों पर सुरक्षाबलों के जवान प्रलय बनकर टूटे। नक्सलियों के खिलाफ इस एक्शन में वसव राजू के मारे जाने की खबर है। जानकारी के मुताबिक नक्सल संगठन का जनरल सेक्रेटरी बसव राजू भी मारा गया है।*

# भारतीय मूल के वैभव तनेजा ने सैलरी के मामले में पिचाई, नडेला को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल के टेस्ला के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) वैभव तनेजा ने 2024 में कुल 139.5 मिलियन डॉलर करीब 1,139 करोड़ रुपए की सैलरी कमाई है। यह उनकी बेस सैलरी से कहीं ज्यादा है, जो सिर्फ 4 लाख डॉलर रही। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी ये कमाई खास तौर से स्टॉक ऑप्शन और इक्विटी अवॉर्ड के जरिए हुई, जो उन्हें प्रमोशन के बाद मिले थे।

## टेस्ला के सीएफओ तनेजा ने 2024 में 1,139 करोड़ रुपए की सैलरी कमाई

### स्टॉक ग्रोथ ने बढ़ाई वैल्यू

वैभव तनेजा को यह स्टॉक बेस्ड कंपनसेशन 2023 में उनके सीएफओ बनने के बाद दिया गया था। उस समय टेस्ला का शेयर करीब 250 डॉलर था, जो 4 साल की वेस्टिंग पीरियड के साथ अलॉट किया गया। 19 मई 2025 तक टेस्ला का शेयर 342 डॉलर तक पहुंच गया, जबकि कंपनी इस दौरान ईवी डिलीवरी में गिरावट और लो प्रॉफिट मार्जिन जैसी चुनौतियों से जूझ रही थी।

### कौन हैं वैभव तनेजा?



वैभव तनेजा का जन्म भारत में हुआ है। यानी वो मूल रूप से भारतीय हैं और 1999 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से कॉमर्स की पढ़ाई की है। उन्होंने साल 2000 में आईसीएआई से चार्टर्ड अकाउंटेंट और फिर 2006 में अमेरिका से सीपीए की डिग्री हासिल की। वह 2017 में टेस्ला से जुड़े थे। इससे पहले वह सोलार सिटी में काम कर रहे थे, जिसे टेस्ला ने 2016 में खरीद लिया था। वहां वह वाइस प्रेसिडेंट और बाद में कॉर्पोरेट कंट्रोलर के पद पर थे। उन्होंने सोलार सिटी और टेस्ला के इंटीग्रेशन की जिम्मेदारी भी संभाली थी।

### 20 साल से ज्यादा का फाइनेंस अनुभव

वैभव तनेजा को इस फील्ड में दो दशकों यानी 20 साल से ज्यादा का एक्सपीरिएंस है। वह टेस्ला की ग्लोबल ग्रोथ और फाइनेंशियल प्लानिंग का अहम हिस्सा हैं। उनकी यह सैलरी न केवल टेस्ला के अंदर उनकी अहमियत को दिखाती है, बल्कि इंडियन टैलेंट की ग्लोबल पहचान का भी एक शानदार उदाहरण है।

### सीएफओ के लिए अब तक का सबसे बड़ा पैकेज

टेस्ला सीएफओ को मिला यह पैकेज निकोला कंपनी के 2020 में मिले 86 मिलियन डॉलर के पुराने रिकॉर्ड से भी बड़ा है। निकोला बाद में 2024 में बैंकरप्ट हो चुकी है। इस लिहाज से वैभव तनेजा का कंपनसेशन अब तक का सबसे हाई सीएफओ सैलरी पैकेज माना जा रहा है। बता दें कि वैभव तनेजा यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग पैकेज ऐसे समय में सामने आया है जब टेस्ला इलेक्ट्रिक व्हीकल इंडस्ट्री की बड़ी चुनौतियों से जूझ रही है।

टेस्ला के सीएफओ के तौर पर वैभव तनेजा ने सैलरी के मामले में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला की 2024 की सैलरी को भी पीछे छोड़ दिया। रिपोर्ट के अनुसार, सत्य नडेला को 2024 में 79.1 मिलियन डॉलर का कंपनसेशन मिला, जबकि सुंदर पिचाई की कमाई सिर्फ 10.73 मिलियन डॉलर रही। वैभव तनेजा की सैलरी को अब तक के सबसे बड़े सीएफओ कंपनसेशन में से एक माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### लॉजिस्टिक्स एजिस वोपैक का आईपीओ 26 मई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स ने अपने 2,800 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 223-235 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी बयान के अनुसार, आईपीओ 26 मई को खुलेगा और 28 मई को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 23 मई को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, यह निर्गम पूरी तरह से 2,800 करोड़ रुपये के नए शेयर पर आधारित है और इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई घटक नहीं है।

### इंडिगो का लाभ 62 फीसदी बढ़कर 3068 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 62 प्रतिशत उछलकर 3,068 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,894.8 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने बुधवार को बताया कि यह उसका चौथी तिमाही का अब तक का सर्वाधिक मुनाफा है। इसके निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर 10 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है।



### आइनॉक्स ग्रीन एनर्जी ने सौर सेवाओं के लिए किए करार

**नई दिल्ली।** आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज ने एक प्रमुख अक्षय ऊर्जा कंपनी की 639 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाओं के लिए परिचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) सेवाएं प्रदान करने के वास्ते समझौते किए हैं। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, इससे आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी का सौर परिचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) खंड 1.6 गीगावाट तक पहुंच गया और समग्र अक्षय ऊर्जा ओएंडएम खंड पांच गीगावाट को पार कर गया है।



### ब्रिटेन में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 3.5 प्रतिशत पर

**लंदन।** ब्रिटेन में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर एक साल से अधिक के उच्चतम स्तर पर 3.5 प्रतिशत पहुंच गयी। मुख्य रूप से ऊर्जा और पानी जैसे घरेलू बिल बढ़ने से महंगाई दर बढ़ी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर अप्रैल में में 3.5 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 2.6 प्रतिशत थी। अप्रैल की महंगाई दर जनवरी, 2024 के बाद से सबसे अधिक है। इतना ही नहीं यह वृद्धि अक्टूबर, 2022 के बाद से सबसे बड़ी है। उस समय रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर ऊर्जा संकट चरम पर था।




### एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का लाभ तीन गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग तीन गुना होकर 233.21 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का जनवरी-मार्च, 2024 में मुनाफा 80.95 करोड़ रुपये रहा था। शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में एनजीईएल की आय सालाना आधार पर 553.06 करोड़ रुपये से बढ़कर 751.50 करोड़ रुपये हो गई। व्यय 444.63 करोड़ रुपये रहा।

## जेएलआर टाटा समूह की लक्जरी वाहन विनिर्माता कंपनी

# भारतीय कारोबार में बैटरी-इलेक्ट्रिक वाहन की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी : जेएलआर

एजेंसी ▶▶| गेडॉन (ब्रिटेन)

टाटा समूह की लक्जरी वाहन विनिर्माता कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) को उम्मीद है कि अगले तीन-चार साल में भारत में उसके कारोबार में इलेक्ट्रिक वाहनों का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा, क्योंकि कंपनी देश में हरित वाहनों की तेजी से स्वीकार्यता की उम्मीद के बीच अपना पोर्टफोलियो बना रही है।

**भारत में हरित वाहनों की तेजी से स्वीकार्यता बढ़ रही**

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाले इस प्रमुख ब्रांड की योजना 2030 तक देश में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के लगभग आठ संस्करण उतारने की है। इसमें रेंज रोवर बीईवी भी शामिल है, जिसे अगले साल भारत में पेश किए जाने की उम्मीद है। जेएलआर के पास फिलहाल देश में अपने पोर्टफोलियो में कोई भी बीईवी नहीं है।

## कंपनी 2030 तक बाजार में बीईवी के आठ संस्करण उतारेगी

### उपभोक्ता का भरोसा बढ़ेगा

जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने यहां कहा, "मुझे लगता है कि ईवी उन चीजों में से एक है जो एक ऐसे बिंदु पर पहुंच जाएगी जहां यह तेजी से आगे बढ़ेगी। यह पहले से ही तेजी से आगे बढ़ रही थी, लेकिन थोड़ी धीमी हो गई। अब जब हर विनिर्माता निवेश कर रहा है, तो मुझे लगता है कि कई लोगों की शक्ति इस (खंड) को और आगे बढ़ाएगी, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा।"



### बैटरी की कीमतों में कमी लाने के प्रयास जारी

अंबा ने कहा कि सरकार की सही नीतियों के कारण बैटरी की कीमतों में कमी और 'माइलेज' में वृद्धि के साथ, देश में ईवी क्षेत्र सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। अंबा ने कहा, किसी भी कारण से, इसकी (ईवी बिक्री) थोड़ी धीमी हो गई है, शायद विदेशी भावना से प्रभावित होकर।

### लक्जरी खंड में ईवी की स्वीकार्यता बढ़ी

अंबा ने कहा कि जब कई ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) आगे आते हैं, तो इससे बाजार बनाने में मदद मिलती है, जो तब संभव नहीं होता जब केवल एक ही इकाई इस क्षेत्र में काम कर रही हो। अंबा ने कहा कि घरेलू बाजार में लक्जरी खंड में ईवी की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ी है और पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न वाहन विनिर्माताओं को अपनी कुल मात्रा के मामले में पहले ही लाभ मिल चुका है।

### चार्जिंग ढांचा बनाने में तेजी लाई जाएगी

अंबा ने उम्मीद जताई कि बाजार की धारणा को देखते हुए, रेंज रोवर बीईवी से भी घरेलू बाजार में मजबूत मांग पैदा होने की उम्मीद है। अंबा ने कहा कि एकमात्र कमी जो है और जिसे तेज करने की जरूरत है, वह है चार्जिंग अवसंरचना बनाने में तेजी, जिससे संभावित ग्राहकों को भरोसा मिलेगा।

### कंपनी अन्य के साथ मिलकर काम कर रही

अधिकारी ने कहा कि जेएलआर इस संबंध में टाटा मोटर्स और समूह की अन्य कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। अपने वैश्विक पर्यावरण अनुकूल लक्ष्य के तहत, जेएलआर का लक्ष्य 2039 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करना है।

# सोने में 1910 और चांदी में 1660 रुपए की तेजी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने से सुरक्षित निवेश के तौर पर खरीदारी का दौर शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,910 रुपये बढ़कर 98,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

- वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोना बढ़कर 98,450 रुपये पर

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,870 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया, जो पिछले दिन 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''कमजोर डॉलर ने सोने की कीमतों को सहारा दिया। मूडीज द्वारा राजकोषीय घाटे की चिंताओं के कारण अमेरिकी साख रेटिंग को नीचा किये जाने के बाद निवेशक सॉवरेन जोखिम का भी मूल्यांकन कर रहे हैं।''

### सोने ने 3300 डॉलर का स्तर पुनः पाया

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ शोध विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी राजकोषीय चिंताओं के बीच बुधवार को सोने ने 3,300 डॉलर के स्तर को पुनः प्राप्त कर लिया।''

## असत्यापित लोगों से आने वाले अनचाहे संदेशों से किया आगाह

# सेबी ने निवेशकों को सोशल मीडिया की धोखाधड़ी को लेकर किया आगाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को निवेशकों को असत्यापित लोगों से आने वाले अनचाहे संदेशों के प्रति आगाह किया और उनसे ऐसे व्हाट्सएप 'ग्रुप' या 'कम्युनिटीज' का हिस्सा न बनने को कहा।

सेबी की यह चेतावनी ऐसे मामलों में बढ़ोतरी के बीच आई है, जहां कुछ कंपनियां प्रतिभूति बाजार में भोले-भाले निवेशकों को लुभाने और धोखाधड़ी के लिए सोशल मीडिया मंच का उपयोग कर रही हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी जांच में पाया है कि ऐसी इकाइयां निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीतने के लिए कई तरह की रणनीति अपनाती हैं। ये इकाइयां संभावित ग्राहकों को लक्षित करके व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होने के लिए अक्सर 'वीआईपी ग्रुप' या 'फ्री ट्रेडिंग कोर्स' (शेयर बाजार कारोबार का निःशुल्क पाठ्यक्रम) जैसे नामों से लिंक के रूप में अनचाहे निमंत्रण भेजती हैं। खुद को भरोसेमंद दिखाने के लिए ये इकाइयां अक्सर नकली प्रोफाइल बनाती हैं जो उन्हें प्रतिभूति बाज़ार के विशेषज्ञ के रूप में दर्शाती हैं। कई मामलों में वे सेबी के पास पंजीकृत मध्यस्थों, मशहूर सार्वजनिक हस्तियों या स्थापित संगठनों के सीईओ/ एमडी का भी फर्जी रूप धारण करते हैं। ये इकाइयां बड़े मुनाफे के फर्जी प्रमाण दिखाकर निवेशकों का शोषण करते हैं। ये प्रमाण भी कथित तौर पर समूह के अन्य सदस्य ही पेश करते हैं जो असल में इस घोटाले में मददगार होते हैं। ऐसे में भोले-भाले निवेशक इस भ्रामक चित्रण से प्रभावित होकर इन कंपनियों के बैंक खातों में धन हस्तांतरित करने के लिए प्रेरित हो जाते हैं।

### ईआईएच का लाभ छह फीसदी बढ़ 262 करोड़

**नई दिल्ली।** ओबेरॉय और ट्राइडेंट ब्रांड के होटलों की मालिक एवं संचालक ईआईएच लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 261.62 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने मुनाफे में यह वृद्धि व्यवसाय और अवकाश दोनों क्षेत्रों में मांग में सुधार के दम पर दर्ज की है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 247.59 करोड़ रुपये रहा था। ईआईएच ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी आमदनी 11 प्रतिशत बढ़कर 866 करोड़ रुपये हो गई, जबकि कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) 13 प्रतिशत बढ़कर 389 करोड़ रुपये रही। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 769.90 करोड़ रुपये रहा जबकि आमदनी 2,880 करोड़ रुपये रही।

### बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 410 अंक चढ़ा

**एजेंसी:मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 410 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 130 अंक के लाभ में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के बीच एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 410.19 अंक चढ़कर 81,596.63 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,813.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, नेस्ले, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड और आईटीसी शामिल हैं। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने बुधवार को बयान में कहा कि भारत, अमेरिकी शुल्क एवं वैश्विक व्यापार बाधाओं के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या अप्रैल में आठ प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने अप्रैल में घरेलू मार्गों पर सालाना आधार पर 8.45 प्रतिशत अधिक 143.6 लाख यात्रियों को सेवाएं प्रदान कीं। यह हवाई यातायात की बढ़ती मांग को दर्शाता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, घरेलू हवाई यातायात में इंडिगो की हिस्सेदारी सबसे अधिक 64.1 प्रतिशत रही। इसके बाद एयर इंडिया समूह (27.2 प्रतिशत), अकासा एयर (पांच प्रतिशत) और स्पाइसजेट (2.6 प्रतिशत) का स्थान रहा। डीजीसीए ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा, '' जनवरी-अप्रैल, 2025 के दौरान घरेलू एयरलाइन कंपनियों ने 575.13 लाख यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित की। पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 523.46 लाख था। इसमें वार्षिक आधार पर 9.87 प्रतिशत और मासिक आधार पर 8.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'

**खंड-। ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2025_MPFD_424266_1 /ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 17/05/2025

1. वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिण्डौरी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित 2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेशिफिकेशन | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RCC Fencing Poles Height 2.0 m | **Type-Straight Length - 2.00 m** **Dimensions -** Bottom 10x10 cm square, Top 8x8 cm square Cement Concrete Mix Cement, sand and metal ratio 1:2:4, with12.5 nominal size coarse aggregate. Sand used should be free from clay and salt. concrete mix shall be conforming to grade M-15 of IS:456:2000 Certificate Compulsory **Reinforcement -** 4 round vertical bars of 6 mm diameter. 11 no of stirrups of 6 mm diameter round MS bars 20 cm centre to centre. Hooks 5 no, bottom hook should be provided 60 cm above the bottom of the pole, second at 82.5 cm, third hook at 112.5 cm, fourth hook at 150 cm, top and fifth hook at 195 cm from bottom. **Manufacturing -** In order to ensure desired compressive strengah, RCC fencing poles should be compacted with the help of platform vibrators. Surface should be uniform and free from voids. The concrete cover over the reinforcement should not be less than 1.5 cm. | 1,00,000 | 1,000/- |
| 2 | RCC Fencing Poles Height 2.5 m | **PRE STRESSED RCC FENCING POLES Type** - Straight **Length** - 2.50 Meter, Dimensions 10x10 cm square. **Cement Concrete Mix** -Concrete mix shall be conforming to grade M-15 of IS:456:2000. **Reinforcement** There Shall be 4 Nos. of Vertical reinforcement of high tesile steel wire of 4mm dia. **Holes & Hooks** - 6 nos., bottom hole should be provided 50 cm above the bottom of the poles, The central distance betbeen the top and bottom holes shall be equally divided for remaining holes. **J Hook** shall be of 6mm dia MS Bar wth proper threads at one end and nut and washer for tightening purpose. These J bolts shall be pass through the holes of poles. **Manufacturing -** In order to ensure desired compressive strength. RCC fencing poles should be compacted with the help of platform vibrators, Surface should be uniform and free from voids. The concrete cover over the reinforcement should not be less than 1.5 cm. **Standard** Conforming to IS 4996:1984 with up to date amendments. | | |

• निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। • इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 17/05/2025 Time 06:00Pm बजे से दिनांक 06/06/2025 Time 06:00 Pm बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है। • ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। • निविदा पूर्व बैठक दिनांक 02/06/2025 समय 04:00Pm को डिण्डौरी सामान्य वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं। • ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। • ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी

G-13166/25

**कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर ( म.प्र.)**
**www.mptenders.gov.in के माध्यम से**

**तृतीय ई-निविदा वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 (यथा संशोधन - 2022) के तहत खण्ड-1 सब्जी/फल, खण्ड-2 स्वच्छता सामग्री की तृतीय वार्षिक निविदाऐं ई-टेण्डर के माध्यम से दिनांक 04.06.2025 को अपरान्ह 05.30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 21.05.2025 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 2 | प्रिबिड मीटिंग | 28.05.2025 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 3 | ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि एवं निविदा फार्म की कीमत राशि रू. 1000/- लेखा शीर्ष 0056 जेलें - 800 अन्य प्राप्तियां में ऑनलाईन जमा किया जावेगा। | 02.06.2025 को सायंकाल 05.30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 4 | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 04.06.2025 को सायंकाल 05.30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 5 | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 05.06.2025 को सायंकाल 05.30 बजे तक | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 6 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 06.06.2025 प्रातः 10.30 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

( अजमेर सिंह ठाकुर )
जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-13182/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल, बालाघाट म.प्र.**

क्रमांक / 04 / निर्वाह / 2025 **ई-निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)** बालाघाट, दिनांक 16.05.2025

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो की ओर से जिला जेल, बालाघाट में स्थापित इलेक्ट्रिक फेंसिंग एवं उपकरणों के रख रखाव तथा मरम्मत की सेंवाऐं उपलब्ध करवाने हेतु ए.एम.सी. के लिए वर्ष 2025 - 26 हेतु तृतीय बार ई-निविदा बेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म की कीमत रू. 500/- फार्म ऑनलाईन वेवसाईट https://mptenders.gov.in से प्राप्त कर शीर्ष 0056 - 800 अन्य प्राप्तियां में ऑनलाईन जमाकर विज्ञाप्ति जारी दिनांक से दिनांक 08.05.2025 तक आवश्यक पूर्तियां कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा संबंधी ऑनलाईन निविदा शर्तो के अनुसार मांगे गये समस्त दस्तावेज ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in दिनांक 08.05.2025 को दोहपर 12:30 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| Publishing Date | दिनांक 16.05.2025 शाम 04:00 बजे से | https://mptenders.gov.in/nicgep/app |
| Document Download/Sale Start Date | 16.05.2025 को सांयकाल 05.00 बजे से | https://mptenders.gov.in/nicgep/app |
| PreBid Meeting Date | दिनांक 26.05.2025 को प्रातः 11.30 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |
| Bid Submission Start Date | दिनांक 16.05.2025 को संध्या 05.30 से | https://mptenders.gov.in/nicgep/app |
| Bid Submission Closing Date | दिनांक 05.06.2025 को दोपहर 12.30 तक | https://mptenders.gov.in/nicgep/app |
| Bid Opening Date | दिनांक 06.06.2025 को दोपहर 12.30 | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |

निविदा फार्म, नियम व शर्ते तथा इन निविदा संबंधी अन्य विवरण https://mptenders.gov.in के पोर्टल पर उपलब्ध हैं। निविदा जेल की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित होने के कारण 14 दिवस का समय दिया जा रहा है।

जेल अधीक्षक
जिला जेल, बालाघाट (म.प्र.)

G-13156/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

# एक दिन पहले सेवानिवृत्त होने वाले केंद्रीय कर्मचारी भी सांकेतिक वेतन वृद्धि के हकदार

## उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद मंत्रालय ने यह कदम उठाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपनी वार्षिक वेतन वृद्धि तिथि से एक दिन पहले सेवानिवृत्त होने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारी उन्हें मिलने वाली पेंशन की गणना के उद्देश्य से सांकेतिक वेतन वृद्धि पाने के पात्र होंगे। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। यह कदम इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद उठाया गया है। इस बाबत केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने आदेश भी जारी कर दिया है। इससे कई कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

**आधिकारिक आदेश जारी किया**

केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने आदेश भी जारी किया

शीर्ष कोर्ट की व्यवस्था पर सरकार ने किया अमल



### वेतन वृद्धि की अनुमति देने के लिए कार्रवाई की जाए

कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह सलाह दी जाती है कि उच्चतम न्यायालय के 20 फरवरी 2025 के आदेश के अनुसरण में उन केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को वेतन वृद्धि की अनुमति देने के लिए कार्रवाई की जाए, जो देय होने से एक दिन पहले यानी 30 जून/ 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए या सेवानिवृत्त हो रहे हैं और जिन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि तक संतोषजनक कार्य और अच्छे आचरण के साथ अपेक्षित अर्हक सेवा प्रदान की है, ताकि उन्हें स्वीकार्य पेंशन की गणना की जा सके।

### 30 अप्रैल 2023 से पहले की अवधि के लिए बढ़ी हुई पेंशन का भुगतान नहीं होगा

सभी केंद्रीय मंत्रालयों को जारी आदेश में कहा गया है कि 30 अप्रैल, 2023 से पहले की अवधि के लिए बढ़ी हुई पेंशन का भुगतान नहीं किया जाएगा। केंद्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों के कल्याण के लिए काम कर रहे अखिल भारतीय एनपीएस कर्मचारी महासंघ ने इस निर्णय का स्वागत किया तथा केंद्र के प्रति आभार व्यक्त किया। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह पटेल ने सरकार से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन योजना का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को भी सांकेतिक वेतन वृद्धि का लाभ देने का अनुरोध किया। केंद्र सरकार के करीब 48.66 लाख कर्मचारी हैं।

### सांकेतिक वेतन वृद्धि को केवल स्वीकार्य पेंशन की गणना के उद्देश्य से गिनें

मौजूदा नियम कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को अपनी वेतन वृद्धि तिथि चुनने की अनुमति देते हैं। मंगलवार को जारी आदेश में कहा गया है कि जैसा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि एक जनवरी या एक जुलाई को दी गई सांकेतिक वेतन वृद्धि को केवल स्वीकार्य पेंशन की गणना के उद्देश्य से ही गिना जाएगा, न कि अन्य पेंशन लाभों की गणना के उद्देश्य से। उच्चतम न्यायालय के एक अन्य निर्देश का हवाला देते हुए मंत्रालय ने कहा कि एक मई 2023 को और उसके बाद एक वेतन वृद्धि देय होगी।

---

## खबर संक्षेप

### गुजरात में 5 वर्ष में शेरों की संख्या 217 बढ़ी

**अहमदाबाद।** गुजरात में एशियाई शेरों की संख्या में बीते पांच वर्षों में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई 2024 में गणना के अनुसार अब राज्य में शेरों की संख्या 891 हो गई है, जो कि 2020 में 674 थी। यानी शेरों की संख्या में 217 का इजाफा हुआ है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया शेर 11 जिलों में फैले हैं।



### गाजीपुर में करंट लगने से 4 मरे और 3 गंभीर

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में बुधवार को करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सपा के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के लिए जिम्मेदार बिजली कर्मियों को बर्खास्त करने और मृतकों के परिजनों तथा घायलों को मुआवजा देने की मांग की है।



### विजयपुरा जिले में सड़क दुर्घटना में 6 की मौत

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में बुधवार की सुबह दो 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' और एक निजी बस के बीच हुई सड़क दुर्घटना में 6लोगों की मौत हो गई। सोलापुर की ओर जा रही एक महिंद्रा एसयूवी-300 अनियंत्रित होकर सड़क का डिवाइडर पार कर गई और मुंबई से बल्लारी आ रही एक निजी बस से टकरा गई।



### अलीगढ़ में निजी बस खाक, कोई हताहत नहीं

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के सासनी गेट क्षेत्र में बुधवार सुबह एक निजी बस आग की चपेट में आने से जलकर खाक हो गई। बस के कुछ यात्रियों की सूझबूझ की वजह से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह घटना बुधवार सुबह सासनी गेट थाना क्षेत्र में बाइपास मार्ग के पास हुई।



---

## मुर्शिदाबाद हिंसा रिपोर्ट को लेकर टीएमसी पर बरसी भाजपा, बोले सुधांशु

# हिंदू विरोधी सरकार की क्रूरता वीभत्स रूप में दिखाई, पानी रोका, चुनिंदा घरों में आग लगाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुए दंगों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। इसके बाद भाजपा ने टीएमसी पर आरोपों की झड़ी लगा दी है। पार्टी ने उस पर चौतरफा हमला बोल दिया है। टीएमसी की कलई तो कोलकाता हाईकोर्ट ने खोल ही दी है। इस बीच भाजपा ने विपक्ष के धर्मनिरपेक्ष होने का चोला भी सामने ला दिया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि टीएमसी सरकार की हिंदू विरोधी क्रूरता अपने पूरे वीभत्स रूप में सामने आ गई है। दरअसल वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में बीते अप्रैल में हिंसा हुई थी। जिसमें 3 लोगों की जान चली गई थी।रिपोर्ट के आने के बाद त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया था। इसमें तीन सदस्य थे। उन्होंने 11 अप्रैल 2025 को हुई घटनाओं पर रिपोर्ट दिया है, जिससे टीएमसी, इंडिया गठबंधन और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के स्वयं नायकों का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है।

**विपक्ष** का धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा उतरा

### हाईकोर्ट की रिपोर्ट में पूरी सच्चाई उजागर

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय देश में जिस तरह से एक खास तरह की राजनीति चल रही है, उससे ऐसा लगता है कि कुछ लोग देश की आंतरिक सुरक्षा और ढांचे को नष्ट करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार नजर आती हैं। ऐसी स्थिति कई बार पश्चिम बंगाल में देखा जा चुका है। आज कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी की रिपोर्ट आने के बाद पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार की हिंदू विरोधी क्रूरता अपने पूरे वीभत्स रूप में उजागर हो गई है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा किया



### उच्च न्यायालय की समिति में ये थे शामिल

हाईकोर्ट ने एक तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के रजिस्ट्रार (कानून) जोगिंदर सिंह, पश्चिम बंगाल विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव सत्य अर्णब घोषाल और पश्चिम बंगाल न्यायिक सेवा के रजिस्ट्रार सौगत चक्रवर्ती शामिल थे। जांच टीम ने 17 मई को कलकत्ता हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। रिपोर्ट में बताया गया कि हिंसा के दौरान इलाके में रह रहे हिंदुओं को निशाना बनाया गया। इतना ही नहीं इस हिंसा में टीएमसी का एक नेता भी शामिल था। इस रिपोर्ट में बताया गया कि बेटबोना गांव में 113 घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया गया।

**स्थानीय पार्षद की तरफ से निर्देशित किए गए थे हमले, पुलिस थी मूकदर्शक**

रिपोर्ट में कहा गया कि हमले स्थानीय पार्षद से निर्देशित किए गए थे और पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए स्थायी बीएसएफ कैंप और केंद्रीय सशस्त्र बल चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोई जवाब नहीं दिया।

### हिंदुओं को खिलाफ अत्याचार सबने देखा

त्रिवेदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के संबंध में हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त समिति की एसआईटी रिपोर्ट के बाद टीएमसी सरकार के तहत किए गए हिंदू विरोधी अत्याचार स्पष्ट रूप से सामने आ गए हैं। तीन सदस्यों में से एक मानवाधिकार अधिकारी और दो बंगाल की न्यायिक सेवा से थे। उन्होंने रिपोर्ट दिया है, जिससे टीएमसी, इंडिया गठबंधन और तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के स्वयं नायकों का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है। पाकिस्तान के साथ युद्ध क्यों? सवाल करने वालों ने मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है। पिता और पुत्र हरगोविंद दास और चंदन दास की क्रूर हत्या के बारे में एक भी शब्द नहीं कहा गया है। फिर भी, इन्हीं लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। इसमें विपक्ष अब तक चुप रहा।

### महिलाओं और बच्चों के कपड़ों में तेल डालकर लगाई थी आग

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बदमाशों ने पानी का कनेक्शन काट दिया ताकि आग को पानी से न बुझाया जा सके। इसमें कहा गया है कि बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढंकने के लिए कपड़े नहीं थे।

**संबित पात्रा ने भी राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया**

### हिंदुओं से नफरत करती है बंगाल सरकार मुस्लिम होते तो आंदोलन करतीं ममता



प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने ममता पर यह तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी 'हिंदुओं से नफरत' करती हैं। पात्रा ने ममता पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अगर 'मुस्लिम भाइयों' के साथ ऐसा होता तो ममता बनर्जी जरूर आंदोलन करतीं और धरना देतीं।

---

**सर्वदलीय सांसदों के दौरे पर कांग्रेस का हमला**

# यह एक 'पीआर स्टंट' और ध्यान भटकाने की कोशिश

- गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनियाभर को संदेश देने के लिए सर्वदलीय सांसदों को विदेश दौरे पर भेज रही है। इस बात पर सियासत भी तेज हो गई है। जहां कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार के इस कृत्य की आलोचना की है। बुधवार को उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतरराष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है। जयराम ने कहा कि सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है। उन्होंने पूछा कि हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा?

### सर्वदलीय बैठक में पीएम नहीं थे

जयराम ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं। दो बैठकें तो हुईं, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की। जयराम ने कहा कि पाकिस्तान की आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन के साथ रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, लेकिन सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय गणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं। रमेश ने पात्रा के बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राहुल पाकिस्तान तो ऑक्सीजन दे रहे हैं। रमेश ने कहा कि जो आतंकी शामिल थे, उन्हें पकड़ो। उन्होंने कहा कि असली सवाल ये है कि पाकिस्तान को ऑक्सीजन किसने दी? चीन ने दी है।

**कांग्रेस के तन्खा बोले**

### सरकार का फैसला सही, कश्मीरी पंडितों का भी मुद्दा उठाएं



कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजे जाने के केंद्र के निर्णय की तारीफ की। उन्होंने सुझाव दिया चर्चा में कश्मीरी पंडितों का मुद्दा भी शामिल होना चाहिए। तन्खा ने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है और सरकार दुनिया को जागरूक करना चाहती है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' क्यों हुआ? हमने ऑपरेशन के जरिए सिर्फ आतंकियों को निशाना बनाया। ये प्रतिनिधिमंडल विदेश जाकर भारत का पक्ष रखेगा और मुझे लगता है कि इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

---

**नेशनल हेराल्ड मामला**

## राउज एवेन्यू में 2-8 जुलाई तक रोजाना होगी सुनवाई





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट में नेशनल हेराल्ड मामले ने नया मोड़ ले लिया है, जहां कांग्रेस के दिग्गज नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। ईडी की शिकायत पर कोर्ट ने 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई का फैसला किया है। यह 90.25 करोड़ के लोन और 2,000 करोड़ की संपत्ति के दुरुपयोग से जुड़ा है।

### लोन, शेयर और साजिश का खेल

नेशनल हेराल्ड मामला कांग्रेस और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के बीच 90.25 करोड़ के लोन से है। ईडी का आरोप है कि यह लोन यंग इंडियन नामक कंपनी को सिर्फ 50 लाख में हस्तांतरित कर दिया गया, जिसके पीछे 2,000 करोड़ की संपत्ति पर कब्जा करने की साजिश थी। कोर्ट ने ईडी से पूछा एजीएल का असली मालिक कौन है?

### हनुमान जी का 1,008 घड़ों के जल से अभिषेक



बीकानेर। बढ़ते तापमान के बीच बुधवार को मंदिर के पुजारी और भक्तों ने भगवान हनुमान का 1,008 घड़ों के जल से विशेष अभिषेक किया।

---

*कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका पर विवादित टिप्पणी का मामला*

**जमानत बांड भरें**

## प्रो.खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त अंतरिम जमानत, 3 सदस्यीय एसआईटी करेगी जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अली खान महमूदाबाद को महिला सैन्य अफसरों कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने महमूदाबाद को सीजेएम, सोनीपत की संतुष्टि के लिए जमानत बांड भरने को भी कहा है। खान महमूदाबाद को निर्देश दिया है कि वे दोनों पोस्ट से संबंधित कोई भी ऑनलाइन लेख नहीं लिखेंगे या भाषण नहीं देंगे जो जांच का विषय है। कोर्ट ने उन्हें भारतीय धरती पर आतंकवादी हमलों या हमारे राष्ट्र द्वारा दी गई जवाबी प्रतिक्रिया के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से रोक दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। 3 आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी के गठन का भी आदेश दिया है। इसमें एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी जो राज्य से बाहर की होगी। 24 घंटे के भीतर एसआईटी का गठन किया जाए।

### पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा को भी दी राहत



सुप्रीम कोर्ट ने आईएएस की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को अग्रिम जमानत दे दी। उन पर परीक्षा में धोखाधड़ी, ओबीसी, दिव्यांगता श्रेणी के तहत आरक्षण का गलत लाभ का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा जांच में सहयोग करें।

---

*नकद जब्ती मामले में उच्चतम न्यायालय ने की सुनवाई*

**सरकार को रिपोर्ट भेजी**

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की याचिका को कर दिया खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से नकदी बरामद होने के मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 मई को शीर्ष अदालत द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अंकित है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश ने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और न्यायाधीश के जवाब को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया है।

### याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकारियों के समक्ष निराकरण करना होगा

पीठ ने कहा कि आदेश की मांग करने से पहले याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखकर अपनी शिकायत का निवारण करना होगा। इसलिए हम इस रिट याचिका पर विचार करने से इनकार करते हैं। इस स्तर पर अन्य याचिकाओं पर गौर करना आवश्यक नहीं है। आंतरिक जांच समिति द्वारा वर्मा को दोषी ठहराए जाने के बाद पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने का संकेत दिया था। जब न्यायमूर्ति वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया तो खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। विवाद के बीच वर्मा का स्थानांतरण दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय कर दिया गया। अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और तीन अन्य द्वारा दायर याचिका में आपराधिक कार्यवाही तत्काल शुरू करने का अनुरोध किया गया।

---

**तटीय राज्य गोवा में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा**

# आर्थिक विकास युद्ध जैसे हालात में संभव नहीं होगा

एजेंसी ▶▶ पणजी

गोवा की राजधानी पणजी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र, विकसित भारत बने, इसके लिए प्रति व्यक्ति आय में 8गुना वृद्धि आवश्यक है। यह तभी संभव है जब हमारे सीमाओं पर शांति हो। आर्थिक विकास युद्ध जैसे हालातों में नहीं हो सकता। विकास और प्रगति के लिए शांति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आज का भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति और समुद्री शक्ति दोनों के रूप में उभर रहा है, जो शांति, सतत विकास और प्रगति के प्रति प्रतिबद्ध है। हम पहले ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति के रूप में उभर रहे हैं। हमारे समुद्र आज हमारे लिए पहले से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हैं।

### विकास और प्रगति के लिए शांति का होना अत्यावश्यक



**पीएम मोदी काम के प्रति प्रतिबद्ध**

धनखड़ ने कहा कि आज लगभग 300 करोड़ की लागत वाली तीन परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की गईं। नरेंद्र मोदी सरकार की एक विशेषता है-वे समर्पण करते हैं, मतलब काम को तेजी से पूरा करते हैं। प्रधानमंत्री का जुनून विकास के लिए है, विकास उनका मिशन है। वे तेज और बड़े पैमाने पर निष्पादन में विश्वास करते हैं। आज जिन परियोजनाओं को समर्पित किया गया है, वे भारत की बदलती छवि को परिभाषित करती हैं।

**ताबूतों ने दिया 'ऑपरेशन सिंदूर' का सबूत**

धनखड़ ने गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी के कार्यक्रम में कहा कि आतंकियों ने खुद ही 'ऑपरेशन सिंदूर' का सबूत पूरी दुनिया को दे दिया है। जिन आतंकियों को इस ऑपरेशन में निशाना बनाया गया, उनके ताबूतों को पाक सेना और आतंकी संगठन खुद ले जा रहे थे।

### समुद्रों में नियम आधारित व्यवस्था होना जरूरी

धनखड़ ने यह भी कहा कि तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में जहां वैश्विक व्यापार, सामरिक चोक पॉइंट्स, साइबर खतरे और अंतरराष्ट्रीय अपराध आपस में जुड़े हैं, समुद्र में नियम आधारित व्यवस्था को लागू करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। यह अत्यंत आवश्यक है कि समुद्रों में नियम आधारित व्यवस्था बनी रहे। भारत की समुद्री सुरक्षा लचीली, सक्रिय और भविष्य के लिए तैयार होनी चाहिए। हमें शिपबिल्डिंग में तेजी लानी होगी और इसमें नेतृत्व करना होगा। हम माल का लगभग 70 फीसदी समुद्री रास्ते ले जाते हैं।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद फिर शुरू

# जून से अगस्त के बीच होगी यात्रा, विदेश मंत्रालय ने लॉटरी सिस्टम से सौभाग्यशाली यात्रियों के नामों की घोषणा की

- इस साल कुल 5561 यात्रियों ने पंजीयन कराया था
- यात्रा के लिए कुल 750 यात्रियों का चयन किया गया

विदेश मंत्रालय ने बताया है कि जून से अगस्त के बीच 50-50 यात्रियों का कुल 15 जत्था मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना होगा। इनमें से 50-50 के पांच यात्री जत्था लिपुलेख के रास्ते मानसरोवर जाएंगे, जबकि 50-50 यात्रियों के 10 जत्थे अलग-अलग समय नाथु ला रूट से रवाना होंगे



**2019 में बंद हुई थी कैलाश मानसरोवर यात्रा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पांच वर्ष बाद इस साल जून से एक बार फिर भारतीय तीर्थयात्री मानसरोवर की यात्रा पर जा सकेंगे। इस बारे में चीन और भारत के बीच पहले से ही बनी सहमति के बाद बुधवार को विदेश मंत्रालय ने लॉटरी सिस्टम के जरिए सौभाग्यशाली यात्रियों के नामों की घोषणा की। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि जून से अगस्त के बीच 50-50 यात्रियों का कुल 15 जत्था मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना होगा। इनमें से 50-50 के पांच यात्री जत्था लिपुलेख के रास्ते मानसरोवर जाएंगे, जबकि 50-50 यात्रियों के 10 जत्थे अलग-अलग समय नाथु ला रूट से रवाना होंगे। यह भी बताया गया है कि दोनों मार्ग काफी हद तक कार से जाने लायक बना दिए गए हैं, इसलिए यात्रियों को बहुत ही कम यात्रा पैदल करनी होगी।

### आदि कैलाश के दर्शन कर लौटा पहला जत्था



उत्तराखंड की पवित्र यात्राओं में आदि कैलाश यात्रा का पहला जत्था लौट आया। भगवान शिव के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने आदि कैलाश दर्शन को अद्भुत अनुभव बताया। बता दें, पहला जत्था हल्द्वानी से रवाना हुआ था। पहले दल में कुल 20 श्रद्धालु शामिल हैं। जिनमें 13 पुरुष और 7 महिलाएं थीं। इस दल में 6 श्रद्धालु महाराष्ट्र, 7 तमिलनाडु, 7 उत्तराखंड से हैं। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। 76 वर्षीय मुरली प्रसाद ने बताया वे हर साल ऐसी तीर्थ यात्राओं में जाते हैं। उन्होंने कहा, शरीर भले बूढ़ा हो जाए, लेकिन मन और श्रद्धा कभी थकती नहीं, आदि कैलाश की ओर बढ़ते कदम मेरी आत्मा को आनंदित कर रही थी।

*बता दें, वर्ष 2019 के बाद कोविड और भारत-चीन संबंधों के खराब होने की वजह से कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद कर दी गई थी। इसको फिर से शुरू करने की सहमति अक्टूबर, 2024 में पीएम नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात में बनी। तब दोनों नेताओं ने अप्रैल, 2020 से पूर्वी लद्दाख से सटे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) में चीनी सेना की घुसपैठ के बाद उपजे तनाव को समाप्त करने को सहमत हुए थे। इसके बाद जब दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बैठक हुई थी तब कैलाश मानसरोवर को फिर से शुरू करने पर अंतिम फैसला हुआ था।*

**लॉटरी सिस्टम कंप्यूटर आधारित पूरी तरह से पारदर्शी प्रणाली**

*नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्द्धन सिंह में चयनित यात्रियों के नाम लॉटरी सिस्टम के जरिए निकाले। विदेश मंत्रालय का दावा है कि लॉट्री प्रणाली कंप्यूटर आधारित है, जो पूरी तरह से पारदर्शी है। इस साल कुल 5561 यात्रियों ने पंजीयन कराया था। इसमें 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं थीं। इसमें से 750 यात्रियों का चयन किया गया है।*

### कैलाश-मानसरोवर और आदि कैलाश में अंतर

*हिन्दू मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव माता पार्वती के साथ कैलाश में रहते हैं। यह पर्वत अपने आप में ही रहस्यमय है क्योंकि आज तक कोई इसकी चढ़ाई नहीं कर पाया है। मानसरोवर शब्द दो भागों से बना है 'मानस' यानी मन और 'सरोवर' यानी झील। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस झील की रचना भगवान ब्रह्मा ने अपने मन से की थी। कैलाश मानसरोवर तीर्थ पर चीन ने 1962 पर कब्जा कर लिया था। माउंट कैलाश 6638 मीटर (21778 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा के बीच आपको आदि कैलाश, मानसरोवर, पार्वती झील और गौरी कुंड, माउंट कैलाश के भी दर्शन करने को मिलेंगे। जबकि आदि कैलाश उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला तहसील के अंतिम गांव में स्थित हैं। आदि कैलाश को छोटा कैलाश भी कहा जाता है। आदि कैलाश के जाने के लिए आपको न ही किसी वीजा की जरूरत है न ही भारत-चीन सीमा पार करने की। आदि कैलाश के दर्शन आप आराम से कर सकते हैं।*

---

## बीजिंग पहुंचे पाक विदेश मंत्री और अफगानी मंत्री | भारत के खिलाफ चीन-पाक की नई साजिश!

# चीन प्रायोजित बीआरआई अफगानिस्तान तक जुड़ेगा, सीपीईसी प्रोजेक्ट को बढ़ाया

**60 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है सीपीईसी प्रोजेक्ट**

इस परियोजना के तहत चीन के औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाला सड़क मार्ग पाक अधिकृत कश्मीर से होते हुए ग्वादर पोर्ट (बलूचिस्तान, पाकिस्तान) तक जाता है। अब इस पोर्ट से अफगानिस्तान को जोड़ने की चीन की मंशा परवान चढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने बुधवार को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमत हुए हैं। इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सीपीईसी से संबंधित घोषणा पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग यी और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच बीजिंग में एक अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक के बाद की गई। इस परियोजना के तहत चीन के औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाला सड़क मार्ग पाक अधिकृत कश्मीर से होते हुए ग्वादर पोर्ट (बलूचिस्तान, पाकिस्तान) तक जाता है।



**सड़क मार्ग पीओके से होते हुए ग्वादर पोर्ट तक जाता है**

### तीनों देशों ने किया आपसी सहयोग

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि तीनों विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक कनेक्टिविटी के लिए त्रिपक्षीय सहयोग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई है। तीनों ने 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) सहयोग को गहरा करने और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को अफगानिस्तान तक विस्तारित करने पर सहमति व्यक्त की। इन तीनों के बीच कूटनीतिक संपर्क स्थापित करने, आपसी संवाद बढ़ाने, आपसी कारोबार बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाने को लेकर भी बात हुई है। तीनों मंत्रियों के बीच आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाने और इस क्षेत्र में स्थिरता लाने पर भी विमर्श हुआ है। बीआरआई के तहत 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाले सीपीईसी के निर्माण का भारत इस आधार पर विरोध करता है कि यह कश्मीर के उस हिस्से से गुजरता है जिस पर पाकिस्तान ने अनाधिकृत तरीके से कब्जा कर रखा है।

### कुनार नदी पर बांध बनाएगा अफगानिस्तान

भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से कुनार नदी पर डैम बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। अफगानिस्तान के मंत्री ने हाल ही में कहा था कि उनका देश कुनार नदी पर भी बांध बनाएगा। जनरल मुबीन ने कहा था कि यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे। पाक पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है। चित्राल नदी, अफ़ग़ानिस्तान में कुनार नदी के नाम से भी जाना जाता है, उत्तरी पाकिस्तान और पूर्वी अफ़ग़ानिस्तान में 480 किमी. लंबी नदी है।

### शहतूत डैम प्रोजेक्ट में अफगानिस्तान की मदद करेगा भारत

*वहीं, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। ईरान स्थित चाबहार पोर्ट को अफगानिस्तान से जोड़ने की सड़क व रेल मार्ग की संभाव्यता पर भी बात हुई थी। तालिबान ने इसमें सहयोग देने का वादा किया था। साथ ही भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। भारत और अफगानिस्तान ने फरवरी 2021 में शहतूत बांध के लिए एक समझौता किया था। शहतूत डैम एक हाइड्रोपावर और इरिगेशन प्रोजेक्ट है। भारत 236 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता दे रहा है। यह प्रोजेक्ट 3 साल में पूरा होगा और 4 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई करेगा।*

### चीन ने एक तीर से साधे कई निशाने

चीन ने परियोजना के लिए तालिबान सरकार को तैयार कर एक तीर से कई निशाने साधे हैं। पहला, चीन ने एक झटके में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे तनाव को काफी हद तक कम कर दिया है। पाकिस्तान व फगानिस्तान में पिछले कई महीनों से तनाव है। यहां तक कि भारत ने जब 7-8 मई, 2025 को ऑपरेशन सिंदूर लांच किया तो अफगानिस्तान ने इससे संबंधित मामले में परोक्ष तौर पर भारत का समर्थन किया।

---

## अमेरिकी सुरक्षा का नया कवच

# ट्रंप ने अत्याधुनिक तकनीक 'गोल्डन डोम' लागू करने का किया ऐलान

- दुश्मन देशों की मिसाइलों को सीमा में आने से पहले नष्ट करेगा
- पूरी तकनीक पर 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे

**प्रोजेक्ट अमेरिकी स्पेस फोर्स के जनरल गुटलीन के नेतृत्व में बनाया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश की सुरक्षा के लिए एक अत्याधुनिक तकनीक लागू करने की घोषणा की है। 'गोल्डन डोम' नाम की इस तकनीक को अमेरिका की नामी सुरक्षा उत्पाद कंपनी लॉकहीड मार्टिन द्वारा बनाया जाएगा। इसकी मदद से अमेरिकी आकाश और जमीन की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी। गोल्डन डोम का उद्देश्य जमीन, आकाश और अंतरिक्ष से होने वाले किसी भी प्रकार के हमले की तुरंत पहचान करेगा और उसे अमेरिकी सीमा में आने से पहले ही नष्ट करेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने जोर देकर कहा है कि अमेरिका कई दुश्मन देशों की मिसाइल का लक्ष्य है और इनसे निपटने के लिए यह तकनीक आवश्यक है। लॉकहीड मार्टिन इस तकनीक को बनाने वाली प्रमुख कंपनी होगी। हालांकि, अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन को इसके लिए 180 से ज्यादा कंपनियों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त हुए थे। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस पूरी तकनीक पर 175 बिलियन डॉलर (14,52,500 करोड़ रुपए) खर्च होंगे।



### जनवरी 2029 तक शुरू हो जाएगा

*ट्रंप ने गोल्डन डोम सुरक्षा प्रणाली का जिक्र जनवरी में अपने शपथ ग्रहण के बाद किया था। उन्होंने शुरुआत में इस प्रोजेक्ट के लिए 25 बिलियन डॉलर का बजट जारी किया था। उनका दावा था कि यह प्रणाली जनवरी 2029 तक काम करना शुरू कर देगी। इसके लिए उन्होंने वन बिग ब्यूटिफुल बिल एक्ट नाम का कानून भी बनाया है। इस प्रोजेक्ट को अमेरिकी स्पेस फोर्स के जनरल माइकल गुटलीन के नेतृत्व में बनाया और लागू किया जाएगा। उनके पास मिसाइल डिफेंस सिस्टम और स्पेस ऑपरेशंस का 30 साल का अनुभव है।*

### नेक्स्ट जनरेशन मिसाइल डिफेंस टेक्निक शील्ड

*'गोल्डन डोम', अमेरिका द्वारा विकसित की जा रही नेक्स्ट जनरेशन मिसाइल डिफेंस टेक्नीक शील्ड है। इसे हाइब्रिड सिस्टम भी कहा जा रहा है जो हवा, आकाश और अंतरिक्ष से होने वाले किसी भी प्रकार के हमले का पता लगाने, उसे ट्रैक करने और निष्क्रिय करने में सक्षम है।*

---

## खबर संक्षेप

### चावल पर टिप्पणी के बाद कृषि मंत्री ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** चावल पर विवादास्पद टिप्पणी के बाद जापान के कृषि मंत्री ताकू एटो ने इस्तीफा दे दिया।



एटो ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें कभी भी चावल खरीदना नहीं पड़ा बल्कि वह उन्हें समर्थकों से उपहार में मिला जाता था। उनका यह बयान ऐसे समय में आया जब देश के लोग चावल की बढ़ी कीमतों को लेकर परेशान है। इस बयान से जापान के लोगों में आक्रोश था और उन्हें बयान के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। यह बयान जुलाई में होने वाले चुनाव में पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है।

### महिला सांसद ने सदन में दिखाई अपनी न्यूड तस्वीर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी संसद की सदस्य नैंसी मेसी ने सदन में कुछ ऐसा किया,



जिसकी चर्चा दुनियाभर में हो रही है। दरअसल, उन्होंने अपनी नग्न तस्वीर संसद में दिखाया। उन्होंने तस्वीर दिखाते हुए दावा किया उनके पूर्व मंगेतर ने उनकी सहमति के बिना चोरी-छिपे उनकी तस्वीरें खींची। यह घटना हाउस ओवरसाइट कमेटी के सत्र के दौरान हुई, जब मेस वीडियो वॉयेरिज्म के खिलाफ सख्त कानूनों की वकालत कर रही थीं। हालांकि, उनके पूर्व मंगेतर ने मेस के आरोपों को बेबुनियाद बताया है।


---

## कोलकाता के आसमान में दिखे ड्रोन

# सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, जांच में जुटी सेना और पुलिस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता के आसमान में रहस्यमयी ड्रोन दिखने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन सोमवार की रात को दिखाई दिए। ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें कौन चला रहा था, इसकी जांच कोलकाता पुलिस कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमवार रात कोलकाता के कई इलाकों में इन ड्रोन को मंडराते हुए देखा गया। विक्टोरिया मेमोरियल से लेकर ब्रिगेड ग्राउंड तक ड्रोन उड़ते हुए देखे गए।



### घटना की सत्यता की पुष्टि कर रहे

जैसे ही यह जानकारी सामने आई, कोलकाता पुलिस सतर्क हो गई और ड्रोन के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। दूसरी ओर भारतीय सेना ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि इसकी जांच की जा रही है।

---

## यू-ट्यूबर ज्योति पर नया खुलासा

# पीआईओ के संपर्क में थी दानिश से की चैट मिटाई

एजेंसी ▶▶ हिसार

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से जांच एजेंसियां लगातार पूछताछ कर रहीं हैं। पहले वह ज्यादातर सवालों के जवाब में खुद को बेकसूर बता रही थी। पर, अब बदल-बदल कर बयान दे रही है। सूत्रों के मुताबिक वह जांच को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। एजेंसियों को पता लगा है कि पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी दानिश के साथ दो बार बातचीत की चैट उसने डिलीट कर दी है।



### महाकुंभ में भी गई थी रामलला के किए थे दर्शन

ज्योति मल्होत्रा काशी आती-जाती रही है। उसके यू-ट्यूब चैनल पर श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार सहित अलग-अलग स्थानों के 12 वीडियो अपलोड हैं। वाराणसी पुलिस और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट पता कर रही हैं कि ज्योति कहां-कहां गई थी और उसने कैसी-कैसी सूचनाएं जुटाईं।

---

**हिंद प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते हालात पर यूएन में भारत ने जताई चिंता**

# समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी रणनीति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा है कि समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इंडो-पैसिफिक (हिंद-प्रशांत) क्षेत्र में बदलते हालात और नए खतरों को देखते हुए भारत लगातार अपनी रणनीति को आधुनिक बना रहा है। भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि, पी. हरीश ने यूएनएससी की उच्च-स्तरीय खुली बहस में कही। बैठक की अध्यक्षता ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोताकिस ने की।

### समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा दे रहा भारत

हरीश ने कहा कि भारत के पास लंबा समुद्री तट, मजबूत नौसैनिक ताकत और समुद्री समुदाय है। इस कारण भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति की



भूमिका निभा रहा है। भारत की रणनीति पारंपरिक खतरों (जैसे– अन्य देशों से सैन्य खतरे) और गैर-पारंपरिक खतरों (जैसे– पायरेसी, नशीली दवाओं की तस्करी, अवैध मानव प्रवास, गैर-कानूनी मछली पकड़ना, आतंकवाद) से निपटने के लिए बनाई गई है। भारत 'यूएन समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस)' के सिद्धांतों के अनुसार एक मुक्त, खुला और नियम आधारित समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा दे रहा है। भारत समुद्री क्षमता निर्माण, समुद्री रणनीति, सुरक्षा और प्रशासन को मजबूत करने पर काम कर रहा है।

### समुद्री सुरक्षा आर्थिक वृद्धि की रीढ़

हरीश ने बताया कि, समुद्री सुरक्षा भारत की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ है क्योंकि व्यापार मार्ग, ऊर्जा आपूर्ति और रणनीतिक हित समुद्रों से जुड़े हैं। भारत क्षेत्रीय कूटनीति, मजबूत रक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और घरेलू ढांचे को संतुलित रखते हुए आगे बढ़ रहा है।

---

## फील्ड में मार खाकर 'फील्ड मार्शल' बना आसिम मुनीर

# पीएम शरीफ की गिरती साख के बीच तख्तापलट की तैयारी!

- पीएम शरीफ का अपने मुल्क पर नियंत्रण नहीं
- मुनीर को पाक में सुरक्षित रहने की चिंता सताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

4 दिन में ही भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को जिस तरह से घुटनों पर ला दिया, अब पाकिस्तान का जनरल इस हार को बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। जनरल आसिम मुनीर ने पाकिस्तान में अपना प्रमोशन करवाकर, अब नई स्क्रिप्ट लिखना शुरु कर दी है। और वो स्क्रिप्ट है पाकिस्तान में फिर एक बार तख्तापलट की। पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को अपने आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर को अब फ़ील्ड मार्शल बनाने का फ़ैसला किया है। साथ ही पाकिस्तानी सरकार ने एयर चीफ़ मार्शल ज़हीर अहमद बाबर सिद्धू का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी उन्हें पाकिस्तानी वायु सेना के प्रमुख के पद पर बनाए रखने का फ़ैसला लिया है।



### पाक पीएम सेना की कठपुतली बने

ये फैसले पीएम शहबाज़ शरीफ़ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए हैं। इसी से समझ में आता है कि पीएम शहबाज शरीफ सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तानी जनरल की कठपुतली बन चुके हैं।

### पाक में चार बार तख्तापलट हो चुका है

जब किसी देश की सेना, वर्तमान सरकार को हटाकर खुद सत्ता पर काबिज हो जाती हैं, तो उसे सैन्य तख्तापलट कहते हैं। पाक में ऐसा 4-4 बार हो चुका है। पहला 1953-54 में, दूसरा 1958 में, तीसरी बार 1977 में जनरल जियाउल हक ने तत्कालीन पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार गिराई गई थी। चौथा तख्तापलट 1999 में जनरल परवेज मुशर्रफ ने किया था।

### मुनीर का प्रमोशन 'कांटों का ताज'

मुनीर पाकिस्तान के इतिहास में दूसरे फील्ड मार्शल बन गए हैं। इससे पहले अयूब खान ही फील्ड मार्शल बनाए गए थे। मुनीर को लगता है फील्ड मार्शल के कवच में, वो ताउम्र पाक में सुरक्षित रहेंगे,। पाकिस्तानी सेना के जनरलों पर भ्रष्टाचार के आरोप नई बात नहीं। मुशर्रफ से लेकर कमर जावेद बाजवा तक भ्रष्टाचार में फंसे भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जाने के डर से मुल्क छोड़कर भागे। आसिम मुनीर को भी पता है कुर्सी छोड़ने के बाद कुछ भी संभव है।

---

## फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान

# सैफुल्लाह की शोक सभा में भारत के खिलाफ उगला जहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान में एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया है कि वहां की सेना और आतंकी संगठनों के बीच गहरा गठजोड़ है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी रजाउल्लाह निजामनी उर्फ सैफुल्लाह की मौत पर शोक सभा का आयोजन पाकिस्तान मरकज मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) की सिंध यूनिट द्वारा किया गया। यही पार्टी हाफिज सईद के बेटे ताल्हा सईद की है। इस सभा में जहां एक ओर आतंकी सैफुल्लाह की मौत पर अफसोस जताया गया, वहीं दूसरी ओर भारत के खिलाफ जमकर जहर भी उगला।



### हमजा गंभीर रूप से घायल

आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सह-संस्थापक आमिर हमजा के अचानक अस्पताल में भर्ती किए जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि 66 वर्षीय हमजा अपने घर पर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे आईएसआई की सुरक्षा में लाहौर के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदीजी आज राजस्थान का दौरा करेंगे

वे बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे

हरिभूमि नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को राजस्थान का दौरा करेंगे। वे बीकानेर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे।



इसके बाद सुबह करीब 11:00 बजे प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, वह 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उद्घाटन करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे और पलना में एक सार्वजनिक समारोह को भी संबोधित करेंगे। देश में रेल बुनियादी ढांचे में लगातार सुधार और वृद्धि करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1,300 से अधिक स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय वास्तुकला को प्रतिबिंबित करने और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। करणी माता मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सेवा करने वाला देशनोक रेलवे स्टेशन मंदिर वास्तुकला और मेहराब और स्तंभ विषय से प्रेरित है

तेलंगाना में बेगमपेट रेलवे स्टेशन काकतीय साम्राज्य की वास्तुकला से प्रेरित है। बिहार में थावे स्टेशन में 52 शक्तिपीठों में से एक मां थावेवाली का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न भित्ति चित्र और कलाकृतियाँ शामिल हैं और इनमें मधुबनी पेंटिंग्स को दर्शाया गया है। गुजरात में डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी महाराज से प्रेरित है। भारत भर में पुनर्विकसित अमृत स्टेशन सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे, दिव्यांगजनों सहित यात्री-केंद्रित सुविधाओं और यात्रा के अनुभव को बढ़ाने के लिए टिकाऊ प्रथाओं को एकीकृत करते हैं। भारतीय रेलवे अपने नेटवर्क के 100% विद्युतीकरण की ओर अग्रसर है, जिससे रेलवे संचालन अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल हो रहा है। इसके अनुरूप, प्रधान मंत्री चूरू-सादुलपुर रेल लाइन (58 किमी) की आधारशिला रखेंगे और सूरतगढ़-फलोदी (336 किमी राज्य में सड़क अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री 3 वाहन अंडरपास के निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की आधारशिला रखेंगे। वे राजस्थान में 7 सड़क परियोजनाओं को भी समर्पित करेंगे। 4850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ये सड़क परियोजनाएं माल और लोगों की सुगम आवाजाही की सुविधा प्रदान करेंगी। राजमार्ग भारत-पाक सीमा तक फैले हुए हैं, जो सुरक्षा बलों के लिए सुगमता को बढ़ाते हैं और भारत के रक्षा अवसंरचना को मजबूत करते हैं।

# टीटी लिमिटेड का टीटी बाजार -आम भारतवासी का फैशन बाज़ार

**नई दिल्ली**। टीटी लिमिटेड के स्वामित्व वाला टीटी बाजार देशभर में अपनी पहुंच को तेजी से बढ़ा रहा है। अब तक टीटी बाजार ने 100 से अधिक स्टोर्स सफलतापूर्वक खोल लिए हैं, और अगले वर्ष तक इस संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।

**टीटी बाजार का उद्देश्य है** – उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र और रोजमर्रा के उपयोगी उत्पादों को सस्ती कीमतों पर आम जनता तक पहुंचाना। यहां ग्राहकों को महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए विस्तृत वस्त्र संग्रह, अंडरगारमेंट्स, एसेसरीज़ और कई घरेलू उपयोगी वस्तुएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होती हैं। टीटी लिमिटेड, जो वर्षों से भारत में वस्त्र उद्योग का एक भरोसेमंद नाम रहा है, अब खुदरा क्षेत्र में भी आम उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन रहा है। टीटी बाजार का हर स्टोर ग्राहकों को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और भरोसेमंद खरीदारी अनुभव देता है। हमारी योजना हर शहर में एक टीटी बाजार स्टोर खोलने की है ताकि भारत के हर कोने में गुणवत्ता और किफायत दोनों का संगम पहुँचे।

ब्रांड ने ऐसी ज्वैलरी पेश की है, जो व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति, अर्थपूर्ण उपहार और दैनिक स्टाइल का प्रतीक को दर्शाती है

# कैनडियर ने शाहरुख़ ख़ान को बनाया अपना ब्रांड एम्बेसडर

**मुंबई**। कल्याण ज्वैलर्स के लाइफस्टाइल ज्वैलरी ब्रांड कैनडियर ने बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख़ ख़ान को अपना नया ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। यह साझेदारी कैनडियर की राष्ट्रीय विस्तार रणनीति का एक अहम पड़ाव है, और आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ज्वैलरी को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। ब्रांड ने ऐसी ज्वैलरी पेश की है, जो व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति, अर्थपूर्ण उपहार और दैनिक स्टाइल का प्रतीक बने।



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख़ ख़ान, जिनकी लोकप्रियता सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर फैली है, अब कैनडियर के डिजिटल, टीवी, प्रिंट और इन-स्टोर कैंपेन का चेहरा होंगे। उनके कालातीत आकर्षण और गहराई से जुड़े फैनबेस के चलते वे कैनडियर के विज़न के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं।

कैनडियर के डायरेक्टर, श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, 'भारतीय ज्वैलरी उद्योग में अब स्पष्ट सेगमेंटेशन देखने को मिल रहा है - उपभोक्ता अब ऐसी ज्वैलरी चाहते हैं जो उनके व्यक्तित्व, जीवनशैली और खास मौकों से मेल खाए। कैनडियर इसी बदलाव के अनुरूप बना है — खासकर उन लोगों के लिए जो दिल से जेन जेड हैं: अभिव्यक्तिपूर्ण, अलग और डिजिटल रूप से जुड़े हुए। शाहरुख़ ख़ान के साथ हमारी साझेदारी हमारी इन्हीं भावनाओं को दर्शाती है। वे पीढ़ियों को जोड़ते हैं और आज के दौर में भी उनकी लोकप्रियता शानदार है। उनके साथ हम यह संदेश देना चाहते हैं कि कैनडियर की ज्वैलरी अब सिर्फ साज-सज्जा नहीं, बल्कि पहचान और इरादे की सोच-समझकर की गई एक विचारशील, व्यक्तिगत अभिव्यक्ति है।"

कैनडियर ने अपने डिज़ाइन-प्रेरित और आधुनिक संग्रहों के साथ लाइफस्टाइल ज्वैलरी के क्षेत्र में एक अनोखी पहचान बनाई है। जहां यह ब्रांड महिलाओं की समकालीन ज्वैलरी के लिए जाना जाता है, वहीं पुरुषों के लिए भी इसका कलेक्शन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, यह बाजार में सबसे विस्तृत पुरुष ज्वैलरी संग्रहों में से एक पेश करता है।


कैनडियर के ब्रांड एम्बेसडर शाहरुख़ ख़ान ने कहाः "ज्वैलरी हमेशा प्यार, यादों और पहचान की एक सशक्त अभिव्यक्ति रही है। मैं कल्याण ज्वैलर्स समूह के ब्रांड कैनडियर के साथ जुड़कर बेहद उत्साहित हूं - यह ब्रांड एक ताज़ा और आधुनिक सोच प्रस्तुत करता है कि आज के दौर में लोग कैनडियर कैसे पहनते हैं और उपहार में देते हैं। इसमें खूबसूरती है, प्रासंगिकता है और यह उन लोगों से जुड़ता है जो हर पल को अर्थपूर्ण बनाना चाहते हैं।"

कैनडियर की ओम्नी-चैनल रणनीति ग्राहकों को एक सहज अनुभव देती है - चाहे वे ऑनलाइन खरीदारी करें या फिज़िकल स्टोर पर जाएं। कल्याण ज्वैलर्स की विरासत से प्रेरित यह ब्रांड रु. 10,000 से शुरू होने वाले कलेक्शनों के साथ शैली और किफ़ायत का बेहतरीन मेल प्रस्तुत करता है - जो रोज़मर्रा के उपयोग और विशेष मौकों के लिए आदर्श है।

75 से अधिक रिटेल स्टोर्स और पूरे भारत में बढ़ते नेटवर्क के साथ, कैनडियर आज की लाइफस्टाइल ज्वैलरी को नए मायनों में एक नई पहचान दे रहा है - जहां डिज़ाइन सिर्फ शोभा नहीं, बल्कि व्यक्तिगत शैली की सच्ची अभिव्यक्ति बन चुका है।

# 100 की उम्र में बने विश्व के सबसे बुजुर्ग बॉडी बिल्डर, तोड़ा गिनीज रिकॉर्ड!

**न्यूयार्क**। फिटनेस किसी खास उम्र के लिए नहीं होती है। हर उम्र के इंसान के लिए वह जरूरी होती है। लेकिन, क्या एथलीट होना भी एक उम्र तक सही हैं? इस सवाल को कई बुजुर्ग चुनौती देते हैं। कोई जिम करता है कोई लंबी दौड़ लगाता है, वहीं कुछ बुजुर्ग बॉडी बिल्डर भी हैं। पर किसी बॉडीबिल्डर की अधिकतम आयु भला कितना हो सकती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह उम्र 100 साल है। एंड्रयू बास्तिनो ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है। हाल ही में, उन्होंने मेन्स फिजिक प्रतियोगिता में भाग लेकर विश्व के सबसे बुजुर्ग बॉडीबिल्डर का खिताब अपने नाम किया और गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।



**द्वितीय विश्व युद्ध में थे सैनिक** : वे लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गए हैं। कई लोगों को यकीन नहीं होता है, लेकिन एंड्रयू द्वितीय विश्व युद्ध देखने वाले चुनिंदा लोगों में से एक हैं। एंड्रयू का जन्म 1925 में हुआ था, एक प्राकृतिक एथलीट के रूप में, उन्होंने हमेशा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में एक सैनिक के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती

**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

# दुनिया का इकलौता मंदिर, जहां प्रभु श्रीराम आजानुबाहु रूप में हैं विराजमान

छतरपुर जिले के जानराय टौरिया में राम जी का एक ऐसा प्राचीन मंदिर है, जो 600 साल से भी ज्यादा पुराना है। निर्मोही अखाड़ा जानराय टौरिया आजान भुज सरकार के श्री महंत भगवान दास महाराज के मुताबिक़ जिले में रामजी का यह इकलौता मंदिर है, जहां प्रभु श्री राम अकेले विराजमान हैं।

एजेंसी : छतरपुर





साथ ही रामजी ने यहीं पर क्रोधित होकर अपनी भुजाओं को फैलाया था। राम जी का यही क्रोधित रुप आजानबाहु या आजान भुज कहलाया। इसी रूप में प्रभु श्रीराम यहां विराजे हैं।

महंत भगवान दास महाराज बताते हैं कि राम जी ने पन्ना क्षेत्र में सुतीक्षण आश्रम में निवास किया था। जब यहां से आगे बढ़े, तो रास्ते में हड्डियों का ढेर देखकर संतों से पूछा कि ये हड्डियों का ढेर कैसा है, तो संतों ने बताया कि यहां साधु-संतों को यहां मारा गया था। उन्हीं की हड्डियों का ढेर है। यह सुनकर रामजी ने अपनी भुजाओं को फैलाकर पृथ्वी को निशाचर हीन करने की प्रतिज्ञा ली। राम जी का यही क्रोधित रूप आजानबाहु या आजानभुज कहलाया।

### निशाचर खर-दूषण का किया वध

जब राम जी ने खर-दूषण राक्षस का वध किया था तो भाई लक्ष्मण से कहा कि तुम सीता को लेकर गिर कंदर जाओ, यहां निशाचर आते हैं। उस समय रामजी ने अकेले ही खर-दूषण जैसे राक्षसों का वध किया था। इसके बाद देवताओं ने पुष्प वर्षा के साथ वंदना की। यहां जो रामजी विराजमान हैं वो अकेले हैं। क्योंकि, उस वक्त रामजी अकेले पड़ गए थे। इसलिए, छतरपुर जिले का ये मंदिर दुनिया का अकेला मंदिर है जहां रामजी अकेले विराजमान हैं।

### आजानभुज रूप का यहां मिलता है जिक्र

महंत बताते हैं कि रामजी की स्तुति की 7वीं पंक्ति और रामचरित मानस में भी रामजी के आजान भुज रूप का वर्णन मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि रामजी ने एक बार आजान भुज रूप धारण किया था। वो आजान भुज रूप छतरपुर में ही देखने को मिलता है।

### पाषाण से बनी हुई है मंदिर की मूर्ति

1440 ईसवी में गोस्वामी तुलसीदास के काका गुरु नरहर दास थे। उन्हीं के गुरु भाई हरिदेव दास जी थे। हरिदेव दास जी महाराज को एक पहाड़ी पर स्वप्न देखकर राम जी की ये मूर्ति प्राप्त हुई थीं और उन्होंने यहां लाकर रख दी। यहां से उठे नहीं, इसलिए इनकी स्थापना यहीं हो गई। श्री महंत भगवंत दास 13 पीढ़ियों से अंजान भुज मंदिर की सेवा कर रहे हैं।

# मरते हुए लोगों के लिए आखिरी खाना बनाता है ये शख्स

**लंदन**। ऑक्सफोर्डशायर के सोबेल हाउस हॉस्पिस में शेफ स्पेंसर रिचड्र्स उन मरीजों के लिए अंतिम भोजन तैयार करते हैं जो अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर हैं। स्पेंसर के लिए यह काम सिर्फ खाना बनाना नहीं, बल्कि मरीजों की आखिरी इच्छाओं को प्यार और देखभाल के साथ पूरा करना है। उनकी कहानियां भावुक करती हैं। उन्होंने बताया, 'हाल ही में एक 21 साल के युवा मरीज को हमारे सामान्य मेन्यू से कुछ भी पसंद नहीं आया। वह युवा था और पारंपरिक भोजन में उसकी दिलचस्पी नहीं थी। हमने बात की और उसे स्ट्रीट फूड पसंद था। हमने तुरंत उसकी पसंद का स्ट्रीट फूड तैयार किया।उसकी खुशी देखकर मुझे सुकून मिला।' एक अन्य घटना में, स्पेंसर ने 93 साल की एक महिला के लिए जन्मदिन का केक बनाया। इस महिला का बचपन और पारिवारिक जीवन बहुत साधारण था और उन्हें कभी जन्मदिन का केक नहीं मिला था। जब स्पेंसर और उनकी टीम ने उन्हें सरप्राइज केक दिया, तो वह भावुक हो गईं। 'वह खुशी से रो पड़ीं और बार-बार केक को देख रही थीं। यह उनके लिए बहुत खास था ' स्पेंसर ने बताया।

### छोटी-छोटी चीजों की अहमियत

स्पेंसर के लिए जन्मदिन के केक बनाना आम बात है, खासकर 80 और 90 साल की उम्र के मरीजों के लिए। ब्रिस्टल लाइव की एक रिपोर्ट के अनुसार, वे कहते हैं, 'ये छोटी-छोटी चीजें हैं, लेकिन उन लोगों के लिए जो अकेलापन महसूस कर रहे हैं या समाज से कटे हुए हैं, इनका बहुत महत्व है।'


### रखना पड़ता है ध्यान

हॉस्पिस में मरीजों के लिए खाना बनाना सिर्फ स्वाद के बारे में नहीं है। अंतिम दिनों में मरीजों की स्वाद की क्षमता बदल जाती है। कीमोथेरेपी और दवाओं के कारण कई मरीजों को नमक का स्वाद तीखा लगता है, जबकि कैंसर से पीड़ित मरीजों को मीठा खाना ज्यादा पसंद आता है। स्पेंसर इन बदलावों को ध्यान में रखते हैं। वे कहते हैं, 'हम नमक की मात्रा कम करते हैं और मीठे व्यंजनों पर ध्यान देते हैं।'




हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5874



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5873 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | य | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ह | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रु | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |

### सूडोकू नवताल - 5884

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |


MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5883 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# धूप लगने पर अगर हो सिर दर्द-आए चक्कर



**मेरी उम्र 29 वर्ष है। गर्मी के मौसम में जरा सी धूप लगने पर ही मुझे चक्कर आने लगते हैं, सिर दर्द होने लगता है। कृपया इससे बचाव करने का कोई उपाय बताएं।**

**-अक्षत, बिलासपुर**

गर्मी के मौसम में धूप की वजह से कई लोगों को सिर दर्द की समस्या होती है, लेकिन इसके साथ अगर आपको चक्कर भी आ रहे हैं तो समस्या गंभीर हो सकती है। इसलिए बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। एक बार आपको न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए। फिलहाल कोशिश करें कि आप कम से कम धूप में निकलें और पानी का सेवन अधिक से अधिक करते रहें।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। जब कभी मैं ज्यादा वॉक कर लेता हूं तो पैरों में सूजन हो जाती है। फिर ये अपने आप ठीक हो जाती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है और इससे बचाव के क्या उपाय हैं?**

**-रामप्रकाश, भोपाल**

कई बार पैरों में सूजन, ब्लड शुगर लेवल बढ़ने की वजह से होता है। हालांकि नसों की एक बीमारी भी होती है, जिससे सूजन आ जाती है, इसलिए सबसे पहले आप एक बार ब्लड शुगर की जांच कराएं। अगर वह नॉर्मल आती है तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। चेकअप के बाद ही डॉक्टर इसका सही इलाज कर पाएंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। 6 महीने पहले हेयर ट्रांसप्लांट कराया था। शुरुआत में ईचिंग और इरिटेशन हुई थी। अब कुछ दिनों से फिर से ईचिंग और इरिटेशन हो रही है। अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-केतन, रायपुर**

बेहतर होगा कि आपने जहां से हेयर ट्रांसप्लांट कराया है, उन्हीं से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि डॉक्टर चेंज करने से आपको परेशानी हो सकती है। आपको क्या ट्रीटमेंट दिया गया है और किस तरह की चीजों से बचना है, यह वही डॉक्टर अच्छी तरह से बता सकते हैं, इसलिए आपको किसी दूसरे डॉक्टर से संपर्क करने की जरूरत नहीं है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरा वेट 110 किलो है। वेट लॉस के लिए जिम भी जा रहा हूं, प्रॉपर डाइट प्लान फॉलो करता हूं, लेकिन इन सबके बावजूद मेरा वेट कम नहीं हो रहा। प्लीज बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

आपको एक बार अपना थायरॉइड भी चेक करवा लेना चाहिए, क्योंकि इसके डिसफंक्शन की वजह से भी वजन बढ़ता है। पर जैसा आप बता रहे हैं कि आप जिम जा रहे हैं और प्रॉपर डाइट ले रहे हैं, इसके बाद भी वजन बढ़ रहा है तो आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। आपकी डाइट में हो सकता है, कुछ ऐसा हो जिससे लगातार वजन बढ़ रहा हो। डॉक्टर सही सलाह देंगे।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। हर साल गर्मी के दिनों में मुझे अकसर लूज मोशन होने लगते हैं। इससे डिहाइड्रेशन हो जाता है। ऐसा न हो, इसके लिए कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-रमेश, रोहतक**

गर्मी के मौसम में वाटर ऑर्न डिजीज होने की संभावना अधिक रहती है, इसलिए घर से बाहर निकलें तो अपना पानी साथ ले जाएं। बाहर इधर-उधर का पानी न पिएं। जहां पानी साफ हो, वहीं पिएं। इसके साथ ही बाहर के कटे हुए फल या दूसरे खुले में बिकने वाली ऐसी चीजें ना खाएं, जिसमें मक्खी या अन्य कीट बैठ सकते हों। इस तरह थोड़ा चेंज करके आपको राहत मिल सकती है। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. गौरव गुप्ता
वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ, निदेशक-तुलसी हेल्थ केयर, नई दिल्ली-गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड सिजोफ्रेनिया-डे, 24 मई

यह सही है कि सिजोफ्रेनिया एक गंभीर रोग है लेकिन इस धारणा से बाहर निकलने की जरूरत है कि यह लाइलाज मनोरोग है। मनोचिकित्सक की देख-रेख में इसका इलाज संभव है। लेकिन इसके साथ ही पेशेंट की प्रॉपर केयर और सपोर्ट भी बहुत इंपॉर्टेंट होते हैं। इस रोग के लक्षण और उपचार के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

# गंभीर मानसिक रोग सिजोफ्रेनिया करें प्रॉपर केयर-मेडिकल ट्रीटमेंट

अनुमान के मुताबिक दुनिया भर में प्रति 100 व्यक्तियों में एक व्यक्ति अपने जीवन काल में सिजोफ्रेनिया से प्रभावित हो सकता है। सिजोफ्रेनिया एक मानसिक विकार है, जिसमें व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके में नकारात्मक बदलाव आते हैं। सिजोफ्रेनिया मानसिक स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति वास्तविकता से संपर्क खो सकता है। इसके परिणामस्वरूप उन्हें दैनिक जीवन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## प्रमुख लक्षण

सिजोफ्रेनिया के मरीजों में लक्षणों की गंभीरता भी अलग-अलग हो सकती है। प्रमुख लक्षण इस प्रकार हैं-

**भ्रम में जीना:** सिजोफ्रेनिया के मरीज ऐसी बातों पर विश्वास करते हैं, जो वास्तविक नहीं होतीं। वे सोच सकते हैं कि कोई उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है या परेशान कर रहा है, जबकि ऐसा नहीं है। वे सोच सकते हैं कि वे बहुत संपन्न, क्षमतावान और सशक्त व्यक्ति हैं, जबकि ऐसा नहीं होता है।

**मतिभ्रम:** ऐसे मनोरोगियों को मतिभ्रम किसी भी इंद्रिय से हो सकता है, लेकिन आवाजें सुनना सबसे आम है। ऐसे लोग इस तरह की चीजें देखते या सुनते हैं, जिन्हें दूसरे लोग नहीं देख पाते। सिजोफ्रेनिया से पीड़ित रोगी को ये चीजें वास्तविक लगती हैं।

**बात करने में दिक्कत:** सिजोफ्रेनिया से पीड़ित रोगियों के लिए दूसरे लोगों से बात करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे लोग सवालों के जो जवाब देते हैं, वे पूछे जा रहे सवाल से संबंधित नहीं हो सकते हैं या हो सकता है कि सवालों का पूरा जवाब न दिया गया हो।



**असामान्य व्यवहार:** किसी कार्य विशेष के संदर्भ में वयस्क होने के बावजूद वे छोटे बच्चों जैसी हरकतें कर सकते हैं या फिर मूर्खतापूर्ण कार्य कर सकते हैं। उनका व्यवहार किसी लक्ष्य पर केंद्रित नहीं होता। ये लोग आमतौर पर किसी के निर्देशों का पालन नहीं करना चाहते हैं। वे ऐसे तरीके से आगे बढ़ सकते हैं, जो सामान्य नहीं हैं या सामाजिक स्थिति के संदर्भ में उपयुक्त नहीं हैं।

इसके अलावा कुछ अन्य लक्षण इस प्रकार हैं-

- वे सामाजिक रूप से स्वयं को अलग-थलग महसूस करते हैं।
- वे बीमारी की वजह से दिनचर्या के कार्यों को सही तरीके से अंजाम देने में विफल रहते हैं। जैसे नहाना और अन्य क्रियाएं सही तरह से न कर पाना।
- भावनाओं को व्यक्त करने में दिक्कत।
- आंख से आंख मिलाकर बात करने में कठिनाई।
- ध्यान एकाग्र करने में दिक्कत।
- याददाश्त का कमजोर होना।
- निर्णय लेने में कठिनाई।



## रिस्क फैक्टर्स

सिजोफ्रेनिया नामक यह मानसिक रोग किसी एक कारण विशेष से नहीं होता। कई ऐसे कारण हैं, जो इस समस्या को उत्पन्न कर सकते हैं। जैसे-

**आनुवंशिक कारण:** अगर अतीत में परिवार के किसी सदस्य को सिजोफ्रेनिया की समस्या रही है, तो अगली पीढ़ी के सदस्यों में इस मनोरोग के होने का जोखिम बढ़ सकता है।

**मस्तिष्क की संरचना और न्यूरोट्रांसमीटर:** ब्रेन में रिलीज होने वाले डोपामाइन और ग्लूटामैट के असामान्य होने पर सिजोफ्रेनिया के होने का जोखिम बढ़ सकता है।

**गर्भस्थ शिशु की समस्या:** जो महिलाएं गर्भावस्था के दौरान कुपोषण या किसी तरह के संक्रमण से ग्रस्त होती हैं, उनके शिशुओं में कालांतर में सिजोफ्रेनिया होने का खतरा बढ़ सकता है।

**बहुत ज्यादा तनाव और मादक पदार्थों का सेवन:** एक अरसे तक अत्यधिक तनावग्रस्त रहने या फिर किशोरावस्था या युवावस्था की शुरुआत में ड्रग्स या अन्य किसी मादक पदार्थ की लत से सिजोफ्रेनिया होने का खतरा बढ़ सकता है।

## ट्रीटमेंट के तरीके

रोगी का ट्रीटमेंट करने से पहले मनोचिकित्सक इस बात का मूल्यांकन करते हैं कि मरीज में सिजोफ्रेनिया से संबंधित जो लक्षण हैं, वे किसी अन्य मनोरोग जैसे डिप्रेशन आदि से संबंधित तो नहीं हैं। इसके बाद ही वह इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं। सिजोफ्रेनिया के इलाज के कुछ प्रमुख तरीके इस प्रकार हैं-

**दवाओं से इलाज:** सिजोफ्रेनिया को नियंत्रित करने में 'एंटी साइकोटिक ड्रग्स' दी जाती हैं, जो मरीज की विभ्रम और मतिभ्रम की स्थिति को नियंत्रित करने में मददगार होती हैं।

**साइकोथेरेपी:** इसके अंतर्गत मनोचिकित्सक मरीज को कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी-सीबीटी देते हैं, जिससे मरीज को अपनी दिनचर्या के कार्यों को करने में मदद मिलती है।

**पुनर्वास (रीहैबीलिटेशन):** मरीज को सामाजिक रूप से सक्रिय करने के लिए उसे प्रशिक्षित किया जाता है, किसी कार्य-रोजगार का भी उसे प्रशिक्षण दिया जाता है। इन सबसे उसकी रिकवरी जल्दी होने में मदद मिलती है।

**परिवार के सदस्यों की मदद:** मरीज के उपचार में उसके परिवार के सदस्यों की मदद ली जाती है और मरीज की विभिन्न मानसिक स्थितियों से निपटने के लिए उन्हें मनोचिकित्सक परामर्श देते हैं।

## लापरवाही से बिगड़ सकती है कंडीशन

यदि समय रहते सिजोफ्रेनिया का समुचित उपचार नहीं करवाया गया तो ऐसी स्थिति में मरीज के लिए इस मर्ज के साथ ही अन्य मनोविकार या मानसिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जो उसके जीवन को बदतर बना सकती हैं। जैसे-



- सिजोफ्रेनिया से पीड़ित लोगों के दिमाग में आत्महत्या के विचार कहीं ज्यादा मंडराते हैं। इसलिए इस रोग से ग्रस्त रोगियों को कभी भी अकेले नहीं छोड़ना चाहिए।
- सिजोफ्रेनिक व्यक्ति को अवसाद या डिप्रेशन की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।
- पीड़ित व्यक्ति शराब या अन्य मादक पदार्थ का भी लती हो सकता है।
- वह ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर नामक मनोरोग से भी ग्रस्त हो सकता है।

## खान-पान पर भी दें ध्यान



**मानसिक स्वास्थ्य** को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वस्थ और सकारात्मक सोच, स्वास्थ्यकर दिनचर्या के साथ-साथ हेल्दी-न्यूट्रिशस डाइट का भी अपना महत्व है। सिजोफ्रेनिया और अन्य मानसिक रोगों से ग्रस्त रोगियों के खान-पान पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए, क्योंकि मरीज को इस संदर्भ में जानकारी नहीं होती, इसलिए उसके परिजनों को पौष्टिक भोजन देना चाहिए।

- विटामिन सी से परिपूर्ण आंवला, नीबू, जामुन, संतरा और अन्य साइट्रस फ्रूट्स (खट्टे फल) मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद हैं। क्योंकि ये स्ट्रेस हार्मोन-कॉर्टिसोल के स्तर को कम करने में सहायक हैं।
- साबुत अनाजों जैसे ब्राउन राइस, ज्वार, बाजरा, ओट्स आदि को खान-पान में वरीयता देना लाभप्रद है।
- दालें, चना, बींस को खान-पान में प्राथमिकता देना फायदेमंद है।
- बादाम, अखरोट और फ्लेक्स सीड्स मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

## इनसे करें परहेज

अल्कोहल लेने से मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर का संतुलन बिगड़ता है। इसलिए सिजोफ्रेनिया और अन्य मनोरोगों से ग्रस्त लोगों को शराब या किसी भी मादक पदार्थ के सेवन से दूरी बनाए रखना चाहिए। इस संदर्भ में मरीजों के परिजनों को ध्यान देना चाहिए। अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थ और शुगर युक्त पेय पदार्थों से परहेज करना चाहिए। जंक फूड्स, प्रोसेस्ड फूड्स और अत्यधिक तले-भुने खाद्य पदार्थ से दूरी बनाए रखना लाभप्रद है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

---

औषधीय फल / शिवचरण चौहान

# उदर रोगों के लिए कारगर बेल



साधारण बोलचाल की भाषा में बिल्व वृक्ष को बेल का पेड़ कहते हैं। गर्मी में इसमें फल लगते हैं, जो बहुत कठोर होते हैं। पके फल का छिलका तोड़ने पर अंदर केसरिया या पीले रंग का गूदा निकलता है। इसके गूदे का आयुर्वेद में बहुत औषधीय महत्व है। गूदे का शरबत गर्मी के मौसम में पीने से पेट को शीतलता मिलती है और कई उदर रोग ठीक हो जाते हैं। केवल फल ही नहीं बेल वृक्ष की जड़, छाल, पत्ते और बीज भी अपने-अपने गुणों के कारण उपयोगी हैं। इसके पोषक और रोगनाशक गुणों के कारण इसे दिव्यफल भी कहा जाता है। बेल की दो जातियां होती हैं-एक जंगली और दूसरी रोपित। जंगली बेल जहां आकार में छोटा, कड़ा, अत्यंत बीजयुक्त और स्वादहीन होता है, वहीं रोपित फल बड़ा होता है, उसका छिलका पतला, गूदा सुनहरे रंग का, बीज बहुत कम और खाने में मीठा होता है। आयुर्वेद के अनुसार कच्चा बेल फल, वात, कफ, उदर शूलनाशक और आंतों के लिए शक्तिप्रद होता है। पका हुआ बेल का फल मधुर, सुगंधित, रुचिकर, मृदुविरेचक, अधोवायु निस्सारक और पाचक होता है। इसमें कच्चे फल से कम गुण होते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार बेल के फल में कार्बोहाइड्रेट 16.2 प्रतिशत, प्रोटीन 67 प्रतिशत, शर्करा 4.7 प्रतिशत, वसा 0.7 प्रतिशत और विटामिन सी भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। इसके अतिरिक्त गूदे और छिलके में टैनिन भी मिलता है। इसके फल में भी रासायनिक तत्व पाए जाते हैं, उनका प्रभाव मुख्यतता आंत और रक्त संस्थान पर पड़ता है। बेल गिरी का शर्बत अनेक उदर रोगों में प्रयोग किया जाता है।

**ऐसे करें सेवन:** आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह पर आप यहां बताए जा रहे रोगों के उपचार में बेल का सेवन कर सकते हैं।

- जिन्हें बार-बार दस्त लगने की शिकायत बनी रहती है, वे लगभग 20 ग्राम बेल के गूदे का नियमित सेवन करें।
- दस्त से राहत के लिए कच्चे बेल का गूदा और आम की गुठली की गिरी को कूटकर काढ़ा तैयार करें। इसमें शहद या गुड़ इच्छानुसार मिलाकर सेवन करें।
- नेत्र रोगों में इसका सेवन लाभकारी है।
- बहुमूत्र रोग होने पर पके बेल के गूदे का शहद के साथ सेवन करना चाहिए।
- भूख न लगने पर बेल के चूर्ण में मिश्री का चूर्ण और छोटी पिप्पली का चूर्ण मिलाकर अदरक के रस के साथ दिन में दो-तीन बार सेवन करना कारगर है।
- हैजा होने पर बेल चूर्ण को पुराने गुड़ के साथ खाने और साथ में बेल का शर्बत पीने से बहुत लाभ मिलता है। दूध के साथ बेल का चूर्ण और मिश्री मिलाकर नियमित रूप से सेवन करने से शारीरिक कमजोरी दूर होती है।
- खून की कमी यानी एनीमिया में भी इसके सेवन से लाभ होता है।
- बच्चों को दस्त होने पर बेलगिरी तीन भाग और सफेद जीरा, छोटी इलायची एक-एक पानी में पीस कर छानने के बाद पिलाने से दस्त बंद हो जाते हैं। *

---

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'वीर हनुमान' में एक्टर माहिर पंधी बाली और सुग्रीव की भूमिका निभा रहे हैं। माहिर अपनी मस्कुलर बॉडी और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या एफर्ट्स करते हैं? माहिर का फिटनेस फंडा जानिए, उन्हीं की जुबानी।

# फिटनेस के लिए जरूरी है एक रूटीन

फिटनेस फंडा

माहिर पंधी



एक्टर माहिर पंधी बहुत फिट दिखते हैं। इसके लिए वे बहुत एफर्ट करते हैं। वर्कआउट से लेकर डाइट तक पर वे एक निश्चित रूटीन फॉलो करते हैं। इस बारे में वे यहां और डिटेल में बता रहे हैं।

**डाइट प्लान:** मेरी डाइट में ज्यादातर फूड आइटम्स ब्वॉयल्ड होते हैं। चावल, गेहूं और दूध अवॉयड करता हूं। 260 ग्राम क्लीन और लीन प्रोटीन के साथ बहुत सारी सब्जियां मेरी डेली डाइट में शामिल होती हैं।

**वर्कआउट रूटीन:** वर्कआउट में पुशअप्स, पुल और लेग्स एक्सरसाइज पर ज्यादा फोकस करता हूं। मैंने अपना वर्कआउट रूटीन ऐसा बना रखा है कि हर बॉडी पार्ट हफ्ते में कम से कम दो बार ट्रेन होते रहें। हालांकि बिजी शेड्यूल की वजह से समय निकालना टफ होता है लेकिन यह भी एक स्किल है, जो यह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री हमें सिखा देती है। हमको खुद ही तरीके ढूंढने होते हैं कि कैसे रेस्ट लिया जाए। कई बार ऐसा होता है, जब पैकअप रात में देर से होता है, फिर भी अगली सुबह 6:30 बजे जिम जाना होता है। इसलिए सुबह 6 बजे उठता हूं। जल्दी से प्री-वर्कआउट मील लेकर जिम पहुंचने के लिए दौड़ता हूं। 15 मिनट लगते हैं, जिम पहुंचने में। फिर वहां पहुंचकर वार्मअप करके वर्कआउट खत्म करके 9 बजे सेट पर वापस लौटना होता है। यह एक टास्क जैसा होता है, लेकिन डेली करने से यह एक रूटीन बन जाता है, जिसे आपको अपनाना ही पड़ता है।

**मेंटल हेल्थ:** यह सही है कि फिजिकल हेल्थ का अपना महत्व है लेकिन मेरा मानना है कि इंसान के लिए मेंटल हेल्थ सबसे ज्यादा जरूरी होती है। मेरे विचार से इसके लिए अच्छी और मोटिवेशनल किताबें पढ़ना बहुत जरूरी और कारगर होता है। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मेडिटेशन करना भी जरूरी है। मेरा मेडिटेशन, मेरी स्पिरिचुएलिटी से आता है। मैं रोजाना प्रार्थना करता हूं। जब भी मैं सेट पर तैयार होता हूं, कोई ना कोई सबद, भजन, हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का ऑडियो जरूर चलता रहता है। यह मेरे मन को शांत करता है और ध्यान में मदद करता है। जब मैं सोने जाता हूं, तब भी कोई मधुर, कर्णप्रिय और स्पिरिचुअल म्यूजिक का ऑडियो बजता रहता है। ये सब मेरी परवरिश का हिस्सा रहा है, इसलिए यह अब मेरी लाइफस्टाइल बन गई है। इससे मुझे मानसिक रूप से बहुत मदद मिलती है। मुझे पढ़ना बहुत पसंद है। इसलिए मैं डेली कुछ अच्छा जरूर पढ़ता हूं, इससे भी मेंटली पॉजिटिविटी आती है। नेगेटिविटी खत्म होती है।

**रीडर्स को सजेशन:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि फिटनेस मेंटेन करने के लिए आपका एक रूटीन होना चाहिए। डेली कम से कम 15,000 से 20,000 स्टेप्स जरूर चलें और स्वच्छ, शुद्ध और पौष्टिक खाएं। स्वच्छ खाने से मतलब है-ताजी और मौसमी सब्जियां खूब खाएं। जहां तक संभव हो प्रिजरवेटिव्स और पैक्ड फूड से दूर रहें और घर का बना हुआ शुद्ध और पौष्टिक खाना ही खाएं। जंक फूड्स, फास्ट फूड्स और स्ट्रीट फूड्स खाना अवॉयड करें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

---

अधोमुखश्वानासन वैसे है तो आसान योगासन लेकिन इससे कई तरह के फायदे होते हैं। इसे करने से गर्मी का अहसास भी कम होता है। इसे कैसे करें, करते समय क्या सावधानियां बरतें, इस बारे में विस्तार से यहां बता रहे हैं।

# गर्मी के मौसम में लाभकारी अधोमुखश्वानासन

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'



अधोमुखश्वानासन, तीन शब्दों से मिलकर बना है। अधस जिसका मतलब है, नीचे की ओर। मुख का मतलब है मुंह और श्वान का मतलब है कुत्ता। सूर्य नमस्कार ए और सूर्य नमस्कार बी के एक स्टेप के रूप में इस्तेमाल होने वाला यह सबसे शुरुआती योगासन है। यह बहुत आसान होते हुए भी बहुत फायदेमंद योगासन है। इसलिए जो व्यक्ति भी योगासनों की शुरुआत करता है, सबसे पहले उसे यही योगासन करने की सलाह दी जाती है।

**आसन करने की विधि:** इसे करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं। दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। इसके बाद धीरे-धीरे नीचे की ओर झुकें, जिससे आपके शरीर की 'वी' शेप बने। पैरों की तरह दोनों हाथों के बीच भी थोड़ी दूरी बनाकर रखें। कम से कम 30 सेकेंड तक कुछ न करें, इसी मुद्रा में रहें। इसके बाद सांस लें और सांस लेते समय अपने पैरों की अंगुलियों की मदद से कमर को पीछे की तरफ खींचें। इस दौरान कोशिश करें कि आपके हाथ और पैर न मुड़ें। ऐसा करने से शरीर के पीछे हाथों और पैरों को खिंचाव मिलेगा। मुंह से एक लंबी सांस लें और फिर करीब 30 सेकेंड तक या थोड़े कम समय तक इसी मुद्रा में रहें।

**आसन करने के फायदे:** यह आसन शरीर को स्ट्रेच करके और रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाकर शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। अधोमुखश्वानासन रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाता है, जिससे पीठ दर्द से राहत मिलती है और रीढ़ की हड्डी लचीली होती है। यह आसन शरीर के निचले हिस्से, हाथ और पैरों को स्ट्रेच करता है, जिससे शरीर का लचीलापन और ताकत बढ़ती है। अधोमुखश्वानासन मन को शांत करता है और चिंता को कम करने में मदद करता है। यह आसन सिर में रक्त परिसंचरण को बढ़ाकर बालों को पोषक तत्व प्रदान करता है। यह आसन पाचन तंत्र को उत्तेजित करता है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर होती है और एसिडिटी, अपच की समस्या से राहत मिलती है। अधोमुखश्वानासन करने से हाथों और पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह आसन शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद करता है, जिससे शरीर का संतुलन बेहतर होता है।

**ये भी होते हैं लाभ:** अधोमुखश्वानासन करने से पेट सही रहता है, पाचन में सुधार होता है, मस्तिष्क का तनाव कम होता है। अवसाद यानी डिप्रेशन को दूर करने में इस आसन से मदद मिलती है। जो महिलाएं रजोनिवृत्त हो चुकी हों यानी जिनके पीरियड्स खत्म हो चुके हों, उन्हें इस आसन के करने से घबराहट और बेचैनी से मुक्ति मिलती है। इसे करने से बीपी नॉर्मल रहता है। साइटिका और साइनस की समस्या में भी इससे मदद मिलती है।

**बरतें सावधानियां:** योग्य प्रशिक्षक से सीखने के बाद ही इस आसन का अभ्यास करना चाहिए।

- पीठ में चोट लगी हो तो कभी भी यह आसन न करें।
- गर्भवती महिलाओं को यह नहीं करना चाहिए।
- आप अपनी शारीरिक क्षमता से ज्यादा जोर न लगाएं। अगर यह आसन करने में कोई दिक्कत हो रही हो तो तुरंत करना छोड़ दें। अगर कोई भी शारीरिक समस्या हो तो पहले डॉक्टर से संपर्क करें। *






# कनक ने जूनियर विश्व कप में जीता एयर पिस्टल का स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा की उभरती हुई निशानेबाज कनक ने बुधवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शीर्ष पर रहकर भारत का स्वर्ण पदक का खाता खोला। पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता 17 वर्षीय कनक ने आठ महिलाओं के 24 शॉट के फाइनल में 239.0 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपियन तथा मौजूदा यूरोपीय चैंपियन मोल्दोवा की अन्ना डुल्स को 1.7 अंक से पछाड़ा। चीनी ताइपे की चेन येन-चिंग ने कांस्य पदक जीता। भारत की दो भारतीय निशानेबाजों ने इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था जिसमें प्राची 571 अंक जुटाकर कनक (572 अंक) के पीछे पांचवें स्थान पर रहीं।



# भारत को 24 को मिलेगा नया टेस्ट कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित होगी टीम!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट टीम को नया कप्तान 24 मई को मिल सकता है। कप्तानी की दौड़ में शुभमन गिल और ऋषभ पंत सबसे आगे चल रहे हैं। रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा।

भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी हो सकती है।

### गिल और पंत दावेदार

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का ऐलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है।

### चयन समिति की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होने की संभावना



### नए चेहरों को मिलेगी जगह

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का ऐलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था।

### डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की शुरुआत करेगा भारत

रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र की शुरुआत करेगी।

## भारत के लिए कठिन होगा इंग्लैंड का दौरा

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा भारतीय टीम के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन होगा जिसके तीन दिग्गज खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शुभमन गिल का टेस्ट कप्तान बनना तय लग रहा है जबकि शीर्ष और मध्यक्रम नया होगा। राठौर ने कहा, 'यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा।'



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 9 | 3 | 18 |
| बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 5 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 5 | 7 | 10 |
| हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
617 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
21 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप

### सिमरनजीत कौर बनीं पेशेवर मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज सिमरनजीत कौर पेशेवर बनने वाले भारतीय मुक्केबाजों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं।एशियाई चैंपियनशिप की दो बार की पदक विजेता 29 साल की सिमरनजीत ने टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पूर्व अमेरिकी पेशेवर मुक्केबाज रॉय जोन्स जूनियर और भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा से अनुबंध करके पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ने का फैसला किया। मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 65 किग्रा वर्ग में उप विजेता रहीं सिमरनजीत इस साल पेशेवर बनने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है।

### अब ग्वालियर में होगी मध्यप्रदेश टी20 लीग

**ग्वालियर।** मानसून के आने की संभावना से मध्यप्रदेश टी20 लीग अब 27 मई से 12 जून को इंदौर की बजाय ग्वालियर में खेली जाएगी। इस सत्र के मुकाबले शंकरपुर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम पर होंगे। आयोजकों द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 'इंदौर में मानसून जल्दी आने की संभावना और इंडियन प्रीमियर लीग के देर से खत्म होने के कारण मध्यप्रदेश लीग अब इंदौर की बजाय ग्वालियर में होगी।'' ग्वालियर में पिछले साल पहला सत्र भी खेला गया था।



### आईपीएल ने बदल दी मेरी जिंदगी : निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला विपराज निगम का मानना है कि आईपीएल से उनके जीवन में काफी बदलाव आए हैं। बीस वर्ष के निगम को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा था। उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है। निगम ने कहा, 'जीवन में कई बदलाव आए हैं । आईपीएल से चीजें बदल जाती है। आपको इतने बड़े सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलता है।



## शीर्ष दो की जंग रोचक, टाइटंस-बेंगलुरु और पंजाब में एक अंक का अंतर

# जीत से गुजरात की बादशाहत होगी मजबूत आज प्रतिष्ठा बचाने के लिए खेलेगा लखनऊ

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलेगी तो उसका इरादा जीत की लय को कायम रखते हुए शीर्ष दो में जगह पक्की करने का होगा। अब तक 12 मैचों में 18 अंक ले चुकी टाइटंस प्लेआफ में जगह बना चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के 17 अंक हैं और शीर्ष दो के लिए मुकाबला रोचक है।

गुजरात ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाज आरेंज कैपधारी बी साइ सुदर्शन (617 रन), कप्तान शुभमन गिल (601) और जोस बटलर (500) शानदार फॉर्म में है और अधिकांश मैचों में टीम की जीत के सूत्रधार रहे हैं। तीनों मिलकर 16 अर्धशतक और एक शतक जमा चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के चलते मध्यक्रम को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी है। गुजरात के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया है। भारत के प्रसिद्ध कृष्णा सर्वाधिक 21 विकेट ले चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज और बी साइ किशोर को 15-15 विकेट मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के बाद निलंबन पूरा करके वापिस आ चुके हैं।



### लखनऊ में निरंतरता का अभाव



सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद लखनऊ की प्लेआफ की रही सही उम्मीदें भी ध्वस्त हो गई। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में निरंतरता के अभाव और चोटों से जूझती रही। बल्लेबाजी में टीम विदेशी खिलाड़ियों मिचेल मार्श, एडेन माक्रम और निकोलस पूरन पर निर्भर करती आई है। पंत पूरे सत्र में नहीं चल सके और मध्यक्रम की नाकामी ने लखनऊ की परेशानी बढ़ा दी। प्रमुख गेंदबाजों की चोटों ने उसका काम और मुश्किल कर दिया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान पूरे सत्र से बाहर रहे जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव भी नहीं खेल पाए। आवेश खान और आकाश दीप फिटनेस समस्या से जूझते रहे।

### चोटों के कारण प्रदर्शन पर असर

पंत ने पिछले मैच के बाद कहा था, 'यह हमारा सर्वश्रेष्ठ सत्र हो सकता था लेकिन चोटों के कारण हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ा। हमने इसके बारे में बात नहीं करने का फैसला किया था लेकिन उन कमियों को पूरा करना मुश्किल हो गया था। इस मैच में लखनऊ को अपने सबसे सफल गेंदबाज स्पिनर दिग्वेश राठी के बिना उतरना होगा जो 14 विकेट ले चुके हैं। पिछले मैच में अभिषेक शर्मा से भिड़ने के कारण वह एक मैच का निलंबन झेल रहे हैं।

### कोहली और अनुष्का ने खेला पिकलबॉल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबॉल खेलती नजर आई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के टीम बॉन्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकलबॉल खेला और जोड़दीर के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबॉल में हाथ आजमाया।

## चोटिल आर्चर वनडे श्रृंखला से बाहर, वुड टीम में शामिल

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दाहिने अंगूठे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। टीम ने बुधवार को यह जानकारी दी। ने कहा कि इंग्लैंड की मेडिकल टीम अगले दो सप्ताह में आर्चर की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगी जिससे कि यह निर्धारित किया जा सके कि वह कब मैदान पर वापसी कर सकते हैं। आर्चर की जगह ल्यूक वुड को टीम में शामिल किया गया है। श्रृंखला का पहला मैच 29 मई को एजबेस्टन में होगा। वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचाने के बाद से आर्चर कोहनी और पीठ की चोटों से जूझ रहे हैं। हालांकि इस साल राजस्थान रॉयल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी प्रतिबद्धताओं के अलावा आर्चर ने साल की शुरुआत से इंग्लैंड के 11 में से नौ सीमित ओवरों के मुकाबलों में हिस्सा लिया है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA, JABALPUR
No. E.E./Tender /2025/309 SHORT TENDER NOTICE Dated 21/05/2025

Sealed tender are invited from Registered Contractor/ Firm in PWD/MES/CPWD by Registered post /Speed post only for Supply & Erection of Deep well Submersible Pump flat cable main cable, GI pipe etc. at Near Farm (tank) Area, JNKVV, Jabalpur. The detailed specification and tender document can be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs.1,000/-.

The last date of issue of the tender document
28/05/2025 up to 5.00PM.
The last date of submission of tender document
03/06/2025 up to 5.00PM.
Date of opening of the tender
Next working day.

IPRO/EE/2025/31 Executive Engineer

पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/76/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40255019 | स्ट्रेन्डेड अननलेड कॉपर जम्पर वायर (160 Sq.mm.) | 5274 किलोग्राम | 06.06.2025 |
| 2 | 80251056 | शैल गड्डुस S5 V42P grease फॉर WAG-9/WAP7 लोको AXLE बॉक्स बेअरिंग | 10300 किलोग्राम | 27.06.2025 |
| 3 | 38251637 | लीवर असेंबली लेफ्ट हैंड फॉर BMBS wagons | 1779 नंबर | 08.07.2025 |
| 4 | 50251017 | डेस्क TYPE MAGNETO टेलीफोन | 1429 नंबर | 14.07.2025 |
| 5 | 50253124 | रिले AC इम्युनिसद, प्लग इन टाइप स्टाइल QTA-2 | 2433 नंबर | 28.07.2025 |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.
स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

## मलेशिया मास्टर्स

# प्रणय, करुणाकरन और श्रीकांत का जीत से आगाज, सिंधू बाहर



एजेंसी ▶▶| कुआलालम्पुर

भारत के एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत समेत पुरुष खिलाड़ियों ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर हो गई।

प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। वहीं सतीश करुणाकरन ने चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन को 21-13, 21-14 से मात दी। भारत के आयुष शेट्टी ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बाद में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने चीन के छठी रैंकिंग वाले लू गुआंग को 21-21, 13-21, 21-11 से हराया।

### मिश्रित में ध्रुव और तनीषा जीते

मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंडाह काहया सारी जमील को 21-18, 15-21, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जियांग झेंग बांग और वेइ याशिन ने 21-10, 21-12 से हराया। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाड्डे को चौथी वरीयता प्राप्त चीन की गुओ शिन वा और चेन फांग हुइ ने 21-10, 21-14 से मात दी। करुणाकरन और आद्या वरियाथ को इंडोनेशिया के वेरेल युस्तिन मूलिया और लीसा कुसुमवती ने 21-15, 21-16 से हराया।



# डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे रोरी मैकलरॉय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के ग्रैंडस्लैम विजेता गोल्फर रोरी मैकलरॉय ने इस साल के अंत में भारत में होने वाली 40 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली पहली 'डीपी वर्ल्ड इंडिया' चैंपियनशिप में भाग लेने की पुष्टि की है जिससे देश के गोल्फ को बढ़ावा मिलेगा।

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मैकलरॉय की यह भारत में पहली प्रतियोगिता होगी। 'डीपी वर्ल्ड इंडिया' चैंपियनशिप 16 से 19 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित की जाएगी।वर्ष 2025 मास्टर्स टूर्नामेंट के चैंपियन मैकलरॉय ने अप्रैल में यादगार अंदाज में करियर ग्रैंडस्लैम पूरा किया था और वैश्विक गोल्फ 'आइकन' बने। 2011 यूएस ओपन, 2012 और 2014 में यूएस पीजीए चैंपियनशिप तथा 2014 में 'द ओपन' में जीत के साथ उन्होंने अप्रैल में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता को वैश्विक स्मार्ट लॉजिस्टिक्स प्रदाता डीपी वर्ल्ड और डीपी वर्ल्ड टूर ने लांच किया।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, लोककर्म विभाग
तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-164 21/05/2025 2025_UAD_425002_1 | शहीद भगत सिंह वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थलों नाली, पुलिया सड़क एवं पेवर ब्लाक का कार्य। (पार्षद अनुशंसा) तृतीय निविदा | 02 माह 5.04 लाख | 2000/- 5040/- | 05/06/2025 |
| 2 | PRO-164 21/05/2025 2025_UAD_425002_2 | महर्षि सुदर्शन वार्ड में गंगा मैया ओझा आटा चक्की के पास विजय सिंह से दिलीप सहारे तक सी.सी. सडक निर्माण एवं नाली कवर (पार्षद अनुशंसा) तृतीय निविदा | 02 माह 1.67 लाख | 1000/- 3340/- | 05/06/2025 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला - रीवा (म.प्र.)
क्रमांक - 533/ ई-टेंडर/वाहन शाख/न.पा.नि./2024 रीवा, दिनांक 11-04-2025
निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _416357_2 [SIXTH CALL] 16/05/2025 | Selection of Agency (ies) for Supply, Operation and Maintenance of 06 Electric Buses and allied Electrical and Civil Infrastructure on Hybrid Net Cost Contract. | 4380 दिवस रू. 9.00 करोड़ | रू. 20000.00 रू. 450000.00 | 26/03/2025 18:00 बजे तक |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

CHIEF OPERATING OFFICER
MUNICIPAL CORPORATION REWA (M.P.)

कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन - 482001
Phone No. 0761-2621541 E-mail:- cepwdcentral@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक - 01/सा/2025-26 निविदा आमंत्रण सूचना जबलपुर, दिनांक 16.05.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है । निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे ।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला / संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_ PWDRS _424147_1 | बालाघाट | (1) अमेड़ा हनुमान मंदिर से अंधियाटोला मार्ग लं. 2.05 कि.मी. (2). ओटेकसा से जामुनटोला मार्ग लं. 2.00 कि.मी., (3) लवेरी से वारा मार्ग लं. 2.70 कि.मी., ( 4 ) प्रधानमंत्री रोड (भालवा) से गुस्सुटोला मार्ग लं. 1.10 कि.मी. कुल लं. 7.85 कि.मी. में विद्युतीकरण कार्य सहित । | प्रथम | 787.51 लाख | 7,88,000/- | 20,000/- | 12 माह वर्षाऋतु सहित |
| 02 | 2025_ PWDRS _424148_1 | बालाघाट | (1) कुल्पा मदनटोला से पुरानी लांजी (कुल्पा सालेकसा मार्ग तक), मार्ग लं. 2.55 कि.मी., (2) लाड़सा से बोरीकला मार्ग लं. 2.25 कि. मी., (3) बिसोनी से नीमटोला (भिलाई रोड तक) मार्ग लं. 2.10 कि.मी., कुल लं. 6.90 कि.मी. में विद्युतीकरण कार्य सहित । | प्रथम | 685.90 लाख | 6,86,000/- | 20,000/- | 12 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है । निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 03.06.2025 समय 5:30 PM तक है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

G-13155/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि.
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

## आरोपों की जांच करने एसआईटी गठित करने हाईकोर्ट के निर्देश

# रादुविवि के कुलगुरु की मुश्किलें बढ़ीं

**हरिभूमि जबलपुर।**

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। एक महिला अधिकारी के साथ अभद्रता के आरोपों में घिरे कुलगुरु के खिलाफ महिला कर्मचारी की याचिका पर हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने जबलपुर कलेक्टर द्वारा कराई गई दो जांचों पर सवालिया निशान लगाते हुए अब जांच को तीन आई पी एस अधिकारियों वाली एसआईटी को सौंपने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने मामलें की सुनवाई के बाद पूर्व में प्रस्तुत की गई जांच रिपोर्ट पर असंतोष जताते हुए कहा कि मामलें की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंपना उचित होगा, लिहाजा कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मध्य प्रदेश को तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को शामिल कर स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम (एसआईटी) गठित करने के निर्देश दिए है।

याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के साथ-साथ इस तथ्य को देखते हुए कि अधिकारियों द्वारा की गई दो बार की जांच उचित नहीं पाई गई, जिससे आरडीवीवी के सर्वोच्च अधिकारी के खिलाफ एक महिला कर्मचारी द्वारा की गई संवेदनशील शिकायत की जांच करने



वाली समितियों की कार्यप्रणाली संदेहास्पद है।

कोर्ट ने कहा कि एसआईटी में एक महिला अधिकारी भी कम से कम पुलिस अधीक्षक रैंक की शामिल होनी चाहिए, साथ ही तीनों अधिकारी जिले के बाहर से एसआईटी में रखे जाए। कोर्ट ने साफ किया है कि एसआईटी का गठन अनिवार्य रूप से 3 दिनों के भीतर करें और जिसका नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजी रैंक) के अधिकारी करें। एसआईटी पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि कलेक्टर का जवाब संतोषप्रद नहीं रहा तो कोर्ट इस मामले की जांच किसी और एजेन्सी को सौंपने बाध्य होगी। सुनवाई के दौरान कुलगुरु की ओर से कहा गया कि इस मामले की खबरें मीडिया में लगातार आने के कारण कुलगुरु की छवि धूमिल हो रही है। लिहाजा, मीडिया को इन खबरों का प्रकाशन करने से रोका जाए।

लेकिन कोर्ट ने रोक लगाने से साफ इंकार कर दिया था। गौरतलब है कि महिला कर्मचारी ने कुलगुरु प्रो. वर्मा पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए यह याचिका दाखिल की है। पूर्व में हाईकोर्ट के आदेश पर 6 सदस्यीय जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की थी। इस रिपोर्ट पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि घटना कुलगुरु के कमरे में 21 नवम्बर 2024 को हुई। पूरी घटना सीसीटीवी में दर्ज हुई। यह पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे पर आधारित है, जिसके बारे में रिपोर्ट में कोई जिक्र नहीं है

### मध्यप्रदेश की एडवोकेट प्रज्ञा बघेल बानी सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की सचिव

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट में मध्य प्रदेश की एडवोकेट सुश्री प्रज्ञा बघेल ने 20 मई को नई दिल्ली में सम्पन्न सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव में सचिव पद का चुनाव बहुत मार्जिन के साथ जीत कर एक इतिहास रच दिया है। एडवोकेट सुश्री बघेल सुप्रीम कोर्ट के 75 साल के इतिहास में सचिव का चुनाव जीतने वाली चौथी महिला हैं ।

इस चुनाव में सीनियर एडवोकेट, विकास सिंह एसोसिएशन के अध्यक्ष, सीनियर एडवोकेट श्री राहुल कौशिक उपाध्यक्ष और एडवोकेट विक्रांत यादव कोषाध्यक्ष पद के लिए चुने गए हैं । सचिव के पद के चुनाव में आठ उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर थी, लेकिन सुश्री प्रज्ञा बघेल ने अच्छे मार्जिन के साथ चुनाव जीत लिया। चुनाव में लगभग 2500 डाले गए,; इनमे से 1241 वोट सुश्री बघेल के पक्ष में गए। इस प्रकार डाले गए वोट के 50% वोट पाकर वह व्हुनाव में विजयी हुई । एडवोकेट सुश्री बघेल सेवानिवृत्त आई.ए.एस, अधिकारी एल.एस. बघेल की पुत्री हैं। श्री बघेल सतना जिले के रामपुर बघेलान के निवासी हैं। एडवोकेट सुश्री प्रज्ञा ने सिंधिया कन्या विद्यालय ,ग्वालियर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद पुणे के प्रतिष्ठित लॉ कालेज, आई.एल.एस. कालेज से वर्ष 2002 में बी.ए.एलएल.बी. की डिग्री हासिल की . इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में वकालत करना शुरू किया । वह स्वतंत्र रूप से सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रहीं हैं, वे सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट ऑन रिकार्ड भी है।

### सहायक प्राध्यापक हिंदी के पद पर नियुक्ति हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन

**राज्य सरकार व अन्य को नोटिस**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सहायक प्राध्यापक हिंदी के पद पर नियुक्ति को विचारार्थ याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन किया है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और मप्र लोक सेवा आयोग के सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। सीधी निवासी अनुत्तम पांडे की ओर से अधिवक्ता अंशुल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि आयोग ने लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सहायक प्राध्यापक, 2024 हिंदी विषय में भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया था। कुल 113 रिक्त पदों में अनारक्षित के लिए कोई भी पद विज्ञापित नहीं किया गया। उन्होंने दलील दी कि नवीन सृजित पदों हेतु विज्ञापन में 100 फीसदी आरक्षण असंवैधानिक है।

## परंपरागत विदाई समारोह में बोले चीफ जस्टिस कैत

# मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में 9 माह का कार्यकाल अविस्मरणीय

**हरिभूमि जबलपुर।**

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में 9 माह का कार्यकाल अविस्मरणीय है। यहां से बहुत सारी यादें लेकर सेवानिवृत्त हुआ हूं। यह बात मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने अपने विदाई समारोह में कही। हाई कोर्ट के कोर्ट रूम नंबर एक में उनके सम्मान में परंपरागत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा सहित सभी न्यायाधीश, रजिस्ट्री के अधिकारी व अधिवक्ता उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश कैत ने भावुक होकर पहले दिन से मिले प्रत्येक अनुभव को संक्षेप में साझा किया। अपनी प्रगति में धर्मपत्नी व परिवार के सहयोग का उल्लेख किया। हाई कोर्ट में जिससे भी कुछ नया सीखने को मिला, उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

प्रारंभ में प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट काउंसिल से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य अधिकारी, हाई कोर्ट इंदौर के अध्यक्ष रीतेश ईरानी, हाई कोर्ट बार ग्वालियर के अध्यक्ष पवन पाठक ने मुख्य न्यायाधीश कैत के व्यक्तित्व-कृतित्व को रेखांकित किया।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन ने अपने स्वागत भाषण में कहा मेरी कामना है कि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हुए न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में न्यायदान प्रक्रिया को गति दें। देश की न्यायपालिका को उनके जैसे संवेदनशील न्यायाधीश की बहुत आवश्यकता है। आज का दिन हम सभी के लिए भावुक करने वाला दिन है, ऐसा इसलिए क्योंकि हम बार के सबसे बड़े शुभचिंतक मुख्य न्यायमूर्ति को विदाई दे रहे हैं। आपने अधिवक्तओं को पार्किंग के लिए बहुमंजिला इमारत व एडवोकेट चेम्बर के लिए भूमि व मद मुहैया कराने का अविस्मरणीय कार्य किया है।

# 2 वाहन चोरों से 1 लाख के दो पहिया वाहन जब्त

**जबलपुर।** ओमती पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने कल रात वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाईक में घूम रहे एक संदेही को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर दो अलग-अलग स्थानों से एक स्कूटी व मोटरसाइकिल चुराने की बात बताई। पुलिस ने दो वाहन चोरों को



अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से एक लाख के दो दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। ओमती पुलिस ने बताया कि गत 3 मई को हाथीताल कालोनी गोरखपुर निवासी हेमलता पवार बंगाली क्लब करमचंद चौक में आयोजित लोक महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। इस दौरान किसी ने पार्किंग में रखी इनकी एक्टीवा स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस आर 2257 पार कर दी। दूसरी घटना में 6 मई को जयंती काम्पलेक्स के समीप एक एटीएम के सामने खड़ी अशरफुल मलिक की मोटरसाइकिल हीरो एच एफ डीलक्स क्रमांक एमपी 20 एनपी 3210 कोई चोरी कर ले गया। वाहन चुराने वालों की धरपकड़ के लिए लगाई वाहन चेकिंग के दौरान क्राइम ब्रांच व ओमती पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल चालक को रोका। उससे सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल के संबंध में पूछने पर कागज नहीं मिले। पूछताछ में आरोपी चालक ने अपना नाम हनुमानताल निवासी नंदकिशोर नामदेव बताया। आरोपी को थाने लाकर सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी जुनैद के साथ मिलकर उक्त मोटरसाइकिल जयंती काम्पलेक्स के पास से तथा एक एक्टीवा बंगाली क्लब की पार्किंग से चुराना बताया।

## प्रधानमंत्री आज देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन

# कटनी साउथ एवं श्रीधाम पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशनों में

**हरिभूमि जबलपुर।**

भारतीय रेल को देश की जीवन रेखा माना जाता है, और रेलवे स्टेशन किसी भी शहर की पहचान का केंद्र होते हैं। अधिकतर स्टेशन शहर के बीचोंबीच स्थित होते हैं, जहां आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां सजीव रहती हैं। इसलिए स्टेशनों का विकास केवल यात्री सुविधाओं तक सीमित नहीं रहकर, उन्हें स्थानीय विरासत और पहचान से जोड़ना ज़रूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 'अमृत काल में तेज़ विकास की दिशा पकड़ी है। उनकी प्रेरणा से भारतीय रेलवे ने 1300 से अधिक स्टेशनों के कायाकल्प की शुरुआत की, और अब 103 स्टेशनों का उद्घाटन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत होने जा रहा है। यह विकास की नई संस्कृति है, जिसमें



शिलान्यास से उद्घाटन तक का सफर रिकॉर्ड समय में पूरा हो रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे 1300 से अधिक स्टेशनों में जो 103 स्टेशन अभी बनकर तैयार हुए हैं, उनमें मध्य प्रदेश राज्य के छह स्टेशन - कटनी साउथ, श्रीधाम, नर्मदापुरम, शाजापुर, सिवनी और ओरछा शामिल हैं। 86 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित इन स्टेशनों में सौंदर्य, सुविधा और संस्कृति तीनों का समन्वय है। इन स्टेशनों पर भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक फसाड, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्म पर शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और सूचना के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए हैं। सभी सुविधाओं को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है। वहीं, हर स्टेशन पर मध्य प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और परंपराओं की झलक भी देखने को मिल रही है।

### कटनी साउथ रेलवे स्टेशन

कटनी साउथ रेलवे स्टेशन, जिसे अब आधुनिक सुविधाओं और सांस्कृतिक पहचान के साथ नया स्वरूप प्रदान किया गया है, ?12.88 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। पुनर्विकास कार्यों में स्टेशन भवन का नवनिर्माण, भव्य प्रवेश द्वार, विकसित प्रतीक्षालय, पर्याप्त टिकटिंग काउंटर, दिव्यांगजन अनुकूल शौचालय एवं रैम्प, दोनों ओर के हाई लेवल प्लेटफॉर्म पर कवर शेड्स शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण किया गया है और आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। कटनी साउथ स्टेशन अब सिर्फ एक रेलवे हब नहीं बल्कि आधुनिक भारत की झलक प्रस्तुत करता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस विकास से स्थानीय यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र गतिविधियों और सांस्कृतिक समृद्धि को भी गति मिलेगी।

### श्रीधाम रेलवे स्टेशन

श्रीधाम रेलवे स्टेशन अब आधुनिकता और परंपरा का संगम बन चुका है। 12.72 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित इस स्टेशन में यात्रियों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्मों का उच्चीकरण, विस्तारित छायादार क्षेत्र, सौंदर्यीकृत सर्कुलेटिंग एरिया, नव निर्मित प्रवेश द्वार, सुव्यवस्थित टिकट काउंटर और आधुनिक प्रतीक्षालय अब इस स्टेशन की पहचान बन चुके हैं। स्टेशन भवन के फासाड को भी आकर्षक और सांस्कृतिक रूप में नया डिजाइन दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए पुरुष एवं महिला शौचालयों के साथ-साथ दिव्यांगजन अनुकूल विशेष सुविधाएं, प्रतीक्षालय, द्वितीय श्रेणी वेटिंग हॉल और पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था की गई है। इससे न केवल यात्रा अनुभव बेहतर होगा, बल्कि लोगों को स्टेशन पर समय बिताना भी सुखद अनुभव प्रदान करेगा। यात्रियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है यह न केवल एक रेलवे स्टेशन का विकास है, बल्कि नरसिंहपुर जिले की सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक पहचान को नया आयाम देने वाला कदम भी है।

## दानापुर ट्रेन में महिला समेत 4 लुटेरों ने की वारदात

# जबलपुर स्टेशन के आउटर खड़ी ट्रेन में यात्रियों से लूटपाट

**जबलपुर।** मंगलवार देर रात जबलपुर रेलवे स्टेशन पर दो यात्रियों के साथ लूटपाट की घटना सामने आई है। पीड़ित यात्रियों पवन कुमार झा और रणधीर कुमार झा ने बताया कि वे बिहार के विंध्याचल के रहने वाले हैं और दानापुर स्टेशन से जनरल बोगी में सवार होकर मुंबई जा रहे थे।

मंगलवार की रात लगभग 10:30 बजे जब ट्रेन जबलपुर स्टेशन के आउटर पर रुकी थी, तभी एक महिला समेत चार लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनकी जेब से 7 हजार रुपये नकद और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ितों का आरोप है जब ट्रेन प्लेटफार्म पर पहुंची तो उन्होंने तुरंत जीआरपी के एक सिपाही को मामले की जानकारी दी, लेकिन सिपाही ने मदद करने के बजाय उन्हें भगा दिया। जिसके बाद पीड़ितों जीआरपी थाना में अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। जीआरपी पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## पारा 41 डिग्री पर, बूंदाबांदी की संभावना

# गर्मी बेकाबू, बादलों से उमस बढ़ी

**जबलपुर।** उफ ये गर्मी..! अब लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रही है, कभी तेज धूप तो कभी छांव का खेल चल रहा है। बदली छाने से उमस बढ़ रही है दोपहर में धूप चुभने लगी है रात में उमस हलाकान करती है। मौसम विभाग के मुताबिक स्थानीय बादलों के छाने से उमस बढ़ रही है। दोपहर में सड़कें सूनी हो जातीं हैं। कड़ी धूप की वजह से सड़कें सूनी होने लगी हैं। लोग धूप से बचने के टोपी, गमछा बांधकर निकल रहे हैं। गर्मी में सूखे कंठों को तर करने शीतल पेय पदार्थ कोल्ड ड्रिंक, गन्ने का रस, आम का पना, नारियल पानी की तरफ लोग आकर्षित हो रहे हैं। हालांकि मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोप से अगले 24 घंटों के दौरान वर्षा भी हो सकती है।



मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बादलों की बसाहट के बीच तापमान में उछाल बरकरार है। उमस भरी गर्मी जनजीवन प्रभावित है। आसमान पर बदली के छाने से उमस बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 41.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो 1 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 46 प्रतिशत और सायंकाल 33 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 41.08 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 44 डिग्री तापमान दमोह और दतिया जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी विक्षोप से जिले में कुछ स्थानों पर वर्षा की संभावना है। गत वर्ष आज का अधिकतम तापमान 41.8 और न्यूनतम तापमान 29.8 रहा।

## एक को भेजा गया केंद्रीय जेल

# शासकीय राशि के गबन के आरोप में दो पूर्व सरपंचों के विरुद्ध वारंट जारी

**जबलपुर।** न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा-92 के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की सुनवाई में दो पूर्व सरपंचों को जेल भेजने का वारंट जारी किया है। निर्माण कार्यों के लिये स्वीकृत राशि का गबन करने के दोषी इन पूर्व सरपंचों में से एक को गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल जबलपुर भेजा गया है।

जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय विहित प्राधिकारी द्वारा बीते लगभग दो माह के दौरान मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा- 92 के अंतर्गत दर्ज 45 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इनमें से 15 प्रकरणों में 10 लाख 30 हजार रुपये की वसूली राशि जमा कराई गई तथा आठ प्रकरणों में 13 लाख 17 हजार 694 रुपये से सीसी सड़क, अतिरिक्त कक्ष, पौधारोपण एवं चेकडेम निर्माण जैसे कार्यों को पूर्ण कराया गया। धारा-92 के शेष प्रकरणों में वसूली की राशि जमा करने दोषी व्यक्तियों को नोटिस जारी किये गये हैं।

जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय विहित प्राधिकारी जिला पंचायत द्वारा 4 लाख 71 हजार 702 रुपये की शासकीय राशि का गबन करने के दोषी जनपद पंचायत कुण्डेश्वरधाम की ग्राम पंचायत गौरी के पूर्व सरपंच संत कुमार चौधरी के विरुद्ध धारा-92 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। निर्माण कार्यों के लिये स्वीकृत इस राशि में भवन मरम्मत के लिये 58 हजार रुपये, नाली निर्माण के लिये 2 लाख 60 हजार 702 रुपये एवं बाउन्ड्रीवाल निर्माण के लिये 1 लाख 53 हजार रुपये की राशि शामिल थी। संत कुमार चौधरी द्वारा ग्राम पंचायत गौरी का सरपंच रहते स्वीकृत इस राशि को अपने खाते में जमा कर लिया गया था। पूर्व में हुई सुनवाई में संत कुमार को वसूली की यह राशि जमा करने का अवसर भी दिया गया, लेकिन समय सीमा के भीतर यह राशि जमा नहीं कराये जाने पर वारंट जारी कर उन्हें 20 मई को केंद्रीय जेल जबलपुर भेज दिया गया।

इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत पौडीकला के पूर्व सरपंच रामचरण बर्मन के विरुद्ध भी न्यायालय विहित प्राधिकारी जिला पंचायत द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। रामचरण पर सरपंच के कार्यकाल के दौरान प्राथमिक शाला पौडीखुर्द के लिये स्वीकृत 20 हजार रुपये का गबन के आरोप थे। विहित प्राधिकारी द्वारा उनके विरूद्ध पूर्व में वसूली का आदेश पारित कर 20 मई को प्रकरण की अगली सुनवाई की तारीख तय की गई थी। लेकिन, इस नियत सुनवाई में न तो रामचरण बर्मन उपस्थित हुये और न ही उनके द्वारा वसूली राशि जमा की गई। पूर्व की नियत सुनवाई में सूचना दिये जाने के बावजूद भी वे लगातार अनुपस्थित रहे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240